RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 128
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





श्रीलंका से दूसरा टेस्ट भी भारत ने जीता
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# देश में 12-14 वर्ष के बच्चों को कल से लगेगी वैक्सीन

● बच्चों को दी जाएगी स्वदेशी विकसित कोर्बेवैक्स टीके की खुराक

● 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग लगवा सकते हैं एहतियाती टीका



नवी मुंबई में कोरोनारोधी टीका लगवाती एक महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**लोगों को** कोविड से सुरक्षा प्रदान करने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने अब 12 से 14 वर्ष के बच्चों को टीका लगाने का फैसला लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि देशभर में इस समूह के लिए कोविड-19 रोधी टीकाकरण 16 मार्च से शुरू होगा। बच्चों को कोर्बेवैक्स टीके की खुराक दी जाएगी। साथ ही 60 से अधिक आयु के सभी लोग अब एहतियाती खुराक ले पाएंगे। इस वर्ग के लिए सह-रोग वाली शर्त हटा ली गई है। मांडविया ने ट्वीट कर कहा कि बच्चे सुरक्षित तो देश सुरक्षित। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि 16 मार्च से 12 से 13 तथा 13 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का कोविड-19 रोधी टीकाकरण शुरू हो रहा है। मेरा बच्चों एवं उनके परिजन तथा 60 से अधिक आयु के लोगों से आग्रह है वे टीका जरूर लगवाएं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने वैज्ञानिक निकायों के साथ विचार-विमर्श के बाद 12-13 वर्ष और 13-14 वर्ष आयुवर्ग के (2008 से 2010 के बीच जन्मे बच्चों के लिए कोविड-19 रोधी टीकाकरण शुरू करने का निर्णय किया है।रिपोर्ट के अनुसार कोर्बेवैक्स टीका हैदराबाद स्थित बायोलॉजिकल इवांस द्वारा निर्मित किया गया है। इस वैक्सीन को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से बीते 21 फरवरी को बच्चों और 12 से 18 आयु वर्ग के किशोरों पर लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। कोर्बेवैक्स एक प्रोटीन सबयूनिट वैक्सीन है। जब इस वैक्सीन को आपातकालीन उपयोग की अनुमति मिली थी तब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने इसे भारत की पहली स्वदेशी विकसित आरबीडी प्रोटीन सबयूनिट वैक्सीन करार दिया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नए आयु वर्ग के करीब 7.11 करोड़ बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ने केंद्र को कोर्बेवैक्स की पांच करोड़ खुराक की आपूर्ति की है और टीके राज्यों को वितरित किए गए हैं। केंद्र ने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को एहतियातन खुराकें देने के लिए विभिन्न गंभीर रोगों से ग्रस्त होने से संबंधित खंड को हटा दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि इसलिए, 16 मार्च 2022 से 60 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी कोविड-19 वैक्सीन की एहतियाती खुराक के लिए पात्र होगी।

## कोरोना संक्रमण और मौतों की संख्या में लगातार गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के दैनिक मामलों में गिरावट आई है और पिछले 24 घंटे में 2,503 लोग संक्रमित पाए गए हैं जो 680 दिनों में सबसे कम हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 36,168 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, इन नए मामलों के साथ कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,29,93,494 हो गए हैं। तीन मई 2020 को संक्रमण के 2,487 मामले आए थे। साथ ही 27 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,15,877 हो गई है। भारत में 36,168 लोग महामारी का इलाज करा रहे हैं जो 675 दिनों में सबसे कम संख्या है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.08 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.72 प्रतिशत है। ( शेष पेज 9 )

# विधानसभा अध्यक्ष पर भड़के नीतीश

● जांच के तरीके पर सवाल उठाने से नाराज हुए बिहार के मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना




पटना में बजट सत्र में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा पहुंचे

**बिहार विधानसभा** में सोमवार को उस समय विकट स्थिति पैदा हो गई, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा के बीच इस बात को लेकर तीखी नोकझोंक हुई कि क्या सरकार द्वारा जांच किए जा रहे मामले जिसे विशेषाधिकार समिति को भी भेजा गया हो, को सदन के पटल पर बार-बार उठाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अपना आक्रोश तब व्यक्त किया जब विधानसभा अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री बिजेंद्र यादव से सदन को कुछ दिनों के बाद यह बताने को कहा कि लखीसराय में एक घटना के संबंध में क्या कार्वाई की गई। लखीसराय सिन्हा का विधानसभा क्षेत्र भी है। कुमार ने कहा, मंत्री को सरकार की ओर से जवाब देने के लिए अधिकृत किया गया है। जब उन्होंने बताया है कि जांच चल रही है, तो आप उन्हें परसों एक नए उत्तर के साथ आने के लिए कहते हैं। यह नियमों के खिलाफ है। कृपया संविधान देखें। सदन की विशेषाधिकार समिति ने पुलिस महानिदेशक को विधानसभा अध्यक्ष के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर लखीसराय के एक पुलिस उपाधीक्षक और संबंधित थाने के प्रभारी के खिलाफ जांच कराने का निर्देश दिया था। जांच को लेकर विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के बीच नोकझोंक को कुछ लोगों द्वारा जद (यू) और भाजपा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के प्रतिबिंब के रूप में भी देखा जा रहा है। जद(यू) का नेतृत्व कुमार करते हैं और विधानसभा अध्यक्ष सिन्हा सहयोगी भाजपा से आते हैं।

कुमार ने कहा कि ऐसे मामलों में कार्वाई करना सरकार और पुलिस का काम है। उन्होंने कहा कि जांच की रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश की जानी है। कुमार ने कहा, क्या सदन को मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार है? मैं मुख्यमंत्री के रूप में अपना चौथा कार्यकाल पूरा कर रहा हूं। मैं भी एक बार विधानसभा का सदस्य था। मैंने ऐसी प्रक्रियात्मक विसंगति कभी नहीं देखी। कृपया इस तरह से सदन न चलाएं। सिन्हा ने मुख्यमंत्री के ज्ञान और अनुभव के लिए अपने सम्मान का जिक्र करते हुए कुमार को शांत करते हुए अपनी बात रखनी शुरू की और कहा कि मुख्यमंत्री का समर्थन ही था जिसने इस पद पर पहुंचने में मेरी मदद की। विधानसभा अध्यक्ष ने अनुरोध किया, लेकिन कृपया मेरी मुश्किल स्थिति को समझें। विशेषाधिकार समिति को भेजे जाने के बाद शुरू में मैंने इस मामले में कोई चर्चा नहीं करने की कोशिश की थी। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने बार-बार हंगामा किया। आखिरकार, मुझे सदन का संरक्षक माना जाता है। उल्लेखनीय है कि लखीसराय में शराबबंदी कानून के उल्लंघन के आरोप में कई लोगों की कथित रूप से गलत तरीके से गिरफ्तारी को लेकर सिन्हा का गुस्सा पिछले महीने सुर्खियों में था। विधानसभा अध्यक्ष के यह कहने के बाद मुख्यमंत्री फिर से अपने स्थान पर खड़े हुए और कहा, मैं आज ही मामले में हुई प्रगति के बारे में पता करूंगा। समिति ने जो भी सिफारिशें की हैं, उस पर सरकार गौर करेगी। लेकिन इस मामले पर बार-बार सदन के पटल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए।

# एयरपोर्ट के अंदर कृपाण रख सकेंगे सिख कर्मी

**भाषा।** नई दिल्ली

**विमानन सुरक्षा** नियामक बीसीएएस ने विमानन क्षेत्र के सिख कर्मचारियों को हवाईअड्डा परिसर के भीतर व्यक्तिगत रूप से कृपाण ले जाने की अनुमति दी है। एक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई।

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के चार मार्च के उस आदेश की प्रमुख सिख निकाय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी(एसजीपीसी) की निंदा की थी, जिसके तहत सिख विमानन क्षेत्र के कर्मचारियों को किसी भी भारतीय हवाई अड्डे के परिसर में व्यक्तिगत तौर पर कृपाण ले जाने से प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद बीसीएएस ने 12 मार्च को इस प्रतिबंध को खत्म कर दिया।

सिख धर्म मानने वाले लोग कृपाण धारण करते हैं। बीसीएएस ने चार मार्च के अपने आदेश में कहा, कृपाण केवल सिख यात्री व्यक्तिगत तौर पर ले जा सकता है, बशर्ते उसके फलक की लंबाई छह इंच से अधिक न हो और कुल लंबाई नौ इंच से अधिक न हो। इसमें कहा गया था कि भारत के भीतर भारतीय विमानों में हवाई यात्रा करते समय कृपाण रखने की अनुमति है। इसमें कहा गया, यह अपवाद केवल सिख यात्रियों के लिए होगा जैसा कि ऊपर उल्लेखित है। और, किसी भी हितधारक या उसके कर्मचारी को हवाई अड्डे पर (सिख सहित) और किसी भी टर्मिनल, घरेलू या अंतरराष्ट्रीय में काम करने के लिए, व्यक्तिगत रूप से कृपाण ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने नौ मार्च को नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिख कर कहा कि चार मार्च का आदेश सिख अधिकारों पर हमला था। इसके बाद 12 मार्च को बीसीएएस ने चार मार्च के आदेश को शुद्धिपत्र जारी किया। शुद्धिपत्र ने उस अनुच्छेद को हटा दिया जिसमें सिख कर्मचारियों के किसी भी हवाई अड्डे पर कृपाण लाने पर रोक लगाई गई थी।

# नेता चयन के लिए शाह उप्र और राजनाथ उत्तराखंड के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे

● निर्मला सीतारमण मणिपुर और नरेंद्र सिंह तोमर गोवा के लिए होंगे भाजपा के पर्यवेक्षक

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भेंट करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**भारतीय जनता** पार्टी के संसदीय बोर्ड ने सोमवार को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्रियों क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नरेंद्र सिंह तोमर को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। पार्टी ने इन चारों राज्यों में चार सह पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। ज्ञात हो कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा ने इन चारों राज्यों में फिर से सत्ता में वापसी की है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पर्यवेक्षक तथा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उत्तराखंड के लिए पार्टी ने राजनाथ सिंह को पर्यवेक्षक तथा केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उत्तराखंड में भाजपा ने सत्ता ने वापसी तो कर ली, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हार ( शेष पेज 9 )

## योगी ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ की बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली से लौटने के बाद सोमवार शाम भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के विधान परिषद सदस्यों के आगामी चुनाव समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन प्रभारी राधामोहन सिंह तथा महामंत्री सुनील बंसल भी मौजूद थे। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होली के बाद अगले हफ्ते आयोजित कराया ( शेष पेज 9 )

## एनएसई की सीईओ चित्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली की** एक अदालत ने को-लोकेशन घोटाला मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व महाप्रबंधक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने रामकृष्ण को 28 मार्च को भौतिक रूप से अदालत में पेश होने का आदेश दिया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सात दिन की हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया था और न्यायिक हिरासत की अपील की थी। जांच एजेंसी ने छह मार्च को रामकृष्ण को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले अदालत ने अग्रिम जमानत की उनकी अर्जी खारिज कर दी थी। सीबीआई ने हाल में इस मामले में रामकृष्ण से पूछताछ की थी। आयकर (आईटी) विभाग ने पहले मुंबई और फिर चेन्नई में रामकृष्ण से जुड़े विभिन्न परिसरों पर छापा मारा था। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज में अनियमितताओं के ( शेष पेज 9 )

# जम्मू-कश्मीर परिसीमन रिपोर्ट पेश, 21 तक दें सकेंगे सुझाव

● लोकसभा क्षेत्रों की संख्या पांच ही, जबकि विधानसभा सीटों को 83 से बढ़ाकर 90 करने का प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर परिसीमन** आयोग ने विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों का नए सिरे से निर्धारण करने संबंधी अपनी रिपोर्ट सोमवार को सार्वजनिक करते हुए 21 मार्च तक आपत्तियां और सुझाव देने को कहा है। आयोग ने भारत और जम्मू-कश्मीर के राजपत्रों में प्रकाशित अपनी अंतिम रिपोर्ट में लोकसभा क्षेत्रों की संख्या पांच ही रखने जबकि विधानसभा सीटों की संख्या वर्तमान 83 से बढ़ाकर 90 करने का प्रस्ताव रखा है। रिपोर्ट में जम्मू में विधानसभा की छह और कश्मीर में एक सीट बढ़ाने का प्रस्ताव है। सोमवार को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित विस्तृत प्रस्ताव में आयोग के पांच सहयोगी सदस्यों में से चार सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित दो असहमति नोट भी शामिल हैं। इन असहमति प्रस्तावों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीन लोकसभा सांसदों फारूक अब्दुल्ला, हसनैन मसूदी तथा मोहम्मद अकबर लोन और भाजपा सांसद जुगल किशोर के हस्ताक्षर हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह आयोग के छठे सहयोगी सदस्य हैं। आयोग के सचिव के. एन. भर ने अधिसूचना में कहा कि आयोग इस संबंध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करता है। अधिसूचना के अनुसार प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति और सुझाव 21 मार्च को या उससे पहले सचिव, परिसीमन आयोग कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि आयोग इन (सुझावों) पर 28 और 29 मार्च को केंद्र शासित प्रदेश में सार्वजनिक बैठकों के दौरान विचार करेगा। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त बैठकों का स्थान और समय अलग से अधिसूचित किया जाएगा। राजपत्र की ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,550 | |
| निफ्टी | 16,630 | |
| सोना | 53,033 | /10g |
| चांदी | 70,449 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली दंगा केस में पूर्व पार्षद इशरत जहां को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2020 के दिल्ली दंगा मामले से जुड़े व्यापक साजिश मामले में सोमवार को कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने यह महत्वपूर्ण जमानत आदेश पारित किया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों के लिए मुख्य साजिशकर्ता के रूप में भूमिका निभाने के आरोप में इशरत समेत कई अन्य समाजव विरोधी लोगों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले, इशरत जहां को शादी के लिए जून 2020 में 10 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी।

# यूक्रेन में रूसी हमलों के बीच दोनों पक्षों ने वार्ता की

**एपी।** ल्वीव

**यूक्रेन की** राजधानी कीव और अन्य शहरों पर हमलों के बीच रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों ने सोमवार को एक और दौर की वार्ता की। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोदोल्याक ने कहा है कि रूस के साथ शांति वार्ता आज खत्म हुई लेकिन मंगलवार को यह फिर शुरू होगी। बेलारूस की सीमा पर तीन बार वार्ता विफल होने के बाद दोनों देशों ने 10 मार्च को पहली बार वीडियो लिंक के जरिए बातचीत की थी। पोदोल्याक ने ट्वीट किया, कल तक के लिए बातचीत को विराम दिया गया है। अतिरिक्त कामकाज के लिए यह किया गया। वार्ता जारी रहेगी। रेडक्रॉस ने कहा कि यूक्रेनवासियों के लिए रूस युद्ध दु:स्वप्न से कम नहीं है। रेडक्रॉस के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा ( शेष पेज 9 )



## चीन से सैन्य मदद मांग रहा रूस : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि रूस ने चीन से यूक्रेन पर हमले में इस्तेमाल करने के लिए सैन्य उपकरण मांगे हैं। उसके इस अनुरोध ने अमेरिका के शीर्ष सहायकों और चीन की सरकार के बीच रोम में सोमवार को हो रही बैठक के मद्देनजर युद्ध को लेकर तनाव बढ़ा दिया है। ( शेष पेज 9 )

# यूक्रेन से लौटे छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग लोस में उठी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** के कई सदस्यों ने यूक्रेन से लौटे भारतीय छात्रों से जुड़ा विषय सोमवार को सदन में उठाया और सरकार से आग्रह किया कि इन छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए समग्र नीति बनाई जाए। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के मिथुन रेड्डी, कांग्रेस के राजमोहन उन्नीथन, अब्दुल खालिक और कुछ अन्य सदस्यों ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन से लौटे भारतीय छात्रों का विषय लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। मिथुन रेड्डी ने कहा कि यूक्रेन से लौटे बहुत सारे छात्र सामान्य परिवारों के हैं जिन्हें देश के मेडिकल कॉलेजों में समाहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई के शुल्क को कम किया जाए और नए मेडिकल कॉलेज बनाए जाएं। कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई का नुकसान हुआ है और वे अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समग्र नीति बने और उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि दुनिया भर में हर ( शेष पेज 9 )

## यूक्रेन से लौटे छात्रों को डॉक्टर बनाने के लिए हर संभव व्यवस्था करेगी सरकारः प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में कहा कि यूक्रेन में हमलों के बीच वहां से वापस लाए गए भारतीय छात्रों को डॉक्टर बनाने के लिए भारत सरकार हरसंभव व्यवस्था करेगी। प्रश्नकाल में कांग्रेस के गौरव गोगोई के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान ने यह बात कही। गोगोई ने पूछा था कि यूक्रेन संकट के कारण वहां मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़कर लौटे छात्रों के लिए क्या सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर या अन्य प्रयास करेगी जिससे उनका भविष्य अंधकार में नहीं रहे। प्रधान ने कहा, जब उन्हें (छात्रों को) ले आए हैं तो भारत सरकार सामूहिक रूप से उन्हें डॉक्टर बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जरूरत होगी, उसकी चिंता करेगी। आप आश्वस्त रहिए। हम सभी लोग उसी में लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि फिलहाल यह समय तो संकट से सुरक्षित लौटे छात्रों को संभालने का, उन्हें दहशत से बाहर निकालने का है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सांसद गोगोई को यूक्रेन के छात्रों के बारे में प्रश्न पूछते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन गंगा के लिए बधाई भी देनी चाहिए थी।

## यूक्रेन संकट पर विदेश मंत्री आज रास में देंगे बयान

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और वहां से भारतीयों को सुरक्षित निकाले जाने के मुद्दों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को राज्यसभा में बयान देंगे। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्हें कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ वी शिवदासन के नोटिस मिले हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन की स्थिति पर संबंधित मंत्री कल (मंगलवार को) सदन में बयान देंगे। इस बीच, विभिन्न दलों के सदस्यों ने यूक्रेन से सुरक्षित लौटे छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताई।

## टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन को मिली एयर इंडिया की कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टाटा संस** के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को एयर इंडिया का प्रमुख (चेयरमैन) नियुक्त किया गया है। नागर विमानन सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। टाटा समूह ने पिछले साल आठ अक्टूबर को कर्ज के बोझ से दबी सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एयर इंडिया के अधिग्रहण की बोली जीती थी। समूह ने यह अधिग्रहण 18,000 करोड़ रुपए में किया है। हालांकि, टाटा संस ने अभी तक एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन के बोर्ड ने पिछले सप्ताह चेयरमैन के रूप में चंद्रशेखरन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी थी। समूह ने 14 फरवरी को तुर्की की एयरलाइन के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी के एयर इंडिया का सीईओ एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की थी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 मार्च 2022



# 44 बिल्डरों की 380 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी होगी नीलाम

## नोएडा के इतिहास में बिल्डरों पर सबसे बड़ी कार्रवाई





● जिला प्रशासन इसी माह करेगा पहली ई-नीलामी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रदेश सरकार ने बिल्डरों की कुर्क की गई संपत्ति की ई-नीलामी करने का निर्णय लिया है। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने जिलाधिकारी सुहास एलवाई को दी है। शासन से आदेश मिलने के बाद प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शासनादेश मिलने के बाद प्रशासन बिल्डरों कि कुर्क की गई 380 करोड़ रुपए की संपत्ति की ई-नीलामी करेगा। प्रशासन इस प्रक्रिया को नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ मिलकर पूरी करेगा। प्रशासन ने पहली ई-नीलामी करने का लक्ष्य मार्च में रखा है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) का काफी पैसा फंसा हुआ है। यूपी रेरा के रिकवरी सर्टिफि केट (आरसी) के करीब 1400 करोड़ रुपए फं से हुए हैं। साथ ही जिला प्रशासन के पास 600 करोड़ रुपए से अधिक की आरसी है।

इसी के साथ जिला प्रशासन बकाया वसूल करने की पूरी कोशिश कर रहा है, लेकिन जिला प्रशासन को बिल्डरों से पैसा वसूलने में कोई सफलता नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण प्रशासन ने बिल्डरों की संपत्ति को कुर्क करने का निर्णय लिया। जिस पर कार्रवाई करते हुए दादरी तहसीलदार की टीम ने बिल्डरों की 400 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। इसमें से 380 करोड़ रुपए की संपत्ति की ई-नीलामी की जाएगी। अभी तक ई-नीलामी ना होने की वजह से प्रशासन का बकाया अटका हुआ है जिससे प्रशासन को काफी नुकसान हो रहा है।

प्रशासन के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने नीलामी की मंजूरी दे दी थी। जिससे उम्मीद है कि देश के सभी कोने में बैठे लोग ई-नीलामी के जरिए हिस्सा ले सकेंगे। लेकिन अभी तक इसकी जिम्मेदारी किस को सौंपी जाए इसका निर्णय नहीं लिया गया था। अब प्रदेश सरकार ने ई-नीलामी की जिम्मेदारी गौतमबुद्ध नगर जिले के जिलाधिकारी सुहास एलवाई को दी है।

प्रशासन ने मार्च में पहली ई-नीलामी करने का लक्ष्य रखा है। जिसमें 380 करोड़ रुपए की संपत्ति ई-नीलामी की जाएगी। दोनों प्राधिकरण के साथ मिलकर नीलामी की प्रक्रिया का एक ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। जिसमें कुछ नियम और शर्तें शामिल होंगी।

इसी के साथ दादरी और सदर तहसील की टीम ने फि लहाल 44 बिल्डरों की 309 संपत्ति को कुर्क कर लिया है। इस कुर्क की गई संपत्ति में फ्लैट, विला और भूखंड आदि शामिल हैं। जिसकी कीमत 380 करोड़ रुपए है। जिसकी ई-नीलामी की जाएगी। साथ ही इन ई-नीलामी करने के बाद खरीदारों के पैसे मिल सकेंगे। इसी मकसद के साथ प्रशासन इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासन ने मार्च में पहली ई-नीलामी करने का लक्ष्य रखा है।


### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनीश कुमार सक्सेना/ कामिनी देवी सक्सेना/ LBLUC00002364214 | फ्लैट नंबर- टी1/1503, फ्लोर-15, टावर-1, सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नंबर- जी एच -1 सी, सेक्टर- 168, नोएडा एक्सप्रेसवे, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 10 मार्च 2022 | जून 24, 2021 ₹ 1,02,94,693/- | लखनऊ/ दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 15, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेटस एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLCHD00238417 1. जय प्रकाश 2. संजय कुमार | प्लॉट 543, क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, चंडीगढ़ रॉयल सिटी, गांव कराला, तहसील डेराबस्सी, मोहाली, पंजाब – 160062 | 06.04.2021 | रु. 3,24,764.35/- (तीन लाख चौबीस हजार सात सौ चौंसठ रुपये और पैंतीस पैसे मात्र) 24.11.2021 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते एडलवाइज एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
(ट्रस्टी ईएआरसी ट्रस्ट एससी - 432)
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान: मोहाली/पंचकुला/झज्जर



### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चंद्रशेखर/ शकुंतला/ LBNOD00002954935 | फ्लैट नंबर-211, पहली मंजिल, टाइप- हेरिटेज, शिवकला लग्जरी अप्पार्टमेंट्स- II, प्लॉट नंबर-डी-19 सेक्टर-51 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ मार्च 10,2022 | जून 16, 2021 ₹ 42,12,599/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मनोज कुमार/ अंशुल शर्मा/ LBGHZ00004861411/ LBGHZ00005341948 | यूनिट नंबर बी -607, टॉवर-बी, 7वीं मंजिल, (छत के अधिकार के बिना) अजनारा होम, प्लॉट नंबर-जीएच 03, सेक्टर -16 बी ग्रेटर नोएडा, यूपी, नोएडा/ 10 मार्च, 2022 | अगस्त 30, 2021 ₹ 18,35,449/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रवि कुमार भोला/ विमला देवी/ LBDEL00004554134/ LBDEL00005191570 | एमपीएल नंबर 219/9, संपत्ति का हिस्सा नंबर 2/219, सेक्टर -02, योजना संख्या 10, माधवपुरम आवासीय योजना, मेरठ/ 10 मार्च, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 23,64,318/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 15, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत, चार घायल

## बिजली के खंभे से टकराई कार, गाजियाबाद से पार्टी कर लौट रहे थे ग्रेटर नोएडा

● हादसे में साइकिल सवार भी हुआ जख्मी



सूरजपुर पुलिस लाइन के पास सड़क किनारे खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन के पास हुए एक सड़क हादसे में 2 इंजीनियरिंग के छात्रों की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र जनपद गाजियाबाद से पार्टी करके ग्रेटर नोएडा लौट रहे थे। वहीं, जनपद में विभिन्न सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाले 6 इंजीनियरिंग के छात्र रविवार रात को गाजियाबाद में पार्टी करने गये थे। पार्टी करके वे कार में सवार होकर ग्रेटर नोएडा लौट रहे थे। तेज गति से जा रही उनकी कार अनियंत्रित होकर सूरजपुर पुलिस लाइन के पास बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली की खंभा भी टूट गया। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे से टकराने से पूर्व वहां से गुजर रहे एक साइकिल चालक को भी कार ने टक्कर मार दी। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि इस घटना में कार में सवार 6 छात्र और साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ और कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

वहां पर डॉक्टरों ने दीपक राय पुत्र गुप्तेश्वर राय निवासी सहतवार जनपद बलिया और पुष्पेंद्र उर्फ मनवीर निवासी बिजनौर जनपद को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इनमें से 2 की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेटी की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला पिता गिरफ्तार

**नोएडा।** जिले में एक घिनौनी वारदात सामने आई है। एक बाप ने ही अपनी बेटी की अश्लील फ ोटो खींचकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया है। इस मामले में पीड़ित बेटी की मां ने पुलिस में लिखित शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी व्यक्ति पीड़िता का सोतेला बाप है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-126 में एक महिला अपने एक बेटे और एक बेटी के साथ रहती है। उसकी शादी करीब 10 साल पहले संजीव नामक एक शख्स से हुई थी। महिला ने बताया कि संजीव से शादी करने से पहले भी उसका एक और पति था। जिसके बाद उसने संजीव से शादी की। उसके पहले पति से एक बेटा और एक बेटी है। कुछ समय पहले महिला ने अपने दूसरे पति के खिलाफ भी शिकायत दी थी।

# खाते से पैसे निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## पेट्रोल डलवाने आए ग्राहकों का एटीएम कार्ड हैक कर करते थे वारदात

● गैंग में पेट्रोल पंप पर काम करने वाला एक कर्मचारी भी था शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने वाले लोगों के एटीएम कार्ड को हैक करके उसका क्लोन बनाकर उनके खाते से पैसे निकाल लेता था। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनके तीन साथी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाला कर्मचारी है।

बीटा-2 के थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सोमवार को पुलिस ने आरोपी तरुण, विकास तथा पंकज को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि तरुण एच्छर गांव स्थित पेट्रोल पंप पर काम करता था। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने वाले लोग जब भुगतान करने के लिए सेल्समैन को अपना एटीएम कार्ड देते तो आरोपी अपने पास रखी स्कैनर मशीन से एटीएम कार्ड को स्कैन कर लेते और उसकी सहायता से एटीएम का क्लोन बना लेते थे।

इतना ही नहीं, आरोपी पीड़ित द्वारा भुगतान करते समय एटीएम कार्ड का पिन कोड भी हासिल कर लेते थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि एटीएम कार्ड का क्लोन बनाने के बाद ठग मुंबई, महाराष्ट्र और कोलकाता में रहने वाले अपने दोस्तों के माध्यम से पीड़ितों के खाते से पैसा निकाल लेते थे। उन्होंने बताया कि गिरोह के तीन लोग अभी फरार हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर सेल्समैन के रूप में इस तरह के ठग कार्यरत हैं, जो आम लोगों के एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार कर उनके खाते से पैसे निकाल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



सोमवार को दिल्ली के यूपी सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शॉल ओढ़ाकर जीत की बधाई देते यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा।

### मुख्यमंत्री को दी जीत की बधाई

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पी एन अरोड़ा ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ को दिल्ली स्थित उत्तर प्रदेश सदन में मिलकर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत पर हार्दिक बधाई दी और शॉल उढ़ाकर उनका सम्मान किया। डॉ पी एन अरोड़ा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी के बारे में योगी आदित्यनाथ से विस्तार में चर्चा हुई।

### खोड़ा में महिला से की छेड़खानी

**गाजियाबाद।** जिले के खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ करने और उसे फ्लैट पर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरापुरम के क्षेत्राधिकारी ने बताया कि एक 28 वर्षीय महिला ने शिकायत दी कि संडे बाजार में उसे कुछ लड़कों ने बाइक पर बैठा लिया और किसी फ्लैट पर ले गए, जहां पहले से ही दो लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि महिला के अनुसार, वह फ्लैट से मुश्किल से बचकर आ गई। एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### मनचले से परेशान होकर नर्स ने की खुदकुशी

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में एक मनचले से तंग आकर निजी अस्पताल की नर्स ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नर्स मूलरूप से अमरोहा जिले की रहने वाली थी। आरोप है कि एक युवक नर्स को कई महीनों से परेशान कर रहा था। शुक्रवार सुबह घटना का पता चलने पर परिजन गाजियाबाद पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**नोएडा।** बादलपुर इलाके के औद्योगिक क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बादलपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बादलपुर में छपरौला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार रात को 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों की सहायता से पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

# बीटेक के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की शिप्रा नियो सोसायटी में सोमवार सुबह करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र की ऊपरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बैक पेपर आने की वजह से आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। शिप्रा नियो सोसायटी में सोमवार सुबह एक युवक कारों की सफाई कर रहा था। सुबह करीब 10 बजे उसने सी ब्लाक की ओर जमीन पर किसी भारी चीज के गिरने की आवाज सुनी।

आनन-फानन वह आवाज की दिशा की ओर दौड़ा। जहां उसने एक युवक को औंधे मुंह खून से लथपथ पड़ा देखा जिसके बाद उसने शोर मचाया। मामले की इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

# ओमैक्स बिल्डर के ठिकानों पर आयकर का छापा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ओमैक्स बिल्डर के ठिकानों पर इनकमटैक्स का छापा पड़ा है जो सोमवार सुबह से जारी है। बिल्डर के नोएड़ा, फ रीदाबाद, गुरुग्राम और दिल्ली में स्थित तमाम ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। नोएड़ा के सेक्टर 93-बी में स्थित द फारेस्ट सपा सोसाइटी में कार्रवाई जारी है।

आईटी की रेड इस सोसाइटी में इस कारण पड़ी है क्योंकि ओमैक्स के सीएफओ यहां रहते हैं। कंपनी के करीब 28 ठिकानों पर सोमवार सुबह से छापेमारी जारी है।



सोमवार को सेक्टर 93-बी स्थित द फारेस्ट सपा सोसाइटी में छापेमारी करने पहुंची आयकार विभाग की टीम।

आपको बता दें कि ओमैक्स बिल्डर के प्रोजेक्ट देशभर के करीब 20 शहरों में फैले हुए हैं। इनमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, देहरादून, लखनऊ और चंडीगढ़ शामिल हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक इन सारे स्थानों पर आयकर विभाग की एक साथ छापेमारी हुई है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की करीब 30 टीमों ने सोमवार की सुबह बिल्डर के घर, कॉरपोरेट ऑफि स और प्रोजेक्ट ऑफि स पर छानबीन शुरू की है। अभी आयकर विभाग और कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कंपनी के निदेशकों और जिम्मेदार अफ्सरों से संपर्क करने की कोशिश की गई है, लेकिन सभी के मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हैं।

# दो महिलाओं से सोने की चेन झपटकर बदमाश फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बाइक सवार लुटेरों ने इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर दो महिलाओं की सोने की चेन लूट ली। दोनों महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की। एक वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वसुंधरा सेक्टर-11 में रचना धीमान सोमवार दोपहर करीब 12:15 बजे बेटी और बेटे को स्कूल से लेने वसुंधरा सेक्टर-12 पहुंचीं। वहां रास्ते में लकी प्लाजा के पास बच्चों के लिए चिप्स खरीदने लगीं। इस दौरान पल्सर सवार दो लुटेरों ने रचना के गले से सोने की चेन लूट ली। उन्होंने शोर मचाया लेकिन लुटेरे फर्राटा भरते हुए फरार हो गए। उनके गले में चोट भी आई।

वहीं, वसुंधरा सेक्टर-पांच में अंजू सिंह घर के बाहर बच्चों को टहला रही थीं। इस दौरान बाइक सवार एक लुटेरे ने उनके गले से सोने की चेन लूट ली। मनोज ने इंदिरापुरम कोतवाली में शिकायत दी।

## एमएलसी चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासन

**गाजियाबाद।** विधानसभा चुनावों के बाद अब जिला प्रशासन एमएलसी चुनाव की तैयारी में जुट गया है। विधान परिषद के चुनाव को लेकर आचार सहिता फिर लागू कर दी गई है। एमएलसी चुनाव के लिए 15 मार्च को नामांकन होंगे। 19 मार्च तक नामांकन किया जाएंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच 21 मार्च को होगी और नाम वापसी का अंतिम दिन 23 मार्च को होगा। एमएलसी चुनावों के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा व इसकी मतगणना 12 अप्रैल को होगी। गाजियाबाद, हापुड, मेरठ, बुलंदशहर जिले मिलाकर एक एमएलसी पद के लिए चुनाव होगा। नामांकन प्रक्रिया मंडल स्तर पर मेरठ में की जाएगी।

# नोएडा में ट्रैफिक जाम से जल्द मिलेगी लोगों को निजात

## जनपद में पांच परियोजनाओं पर तीनों प्राधिकरणों का चल रहा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले लाखों लोगों के लिए खास खबर है। दोनों विकास प्राधिकरण 5 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जो आम शहरी की जिंदगी आसान बनाएंगे। इन परियोजनाओं पर अथॉरिटी सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर रही हैं। इन दोनों शहरों में सबसे बड़ा टास्क ट्रैफिक सिस्टम को चलायमान रखना है। फिलहाल दोनों शहरों के कुछ हिस्सों में ट्रैफिक जाम का झंझट है, जिसे यह प्रोजेक्ट खत्म कर देंगे।

अगाहपुर से नोएडा स्पेशल इकोनामिक जोन के बीच 4.5 किलोमीटर लम्बी एलिवेटड रोड बनाई जा रही है। यह नोएडा शहर की दूसरी एलिवेटेड रोड है। नोएडा अथॉरिटी के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि 468 करोड़ रुपये की लागत से यह एलिवेटेड रोड बनाई जा रही है। इस प्रॉजेक्ट पर जून 2020 में निर्माण शुरू किया गया था जो इस साल के आखिर तक पूरा हो जाएगा। राजीव त्यागी ने आगे कहा, एलिवेटेड रोड नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन बेहद आसान बना देगी। डिजाइन के मुताबिक चार लूप बनेंगे। यह लूप कई सेक्टर और गांव वालों को दिल्ली और एनएसईजेड के बीच का रास्ता आसान करेंगे। दो दिन पहले नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने इस परियोजना का मौके पर जाकर मुआयना किया था। बोटैनिकल गार्डन से सिटी सेंटर होते हुए सेक्टर-71 चौराहे से आगे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर जाना अभी समस्या भरा है। इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहन होकर गुजरते हैं। यह रास्ता नोएडा, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद को आपस में जोड़ता है।



फाइल फोटो

सेक्टर-71 चौराहे को ट्रैफिक सिग्नल मुक्त कर दिया गया है। यहां अंडरपास बन चुका है। अब पर्थला गोल चक्कर पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए 600 मीटर लम्बा और 6 लेन चौड़ा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाईओवर नोएडा अथॉरिटी बनवा रही है। इसका निर्माण कार्य करीब 45प्रतिशत पूरा हो गया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ चौक पर दिन भर वाहन रेंगते रहते हैं। सुबह और शाम के व्यस्त घंटों में तो हालत खराब हो जाती है। जिससे कई-कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो रुपए प्रति यूनिट की दर से चार्ज होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

## राजधानी में 27 जून तक 500 चार्जिंग प्वाइंट वाले 100 स्टेशन बनेंगे

● अन्य राज्यों में 10 से 15 रुपए प्रति यूनिट वसूला जाता है शुल्क : मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





फाइल फोटो

केजरीवाल सरकार प्रदूषण कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की लगातार कोशिश कर रही है। इसी क्रम में चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाने पर काम भी कर रही है ताकि अधिक से अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदें। दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि लोग मात्र दो रुपये प्रति यूनिट की दर से अपने इलकेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके लिए 27 जून तक 500 चार्जिंग पॉइंट वाले 100चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए राज्य नोडल एजेंसी, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड द्वारा निविदा जारी की गई थी।

बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन व डीडीसी के उपाध्यक्ष और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप के अध्यक्ष जस्मीन शाह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह देश में अपने तरह का सबसे बड़ा टेंडर था। इससे अगले तीन महीने में ईवी चार्जिंग स्टेशन की संख्या दोगुनी हो जाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का निर्देश है कि राजधानी में तीन किमी के दायरे में एक ईवी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध कराया जाए।

चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुव द्वारा निविदा के लिए मार्गदर्शक ढांचा विकसित किया गया, जिसमें बिजली विभाग, परिवहन विभाग, सभी नगर निगमों और सभी डिस्कॉम का प्रतिनिधित्व था। कार्य समूह की अध्यक्षता डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मीन शाह ने की।

सत्येंद्र जैन ने बताया कि पिछले महीने देशभर में जितने इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे, उससे 10 फीसद से भी ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन दिल्ली में बिके हैं। उनकी सरकार ने एक साल पहले इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पॉलिसी बनाई थी। पॉलिसी में कहा गया था कि हर तीन किलोमीटर के अंदर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। 100 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया था, जिसमें 500 चार्जिंग प्वाइंट होंगे। जिसमें 71 चार्जिंग स्टेशन मेट्रो स्टेशन पर होंग हैं और बाकी प्रमुख स्थानों पर हैं।

आने वाले समय में पूरी दिल्ली के सभी जिलों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध होंगे। राजाधानी में 400 चार्जिंग प्वाइंट पहले से ही उपलब्ध हैं। इस टेंडर प्रक्रिया के पूरा होने पर मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़कर दोनुगा हो जाएगा।

# एमसीडी चुनाव टालने के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव

## इस लड़ाई को अलग-अलग तरीके के जारी रखना है : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम चुनाव टालने के खिलाफ भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

एमसीडी चुनाव टलने का मामला धीरे-धीरे गरमाता जा रहा है। पिछले कई दिनों से भाजपा पर लगातार हमला बोलने वाली आम आदमी पार्टी अब सड़कों पर उतर आई है। पार्ट कार्यकर्ता सोमवार को दिल्ली नगर निगम चुनाव टालने के खिलाफ भाजपा मुख्यालय का घेराव किया। आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक का आरोप है कि राज्य चुनाव आयोग को डरा धमकाकर एमसीडी चुनाव को टाला जा रहा है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है। साथ ही मांग करती है कि निगम चुनाव जल्द कराए जाएं।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि उन्हें इस लड़ाई को अलग-अलग तरीके के जारी रखना है। इसके मद्देनजर आगे की रणनीति बनाएंगे। आप कार्यकर्ता दिल्ली वालों को बताएंगे कि भाजपा एमसीडी चुनाव में अपनी निश्चित पराजय से किस तरह डर रही है। पंजाब विधानसभा में ऐतिहासिक जीत के बाद किसी को अनुमान नहीं था कि आज पूरी दिल्ली के लोगों को एमसीडी का चुनाव कराने के लिए आंदोलन करना पड़ेगा। अगर गत नौ मार्च को राज्य चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस हो गई होती तो आज निगमचुनाव के लिए नामांकन की तैयारी कर रहे होते। आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि जब अपने 15 सालों के कारनामो का नतीजा देखने का समय आया तो वे डर गए हैं। विधायक आतिशी ने कहा कि यह भाजपा की तानाशाही की शुरुआत है। इस तानाशाही का पार्टी पुरजोर तरीके से विरोध करेगी। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा के सभी पार्षदों और नेताओं ने तय किया है कि किसी तरह से मोदी और अमित शाह से बात करके चुनाव स्थगित हो तो उन्हें भ्रष्टाचार कर जेब भरने के लिए 6 महीने का और समय मिल जाएगा।

## राज्यसभा में उठा दिल्ली की आबकारी नीति का मुद्दा

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति का मुद्दा सोमवार को राज्यसभा में उठा। राज्यसभा सदस्य डॉ सोनल मानसिंह ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि समाज के लिए पीड़ादाई नीतियों पर रोक जरूरी है। शून्यकाल के दौरान मानसिंह ने कहा वह इस मुद्दे पर संज्ञान लेने के लिए सरकार से अनुरोध करती है ताकि समाज के लिए पीड़ादाई नीतियों पर रोक लग सके।

दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति और शराब पर छूट की पेशकश का जिक्र करते हुए मानसिंह ने कहा लोगों ने कई जगहों पर इसका विरोध और प्रदर्शन भी किया। लेकिन दिल्ली सरकार पर असर नहीं पड़ा। जब उच्च न्यायालय ने इस योजना का संज्ञान लिया तब इसे बंद किया गया। लोगों के प्रदर्शन के बाद कुछ प्रावधान लागू किए जाने का ठीकरा शराब दुकानदारों पर मढ़ दिया गया।

दिल्ली के आबकारी आयुक्त ने 28 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य पर किसी भी छूट या छूट को बंद करने का आदेश पारित किया था।

## ट्रेन में रखे लावारिस बैग में लगी आग

**नई दिल्ली।** कुरुक्षेत्र-हजरत निजामुद्दीन यात्री ट्रेन के भीतर रखे लावारिस बैग में आग लग गई। रेलवे पुलिस को सोमवार सुबह 10.25 बजे पर मिली थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लाल रंग की थैली और एक छोटे कंटेनर के साथ एक बैग ट्रेन के डिब्बे में रखा था। थैली में आग लग गई। थैली में करीब दो किलोग्राम कील रखीं थीं। पुलिस ने बताया कि यात्रियों ने बैग को ट्रेन से बाहर फेंक दिया और आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों ने कीलें एकत्र कीं। पुलिस उपायुक्त हरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार बैग में कपड़े थे, जबकि कंटेनर में बढ़ई द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला तरल पदार्थ था। सामग्री की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया था। बाद में, उन्होंने इस घटना के पीछे विस्फोट की साजिश की संभावना से इनकार किया।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थित में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | विजय ग्रोवर (कर्जदार), रीना ग्रोवर (सह-कर्जदार) LBDEL00002365295 | फ्लैट नंबर बी1 1301, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 82,73,920/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | विजय ग्रोवर (कर्जदार), रीना ग्रोवर (सह-कर्जदार) LBDEL00002371601 | फ्लैट नंबर बी1 1302, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 82,40,156/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | हिमांशु गुप्ता (कर्जदार), वंदना रानी (सह-कर्जदार) LBGHZ00002313993 | फ्लैट नंबर बी1 1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया-1765 वर्ग फीट | रू. 85,39,213/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | नीरा शर्मा (कर्जदार), अंकुर मोहन (सह-कर्जदार) LBGUR00002313398 | फ्लैट नंबर बी1 1304, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया-1635 वर्ग फीट। | रू. 81,52,284/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 45,78,000/- / रू. 4,57,800/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 5. | संदीप कुमार ए उपाध्याय (कर्जदार), शिल्पी उपाध्याय (सह-कर्जदार) LBDEL00002275165 | फ्लैट नंबर बी2 1704, 17वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया-1635 वर्ग फीट | रू. 76,92,239/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 45,78,000/- / रू. 4,57,800/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 6. | संजीव लांबा (कर्जदार), मधु (सह-कर्जदार) LBDEL00002935333 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंजिल, ए2 पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-01डी सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. सुपर बिल्टअप एरिया 1185 वर्ग फीट | रू. 62,58,772/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 34,36,000/- / रू. 3,43,600/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 7. | मनोज कुमार शर्मा (कर्जदार), रचना (सह-कर्जदार) LBNOD00002375543 | बी2-1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1-डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. -201307 सुपर बिल्टअप एरिया - 1765 वर्ग फीट | रू. 86,96,641/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 8. | विक्रांत सिंह (कर्जदार), रितु सिंह (सह- कर्जदार) LBGUR00002386632 | फ्लैट नंबर बी1-1802, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, जीएच-1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्ट अप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 84,59,772/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 9. | गणेश शर्मा (कर्जदार), कमला कटवाल (सह-कर्जदार) LBDEL00002947887 | फ्लैट नंबर 1804, (18वीं मंजिल), जेकेजी पाम कोर्ट, टावर बी2, प्लॉट नंबर जीएच-1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201307. सुपर बिल्ट अप एरिया - 1635 वर्ग फीट | रू. 83,34,971/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 46,00,000/- / रू. 4,60,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 10. | कनिष्का (कर्जदार), संतोष कुमारी (सह-कर्जदार) LBGUR00002372750 | बी-2-1303, 13वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1-डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्ट अप एरिया- 1395 वर्ग फीट। | रू. 72,38,457/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 41,00,000/- / रू. 4,10,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 11. | विशाल खट्टर (कर्जदार), भावना (सह-कर्जदार) LBNOD00002261419 | फ्लैट नंबर - ए 2 1804, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1-डी सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा, सुपर बिल्टअप एरिया- 1185 वर्ग फीट | रू. 55,67,099/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 12. | सूर्य प्रकाश शर्मा (कर्जदार), अपार सरकार (सह-कर्जदार) LBGUR00002430669 | अपार्टमेंट नंबर ए2-1508, 15वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1-डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्ट अप एरिया- 1185 वर्ग फीट | रू. 57,07,467/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 13. | आदित्य प्रकाश (कर्जदार), प्रेम शशांक (सह-कर्जदार) LBGHZ00002441728 | फ्लैट नंबर 1408, 14 वीं मंजिल टॉवर- ए 2, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच -1 डी सेक्टर -16 सी में स्थित, ग्रेटर नोएडा, नोएडा सुपर बिल्टअप एरिया- 1185 वर्ग फीट | रू. 52,50,890/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 14. | चिंटू घई (कर्जदार), शिल्पी घई (सह-कर्जदार) LBDEL00002342824 | फ्लैट नंबर 1805, (18वीं मंजिल), जेकेजी पाम कोर्ट, टॉवर ए1, प्लॉट नंबर जीएच-1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201307 सुपर बिल्टअप एरिया- 1090 वर्ग फीट | रू. 50,54,364/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 15. | निशा आनंद (कर्जदार), आशीष आनंद (सह-कर्जदार) LBGUR00002263446 | फ्लैट नंबर- ए2- 1605, जेकेजी पाम कोर्ट, टॉवर ए 1, विंग 2, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा यूपी 201307) सुपर बिल्ट अप एरिया- 1090 वर्ग फीट | रू. 53,66,286/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 16. | आशीष वशिष्ठा (कर्जदार), शोभा शर्मा (सह-कर्जदार) LBGUR00002872796 | ए1-1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया- 1090 वर्ग फीट | रू. 48,64,495/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 17. | हिमांशु सिक्का (कर्जदार), गुलसन कुमार सिक्का (सह-कर्जदार) LBNOD00002278735 | फ्लैट नंबर 1802 18वीं मंजिल टावर ए1 पाम कोर्ट सेक्टर 16सी ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश 201307. सुपर बिल्ट अप एरिया- 1090 वर्ग फीट | रू. 51,73,917/- (फरवरी 25, 2022 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | मार्च 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अप्रैल 06, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अप्रैल 05, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अप्रैल 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : मार्च 15, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## संक्षिप्त समाचार




सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते निगमकर्मी।

### साउथ एक्स मार्केट से 9 किलो प्लास्टिक थैलियां जब्त

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अपनी रैकिंग सुधारने के मकसद से विशेष स्वच्छता व जनजागरुकता अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में साउथ एक्स पार्ट-2 मार्किट में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। इस मुहिम में लगभग 9 किलोग्राम प्लास्टिक थैलियां जब्त की गई। साथ ही 16 लोगों के चालान किये गये। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अनुसार, अभियान के दौरान दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मार्किट एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया और भरोसा दिया कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे और बाजार को स्वच्छ रखने में दक्षिणी निगम का सहयोग करेंगे।

### दिव्यांग बच्चों प्रोत्साहित करने के लिए सबरंग कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस स्थित पैसिफिक मॉल ने एनजीओ निर्वाण के सहयोग से दिव्यांग बच्चों की कला को प्रदर्शित करने के लिए सबरंग नामक कला और संगीत प्रदर्शनी का आयोजन किया। यहां दियांग बच्चों और मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को अपनी पेंटिंग और गायन कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने इन बच्चों की कला की जमकर सराहना की और बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इनकी पेंटिंग को खरीदा। पैसिफिक ग्रुप के कार्यकारी निदेशक अभिषेक बंसल ने कहा ये बच्चे हमारे भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन्हें जितना सशक्त बनाते हैं, उतना ही हम अपने भविष्य को उज्जवल करते हैं। यह सब की जिम्मेदारी है कि विकलांग बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करें ताकि वे अपनी रचनात्मक क्षमता को समाज के सामने लाने के लिए प्रेरित हों और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं का प्रदर्शन करें।



# तीन हथियार तस्कर गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

## आरोपी दिल्ली एनसीआर समेत पंजाब में करते थे हथियारों की आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली







दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए स्पेशल सेल ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से नौ अवैध पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी मध्य-प्रदेश के खरगोन से अवैध हथियार लाकर उसे सप्लाई करते थे। गिरोह के तस्कर गत दो वर्षों में 300 से ज्यादा पिस्तौल दिल्ली एनसीआर और पंजाब के बदमाशों को वह सप्लाई कर चुके हैं।

पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह के अनुसार अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले तस्करों पर शिकंजा कसने की स्पेशल सेल की टीम लगातार काम कर रही है। खासतौर से ऐसे गिरोह पर पर नजर रखी जा रही है जो मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आते हैं। हाल ही में पुलिस को जानकारी मिली कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला शुभम उर्फ गुड्डू उर्फ राजा मयूर विहार स्थित समाचार अपार्टमेंट के निकट आएगा। वह यहां पर विजय भान को हथियार देगा। इस जानकारी पर इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह की टीम ने जाल बिछाकर वहां पर शुभम को देखा।

कुछ देर बाद विजय भान आकर उससे बातचीत करने लगा। शुभम ने जब पैकेट विजय को दिया तो पुलिस टीम ने दोनों को धर दबोचा। तलाशी में पांच सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और 10 कारतूस शुभम के पास से बरामद हुए। जबकि तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल विजय के कब्जे से मिली। इसे लेकर आर्म्स एक्ट की नई धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है। दोनों आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया और रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों के खुलासे पर पुलिस टीम ने पंजाब में छापा मारकर वहां से अभिषेक राय को गिरफ्तार किया।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी को मारा थप्पड़, दो जवान गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां पुलिस वालों ने पुलिस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला ट्रैफिक से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अंबेडकर नगर थाने में मामला दर्ज कर दो आरोपियों को किया गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार 10 मार्च को लगभग 9 बजे यातायात पुलिस में इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद सीआर पार्क अपने कर्मचारियों के साथ रेड लाइट पर अतिक्रमण हटाने के लिए ड्यूटी पर थे। उन्होंने इसी बीच देखा कि सड़क पर एक क्रेटा कार खड़ी थी। इससे सुचारू यातायात में बाधा आ रही थी। कार में चार लोग बैठे थे। ट्रैफिक जाम होने के कारण ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने गाड़ी आगे बढ़ाने के लिए कहा, लेकिन ड्राइवर ने उनकी नहीं सुनी। इसके बाद ट्रैफिक में तैनात हवलदार भागीरथ कार के पास पहुंचे और चालक से चालान भरने को कहा।

इस बात को लेकर अंदर बैठे और पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे भी दिल्ली पुलिस से हैं। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक होने लगी। इस बीच एक पुलिसकर्मी ने सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। अंबेडकर नगर थाने की पुलिस टीम ने जांच करते हुए दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## मरकज खोलने के लिए एसएचओ के पास जाए वक्फ बोर्ड : कोर्ट

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड को शब-ए-बारात और रमजान के दौरान इबादत के लिए निजामुद्दीन मरकज के तीन अन्य तल खोलने की अनुमति के सिलसिले में संबंधित थाने के प्रभारी के पास अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया।

मार्च 2020 में कोविड-19 महामारी के बीच तब्लीगी जमात के कार्यक्रम के आयोजन के बाद से मरकज बंद है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के वकील संजय घोष के बयान पर गौर किया, जिसमें अदालत से अनुरोध किया गया था कि वह इमारत को पूरी तरह खोलने के लिए केंद्र को निर्देश दे। अदालत ने कहा कि बोर्ड इस संबंध में तत्काल हजरत निजामुद्दीन थाने के प्रभारी के समक्ष आवेदन करे।

## इस साल डेंगू के 48 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले एक हफ्ते में डेंगू के छह नए मामले सामने आए हैं। सोमवार को जारी नगर निकाय की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल 12 मार्च तक शहर में डेंगू के 48 मामले दर्ज किए गए।

मच्छर जनित इस रोग के संबंध में सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल 12 मार्च तक डेंगू के कुल 48 मामले दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 1 जनवरी से 12 मार्च के बीच डेंगू के पांच, 2020 में छह, 2019 में तीन, 2018 में नौ और 2017 में आठ मामले दर्ज किए गए थे। मच्छर जनित रोगों के मामले आमतौर पर जुलाई और नवंबर के बीच रिपोर्ट किए जाते हैं।

# जनकपुरी दिल्ली हाट में 22 तक चलेगा होली उत्सव

## दिल्ली पर्यटन विभाग स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से कर रहा आयोजन

● हाथ से बनाई वस्तुओं व होली के व्यंजनों के लगे स्टॉल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर के बाद राजधानी दिल्ली में धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं। सभी अपने-अपने कामों में व्यस्त हो चुके हैं। इस दौरान भाग दौड़ वाली जिंदगी को कुछ पल आराम देने के लिए दिल्ली पर्यटन के जनकपुरी स्थित दिल्ली हाट में रंगारंग कार्यक्रमों की भी शुरूआत हो चुकी है।

होली के अवसर पर 12 मार्च 2022 से यहां पश्चिमी दिल्ली के स्वयं सहायता समूहों द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 मार्च तक चलेगा।

इस उत्सव में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा हाथ से बनाई हुई वस्तुओं व होली के व्यंजनों के स्टाल लगाए गए है। दिल्ली पर्यटन व पश्चिमी दिल्ली प्रशासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अनके द्वारा बनाई गई वस्तुओं को एक प्लेटफार्म देने का यह एक सामूहिक प्रयास है।

इसके शाम के समय जनकपुरी हाट में मेरी ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें गायक प्रभ गिल ने अपनी आवाज के जादू से समा बांधा। यहां आयोजित किए जाने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा नए आयामों को छूने का अवसर प्रदान होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 मार्च, 2022



# महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बनी उद्यमी पूजा शर्मा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आंधियों** को जिद है जहां बिजलियां गिराने की, मुझे भी जिद है, वहीं आशियां बनाने की। कुछ ऐसी ही सशक्त सोच और महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाने चली हैं चंदू गांव की उद्यमी पूजा शर्मा। उनका एक साधारण महिला से महिला उद्यमी बनने तक का सफर आसान नहीं था। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हार नहीं मानी और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ती रहीं। पूजा शर्मा को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने निकली गांव चंदू की महिला उद्यमी पूजा शर्मा ने अपने बुलंद हौंसलों से खुद को निखारा है। अपनी सफलता की कहानी सांझा करते हुए पूजा शर्मा ने बताया कि वर्ष-2013 में उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र शिकोहपुर से प्रशिक्षण लिया।

## राष्ट्रपति ने महिला दिवस पर किया सम्मानित

इसके बाद वे हरियाणा राज्य आजीविका मिशन तथा रूडसेट संस्थान से जुड़ते हुए खाद्य उत्पादों को तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण लिया। स्वयंसेवी संस्थाओं से सामंजस्य स्थापित किया।

पूजा के मुताबिक अकेले बाजरे से उन्होंने कई तरह के खाद्य उत्पाद- बिस्किट, नमकीन, मट्ठी, लड्डू, लवास सहित कई अन्य खान-पान का सामान तैयार किया। इन सभी उत्पादों को मार्केट में उतारा गया, जिसे लोगों द्वारा खासा पसंद किया गया। इसी कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सप्लाई पांच सितारा होटलों तक में की जा रही है। पूजा शर्मा अपने इस व्यवसाय से समाज की अन्य महिलाओं को भी रोजगार देते हुए उन्हें प्रशिक्षित कर रही हैं। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अपने कार्यालय में महिला उद्यमी पूजा शर्मा, दो प्रगतिशील किसानों रणधीर सिंह तथा सुरेन्द्र कुमार नंबरदार को सम्मानित किया।


गुरुग्राम में महिला उद्यमी व प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के बाद साथ खड़े एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

### बागवानी विभाग की योजनाओं का उठाया लाभ

**सुरेन्द्र** कुमार नंबरदार ने अपनी सफलता के अनुभव साझा करते हुए बताया कि गुरूग्राम जिला में तेजी से घट रहा भूमिगत जलस्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है, ऐसे में उन्होंने बागवानी विभाग की विभिन्न पद्धतियों का इस्तेमाल करते हुए सब्जियों का उत्पादन किया। उन्होंने होर्टिकल्चर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट से प्रशिक्षण लिया और अपने खेत में टमाटर, बैंगन, घीया तथा अन्य सब्जियों का उत्पादन किया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेती से खर्चा दोगुना हो रहा था और पैदावार भी कम हो रही थी। उन्होंने बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया।

### आर्गेनिक खेती यानी कम पानी में की ज्यादा पैदावार : रणधीर

**प्रगतिशील** किसान रणधीर सिंह के मुताबिक वे आर्गेनिक खेती करते हैं और अपने खेतों में वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल करते हैं। कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर दिए गए अनुदान का उन्होंने पूरा फायदा उठाया और कृषि यंत्रों का इस्तेमाल खेती के लिए किया। इसके साथ ही उन्होंने मिनी स्प्रींकलर का इस्तेमाल किया, जिससे पानी की खपत भी कम हुई और पैदावार भी अच्छी हुई।

### एडीसी ने तीनों को किया सम्मानित

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने महिला उद्यमी पूजा शर्मा, प्रगतिशील किसान रणधीर सिंह व सुरेंद्र सिंह नंबरदार को सम्मानित किया। भविष्य में इसी प्रकार निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। दोनों किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। महिला उद्यमी पूजा शर्मा ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हरियाणा प्रदेश के साथ साथ गुरुग्राम जिला का नाम रोशन किया है।

### एक हजार से अधिक महिलाओं को किया है प्रशिक्षित

**पूजा शर्मा** अब तक एक हजार से अधिक महिलाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कर चुकी हैं। इसके साथ ही उनकी फूड मैनुफेक्चरिंग यूनिट में कई महिलाएं कार्यरत है, जिन्हें 7 से 8 हजार रुपये मासिक आमदनी हो रही है। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें इनोवेटिव फार्मर अवार्ड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरस्कार, वीमेन फार्मर अवार्ड सहित अन्य पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### नव मतदाता सदस्यता अभियान के प्रति युवाओं में उत्साह


गुरुग्राम में नव मतदाता सदस्यता अभियान चलाते भाजपा युवा नेता।

**गुरुग्राम।** नवयुवकों और युवतियों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने के लिए चलाए गए नवमतदाता सदस्यता अभियान के प्रति युवाओं के उत्साह को देख भाजपा और युवा मोर्चा के नेता एवं पदाधिकारी गदगद दिखाई दे रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं नवीन मंडल प्रभारी राजन चौहान का कहना है कि युवाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गहरा विश्वास है। सरहौल गांव स्थित बॉडीलाइन जिम परिसर में युवाओं को नवमतदाता सदस्यता पत्र वितरित करते हुए राजन चौहान ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के साथ-साथ जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी से मिले मार्गदर्शन में उन्होंने अपना नवमतदाता सदस्यता लक्ष्य मात्र दो दिन में ही पूरा कर लिया। राजन चौहान ने कहा कि युवाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में गहरा विश्वास है। भाजपा युवा मोर्चा नवीन मंडल प्रभारी राजन चौहान का कहना है कि उन्हें समय-समय पर भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य नेताओं का मार्गदर्शन मिलता रहता है।

### सड़क हादसे में पूर्व महिला पार्षद समेत छह लोग घायल


सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई इनोवा गाड़ी।

**सोहना।** घाटी से उतर रहा बेलगाम ट्रक ने इनोवा गाड़ी समेत ऑटो में मारी टक्कर मार दी। इनोवा सवार सोहना की पूर्व पार्षद सहित बेटी, दामाद, नाती व पौती-पौता घायल हो गए। सभी घायलों को पहले स्थानीय नागरिक अस्पताल में तथा बाद में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। शहर के वार्ड-15 में रहने वाली पूर्व पार्षद कुसुम गोयल अपनी बेटी शलोनी, दामाद पंकज जैन, 6 वर्षीय नाती पीहू, 10 वर्षीय पौती इशिका व 8 वर्षीय पौता गर्भिव के साथ शादी समारोह में से अपने घर जा रहा थी। जैसे ही तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी से अपने घर की तरफ उनकी गाड़ी मुड रही थी। उसी समय घाटी से उतर रहे बेलगाम ट्रक ने इनोवा में बाई और टक्कर मारी। उसके बाद इनोवा के पीछे आ रहा ऑटो में टक्कर मारी। इनोवा बाई और से क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पूर्व पार्षद कुसुम गोयल का दामाद पंकज जैन चला रहा था। इनोवा में सवार सभी यात्रियों को खून से लथपथ की हालत में बाहर निकाला गया। जिन्हें पहले सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। बाद में सभी घायलों को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। जहां पर पूर्व पार्षद कुसुम गोयल व उसकी बेटी शलोनी आईसीयू में दाखिल है। नाती के पैरों की हड्डियां टूट गई। जिनका सोमवार को ऑपरेशन किया गया। अज्ञात चालक मौके पर ही अपने वाहन को छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची सिटी थाना से पुलिस ने सड़क पर खड़ा ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## संस्कृत मॉडल स्कूल में दाखिला आज से शुरू

**सोहना।** सोहना के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार से नये सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। कक्षा 6, 9 और 11वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को फार्म फ्री में उपलब्ध होंगे। दाखिला फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च होगी।

शहर के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कू ल में वर्ष 2022-23 के लिए दाखिला प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। नये सत्र में अंग्रेजी व हिन्दी पाठ्यक्रम से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6, 9 और 11वीं में सीटों की संख्या जारी कर दी गई है। कक्षा 6 में कुल सीट 30 रहेगी। कक्षा 9वीं में हिन्दी व अंग्रेजी पाठ्यक्रम में 60-60 सीट रखी गई हैं। कक्षा 11वीं में कला संकाय में हिन्दी से 60 व अंग्रेजी संकाय में 30 सीट। वाणिज्य में 60 तथा साइंस में 60 सीटों पर दाखिला होगा। स्कूल में दाखिला फार्म जारी करने के लिए अलग से काउंटर बना गया है। जहां से विद्यार्थी बिना किसी शुल्क के दाखिला फार्म प्राप्त कर सकता है।

# उमेश अग्रवाल के आने से गुरुग्राम में मजबूत हुई आप

## भाजपा के उमेश अग्रवाल अब हुए आम आदमी पार्टी के

## मौजूदा भाजपा विधायक सुधीर सिंगला के समधी भी हैं उमेश अग्रवाल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल।

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और अप्रत्याशित जीत हासिल करके सरकार बना ली। पंजाब के चुनावों का सीधा असर हरियाणा में पड़ना लाजिमी है। इसलिए अब अन्य दलों के नेताओं की नजरें आप पर टिक गई हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गुरुग्राम से भाजपा के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसमें कोई दोराय नहीं कि उमेश अग्रवाल के आने से अब आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है।

बता दें कि उमेश अग्रवाल ने 2014 के विधानसभा चुनावों में हरियाणा में सबसे अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। हालांकि इससे पहले 2009 के चुनावों में वे निर्दलीय प्रत्याशी सुखबीर कटारिया से हार गए थे। सुखबीर कटारिया पर आरोप लगाए गए कि उन्होंने फर्जी वोट बनवाए थे। ये सभी फर्जी वोट उन्हें डाले गए और वे विधायक बन गए। इस मामले में आज भी केस अदालत में विचाराधीन है। भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर 2009 में हार के बाद भी भाजपा ने 2014 में भी उमेश अग्रवाल पर ही दांव खेला और उन्हें चुनाव मैदान में उतारा और वे रिकॉर्ड मतों से जीते भी। इसके बाद जब 2019 का चुनाव आया तो बीजेपी ने उनकी टिकट काट दी। इस चुनाव की उमेश अग्रवाल ने काफी पहले से तैयारियां भी शुरू कर दी थी। उन्होंने लाखों रुपये खर्च करके गुरुग्राम विधानसभा के लोगों को पहले इलाहाबाद महाकुम्भ की धार्मिक यात्रा कराई। उसके बाद हरिद्वार भी लेकर गए। गुरुग्राम में उनके द्वारा कराई गई यात्राओं को अब तक याद रखा जा रहा है।

**भाजपा ने सुधीर सिंगला को टिकट देकर चौंकाया** : अचुनावों की घोषणा हो गई और फिर टिकट मिलने का इंतजार सब नेताओं को रहा। जिस दिन भाजपा की टिकट की घोषणा हुई थी, उस दिन भी गुरुग्राम के तत्कालीन विधायक उमेश अग्रवाल ने शहर में बड़ी जनसभा की थी। उमेश अग्रवाल पूरी तरह से आश्वस्त थे कि टिकट उनकी पक्की है। उनके समर्थकों को भी इस बात पर पूरा भरोसा था। लेकिन बाद में दिल्ली से जो खबर आई उसने उमेश अग्रवाल को निराश कर दिया। गुरुग्राम से भाजपा ने टिकट पूर्व मंत्री सीता राम सिंगला एवं उनके समधी सुधीर सिंगला को दे दी। इस घोषणा से उमेश अग्रवाल ही नहीं कई अन्य नेताओं के टिकट के दावे धरे रह गए। इसमें उस समय भाजपा के जिला सचिव नवीन गोयल, बोधराज सीकरी, जीएल शर्मा समेत कई अन्य नेता शामिल थे।

सुधीर सिंगला तो गुरुग्राम के विधायक बन गए, लेकिन उमेश अग्रवाल का राजनीतिक कैरियर थम सा गया। वे राजनीति की मुख्यधारा से कट गए। काफी से वे राजनीतिक वनवासी के रूप में समय बिता रहे थे। अब एकाएक आम आदमी पार्टी में शामिल होकर उमेश अग्रवाल ने राजनीतिक क्षेत्र में हलचल पैदा कर दी है।

### भाजपा में निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं

**भाजपा** छोड़ने के अपने फैसले पर पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का भाजपा में सम्मान नहीं है। पार्टी के जिन कार्यकर्ताओं ने भाजपा को खून पसीने से सींचा, उन्हें दरकिनार कर दिया गया है। मुख्यमंत्री स्वयं चाटुकारों से घिरे हुए हैं। उन्हें पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं या चुने हुए प्रतिनिधियों की कोई परवाह नहीं है। उन्हीं की मनमानी की वजह से 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पाई।

### टिकट कटने पर पत्नी को चुनाव में उतारने की बनाया था मन...

**उमेश** अग्रवाल ने 2019 के विधान सभा के चुनावों में अपनी टिकट कटने से काफी नाराज हो गए थे। उन्होंने खफा होकर अपनी पत्नी अनीता अग्रवाल को चुनाव मैदान में उतारने की योजना बनाई। हालांकि बाद में पार्टी नेताओं के कहने पर वे मान भी गए।

# सीपी से मिला श्रीसनातन धर्म सभा का प्रतिनिधिमंडल

## संस्था के पदाधिकारी एवं संरक्षक धर्मसागर और बोधराज सीकरी ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त से मुलाकात करते श्रीसनातन धर्म सभा के सदस्य।

**श्रीसनातन** धर्म सभा का प्रतिनिधिमंडल एसके खुल्लर, बोधराज सीकरी और धर्म सागर की अगुवाई में पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन से मिला। इस दौरान उन्हें शहर की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया।

केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री ने बताया कि संस्था के पदाधिकारी एवं संरक्षक धर्मसागर, बोधराज सीकरी, सुरेंद्र खुल्लर, देवराज आहूजा आदि ने पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन से मुलाकात करके शहर की कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्हें बताया कि संस्था पिछले करीब ढाई दशक से शहर में सामाजिक व धार्मिक कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि विभिन्न अभियानों को लेकर लोगों को जागरुक भी कर रही है। प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा जरुरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह, स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजन समय-समय पर किया जाता है, ताकि जरुरतमंद लोग लाभ उठा सकें। इस अवसर पर बीडी पाहूजा, अशोक गेरा, चंद्रभान नागपाल, मनीष खुल्लर, सुभाष चंद्र भूटानी, रामलाल ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

# लाखों रुपये खर्च: गंदे पानी का नहीं हुआ समाधान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में आम रास्ते में जमा नाले का गंदा पानी।

**नगर** परिषद के लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद शहर की वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी के आम रास्ते व घरों के बाहर नाले का गंदा पानी जमा होने का समाधान नहीं हो पा रहा है। कॉलोनी के स्थानीय लोगों का जीवन नरकीय बना हुआ है।

शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में गंदे नाले का पानी की निकासी की समस्या बद से बदतर बनती जा रही है। नगर परिषद द्वारा कॉलोनी के आम घरों से लेकर दुकान व रास्तों में जमा होने वाला गंदा पानी ने नाक में दम कर दिया है। नगर परिषद द्वारा पिछले चार वर्ष से कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी को लेकर चलाई गई अभी तक की सभी योजनाएं असफ ल रही है। जबकि गंदे नाले का पानी निकासी को लेकर लाखों रुपये की राशि खर्च की गई है। इतना ही नहीं परिषद ने शहर से बरसाती व गंदे नालों के पानी निकासी के लिए सलाहकार तक नियुक्त किया जा चुका है।

**नौ माह में दो बार छोड़ा गया ठेका** : नगर परिषद द्वारा शहर के सभी बरसाती पानी से लेकर सीवरेज व गंदे नालों के पानी की निकासी को लेकर 9 माह के अंदर दो बार ठेका छोड़ा गया है। पहली बार 25 हजार रुपये में तथा दूसरा हाल ही में ढाई लाख रुपये केवल मंगल नगर कॉलोनी के गंदे पानी के नालों की सफाई के लिए ठेका उठाया गया।

**क्या कहते हैं नागरिक** : नगरवासी वार्ड-19 निवासी नेमसिंह का कहना है कि मंगल नगर में जा रहा नाले का गंदा पानी उनके घर की रसोई तक पहुंच रहा है। नाले का पानी ऑवर फ्लो होकर आस-पास लगते खेत, आम रास्ता, मकान व दुकान के बाहर जमा होने से पैदल चलने वालों को भी पैर रखने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। गुरबचन का कहना है कि घर व दुकान के दरवाजे पर गंदा पानी जमा होने से सास लेना भारी हो रहा है। गंदे पानी की बदबू में सांसें लेना भी मुसीबत बना हुआ है।

**मंगलनगर** कॉलोनी में गंदे पानी के नालों की सफ ाई चल रही है, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से दमदमा मोड़ के समीप सीवर लाइन के यहां पर कट्टे लगाए गए हैं। जिन्हें हटाने के लिए विभाग अधिकारियों को कह दिया है। कट्टे आज शाम तक हटाने के बाद पानी सुचारु रुप से चलेगा।
**सुशील ठाकरान**
**( इंजीनियर नप )**

# क्या आपके साथी खर्राटे लेता है? चिंता ना करें, इसका उपचार संभव है

## डॉ. नीरज गुप्ता सीनियर कंसलटेंट पुलमोनोलॉजी आईसीयू हेड और प्रतीक्षा हॉस्पिटल गुरुग्राम ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गुरुग्राम** -7 बहुत से लोगों की तरह शायद आप भी यही सोचते होंगे कि खर्राटे लेने वाला व्यि त गहरी नींद सोता है। अगर आप सोच रहे हैं कि सिर्फ खर्राटे के कारण आपका साथी गुणवत्तापूर्ण निद्रा ले रहा है तो आप पूर्णत: गलत हैं।

डॉ. नीरज गुप्ता, सीनियर कंसलटेंट पल्मोनोलॉजी आईसीयू हेड, व प्रतीक्षा हॉस्पिटल, गुरुग्राम बताते हैं की ऐसे लक्षणों में स्लीप एप्निया होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में आपके साथी को मोटापा, मधुमेह या फिर हृदय सम्बंधी समस्याओं से ग्रसित होने का खतरा भी हो सकता है, स्लीप एप्निया जीवनशैली से जुड़ी समस्या है।

स्लीप एप्निया में नींद के दौरान व्यक्ति की सांस अचानक रुक जाती है, ऐसा गले की मांसपेशियों के आवश्यकता से अधिक शिथिल होने के कारण होता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति की सांस रुक जाती है, जिसके कारण वह खर्राटे लेने लगता है। स्लीप एप्निया की समस्या के खतरनाक स्तर का सामना कर रहे लोगों को हर रात कम से कम 30 बार तक खर्राटे या श्वसन अवरोध जैसी समस्या हो सकती है।

भारत में खर्राटे लेने वालों की संख्या बहुत अधिक है। एटोमिक रीसर्च द्वारा 17,040 लोगों पर किए गए एक ऑनलाईन सर्वेक्षण के मुताबिक 39 फीसदी भारतीय लोग रात में खर्राटे लेते हैं, जबकि 35 फीसदी लोग ऐसे हैं जिन्हें अपनी साथी के खर्राटों की वजह से दूसरे कमरे में सोना पड़ता है। स्लीप एप्निया के कई प्रकार है, इसमें सबसे आम प्रकार है ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (ओएसए)। जैसा कि नाम से पता चलता है कि इस तरह के स्लीप एप्निया में नींद के दौरान व्यक्ति की सांस में रुकावट आती है, जिसके परिणामस्वरूप वह ज़ोर से खर्राटे लेने लगता है, नींद के दौरान ऐसा होने से कभी-कभी अचानक व्यक्ति की नींद खुल जाती है, उसे गला घुटना, गले में खराश या मुंह सूखना, सुबह के समय सिर दर्द, मूड में बदलाव, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप, रात में पसीना आना, संभोग का समय कम होना जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन के मुताबिक स्लीप एप्निया के मरीज़ों में कार चलाते समय दुर्घटना की संभावना 2.5 गुना अधिक होती है।

# एसडीएम कार्यालय में खुला पुस्तकों को संग्रह बिंदु केन्द्र

## जिला प्रशासन की तरफ से गरीब छात्रों के हित में शुरू हुआ अभियान


सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

**सोहना।** एसडीएम कार्यालय परिसर में बना सरल केन्द्र में संग्रह बिंदु की स्थापित किया है। इस संग्रह बिंदु केन्द्र पर कक्षा प्रथम से 12वीं में पढ़ने वाले छात्र अपने पुस्तकों को जमा करा सकते हैं। जिन्हें राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को फ्री में उपलब्ध कराया जाएगा।

राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले आर्थिक रुप से कमजोर विद्यार्थियों अब दान की गई पुस्तकें शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सोमवार से एसडीएम कार्यालय में बना सरल केन्द्र के अंदर संग्रह बिंदु केन्द्र की स्थापना की है। इस केन्द्र पर कोई भी छात्र अपनी शिक्षा प्राप्ति के बाद अपनी पुस्तकों को अन्य विद्यार्थियों के लिए उपहार के रूप में दान कर सकता है। जिससे राजकीय स्कूलों में आने वाले आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। इस योजना को 'उपहार एक किताब उपहार एक अभियान' योजना चलाई गई है। जिला प्रशासन की तरफ से यह अभियान शुरु किया है। जिसका लाभ ऐसे विद्यार्थियों को अधिक होगा। जिनके अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी के कारण पाठ्यक्रम की पुस्तकें उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं, लेकिन छात्र पढ़ाई में अव्वल होने पर भी पुस्तकों के अभाव में पढ़ाई से दूर चला जाता है।

**देश का हर नागरिक शिक्षित को दे बढ़ावा** : केन्द्र सरकार ने देश के अंदर अनपढ़ता को जड़ से समाप्त करने का अभियान चलाया हुआ है। 'उपहार एक किताब, उपहार एक अभियान' योजना में जो भी विद्यार्थी अपने पुस्तकों को दान करता है। वह देश में अनपढ़ता के कलंक को समाप्त करने में देश सच्चा नागरिक होने का सबूत देगा।

# आण्विक हाइड्रोजन के अंत:श्वसन का बढ़ा महत्व

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** के प्रति गंभीर लोगों में पर्सनल वेलनेस को लेकर सजगता जैसे-जैसे पहले से बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही समग्र स्वास्थ्य व व्यक्ति के कुशल-मंगल का महत्त्व भी बढ़ रहा है। फलते-फूलते वेलनेस उद्योग में फिलहाल एक मेडिकल गैस के तौर पर आण्विक हाइड्रोजन काफी चहेता विषय बना हुआ है और इसीलिए वेलनेस के एक निवारक साधन के तौर पर उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आण्विक हाइड्रोजन बहुत ही कम मात्रा में हवा में पाया जाता है (0.00005 प्रतिशत) जो कि मनुष्यों के लिए अनुपलब्ध रूप में रहता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि आण्विक हाइड्रोजन (डाइहाइड्रोजन, या हाइड्रोजन गैस) एक थेराप्यूटिक और निवारक ऐंटीऑक्सिडेंट का काम करती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में, मुंबई स्थित सिरीन एनवायरोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को देश का पहला पोर्टेबल आण्विक हाइड्रोजन इनहेलर, udazH, लाने के लिए काफ़ी वाहवाही मिल रही है। जिस तरह से लोग निवारक और थेराप्यूटिक हेल्थकेयर को देखते हैं उसी से समझ में आ जाता है कि इसे बदलने के लिए

## पोर्टेबल हाइड्रोजन इनहेलर है बेहतर सेहत का उपाय

udazHपूरी तरह से तैयार है। देशभर में उपभोक्ताओं के निजी इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराया गया यह अगली पीढ़ी का पर्सनल वेलनेस टूल उच्चस्तरीय सुविधाओं सहित डिज़ाइन किया गया है क्योंकि इसमें है विशेष ड्यूअल यूज टेक्नोलॉजी जहां दो लोग एकसाथ एक ही समय पर अन्त:श्वसन कर सकते हैं।

डॉक्टर शिएगो ओहटा, निप्पॉन मेडिकल स्कूल, जापान द्वारा 'नेचर' (2007) में इस वैज्ञानिक अनुसंधान प्रकाशन के बाद से ही, कि आण्विक हाइड्रोजन में कुछ चुनिंदा ऐंटीऑक्सिडेंट गुण हैं, कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि Hw के असर, 170 विविध मानवीय रोगों के प्रतिरूपों से अधिक कारगर हैं। हाल के समय में हुए गहन शोध ने यह इंगित किया है कि अपेक्षाकृत एक छोटा, हल्का अणु होने के साथ-साथ अपनी बेहतरीन जैव-उपलब्धता के गुण सहित हाइड्रोजन अणु ( Hw) इकलौता ऐसा अणु है जो शरीर के उप-कोशिकीय गुण को भेदकर एक शक्तिशाली चुनिंदा ऐंटीऑक्सिडेंट की तरह कार्य कर सकता है। नियंत्रित मात्रा में हाइड्रोजन गैस का तीव्र डिफ्यूजन दर के साथ उपयोग करने पर यह ऊतकों, कोशिकाओं की झिल्ली को भेदकर आसानी से रक्त-मस्तिष्क की बाधा को पार करके उप-कोशिकीय स्तर पर लाभ प्रदान करती है जहां पहुँचने पाने में अन्य प्रिस्क्राइब किए जानेवाले ऐंटीऑक्सिडेंट नाकाम रहते हैं।

सिरीन एनवायरोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, डॉ. बाबू सुधाकर के अनुसार, अत्यधिक मुक्त रैडिकल्स के चलते हमारे माइटोकॉन्ड्रिया में ऑक्सिडेटिव तनाव बढ़ता है। जिससे हमारे छ्ह्र और हमारे शरीर के बुनियादी प्रोटीन को आण्विक स्तर पर अत्यधिक नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि यह वह पहला पदार्थ है नहीं है, जो हमारे दिमाग में तब सबसे पहले आता है जब हममें से अधिकतर लोग 'ऐंटीऑक्सिडेंट्स' के बारे में सोचते हैं, फिर भी आण्विक हाइड्रोजन इस समय मौजूद सबसे शक्तिशाली ऐंटीऑक्सिडेंट्स में से एक है। वरियता के आधार पर Hw मुक्त रैडिकल्स को न्यूट्रलाइज करता है, ऑक्सिडेटिव तनाव को कम करता है, हमारी शरीर के आंतरिक ऐंटीऑक्सिडेंट उत्पादन और ऐंटी-इनफ्लेमेटरी साइटोकाइन्स में वृद्धि करता है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 मार्च, 2022



# शिक्षण संस्थान में बच्चों से अमानवीय हरकत, केस दर्ज

कविता। फरीदाबाद

**थाना** धौज क्षेत्र के गांव फतेहपुर तगा में एक धार्मिक शिक्षण संस्थान में दो बच्चों के साथ मारपीट, दंडित करने और उनके गलत काम करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि सरकार ने शिक्षण संस्थानों में बच्चों से मारपीट पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। मामले का पता चलने पर सीडब्ल्युसी द्वारा बच्चों की काउंसलिंग की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पोस्को एक्ट और आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की प्रताड़ना से तंग आकर बच्चों द्वारा आत्महत्या करने के मामले बढ़ते देखते

## बच्चों के परिजनों ने दी पुलिस को शिकायत, सीडब्ल्यूसी ने की बच्चों की काउंसलिंग

हुए छह वर्ष पहले केंद्र सरकार ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 लागू किया है। इसमें धारा 82 के तहत कार्रवाई का प्रावधान बताया गया है।

बच्चों या अभिभावक द्वारा शिकायत करने पर पुलिस को संबंधित शिक्षक के खिलाफ इन धाराओं में मामला दर्ज करना होता है। धारा 82 में है सजा का प्रावधान और धारा 82(1) में शारीरिक दंड देना का



दोष सिद्ध होने पर शिक्षक पर 10 हजार रुपए जुर्माना। दूसरी बार दोष सिद्ध होने पर तीन माह जेल का प्रावधान था। धारा 82(3) में जांच में सहयोग नहीं करने वाले को तीन माह सजा। संस्था पर एक लाख का जुर्माना। लेकिन कई संस्थानों में अब भी नियमों का उल्लंघन हो रहा है। धौज थाना में दो बच्चों के परिजनों ने शिकायत दी है, जिस पर मामला दर्ज किया गया है।

### यह है मामला

**सीडब्ल्यूसी** के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि धौज थाना से दो बच्चों और उनके परिजनों को लेकर पुलिस उनके पास पहुंची। जहां दोनों बच्चों के परिजनों ने बताया कि 15 और 13 साल के दो बच्चों के साथ मदरसे में मारपीट के बाद कमरे में बांधकर बंद रखने के साथ ही गलत हरकतें करने का आरोप संचालक और शिक्षक पर लगाया गया है।

करहाना ने बताया कि बच्चों के शरीर पर चोट के निशान थे। एक बच्चा पिछले दो माह से और दूसरा एक माह से इस मदरसे में पढ़ रहा है। जहां शिक्षक और मदरसा संचालक ने दोनों बच्चों के साथ मारपीट की और उनके साथ गलत हरकते करते हुए उन्हें कमरे में बंद करके रखा। शिकायत के आधार पर बच्चों का मेडिकल करवा दिया गया। वहीं पोक्सो एक्ट और आईपीसी अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बच्चों की काउंसलिंग की साथ की मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवा दिए हैं।

# मालगाड़ी पटरी से उतर कर दीवार तोड़ते हुए कार से टकराई



रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरने के बाद दीवार तोड़कर गिरा मालगाड़ी का डिब्बा।



मालगाड़ी के द्वारा क्षतिग्रस्त की गई कार।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गंगापुर** से सीमेंट लेकर आ रही एक मालगाड़ी ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर बैक करते समय पटरी से उतर गई और दीवार से टकरा गई। दीवार तोड़कर मालगाड़ी ने बाहर खड़ी कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं दूसरी कार के ऊपर वहां लगा बिजली का खम्बा गिर गया, जिससे दूसरी कार का भी कुछ हिस्सा छतिग्रस्त हो गया है।

इस दुर्घटना के तुरंत बाद बार मौके पर रेलवे के आला अधिकारी और जीआरपी पहुंच गई। लोगों की भीड़ भी शाम होने के कारण स्टेशन पर लग गई। बताया जा रहा है कि

## गंगापुर से फरीदाबाद होते हुए गाजियाबाद जा रही थी सीमेंट की मालगाड़ी

मालगाड़ी चालक के द्वारा एमरजेंसी ब्रेक लगाई गई थी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस दौरान यदि रेलवे स्टेशन की पार्किंग में भीड़ होती, तो एक बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। यह मालगाड़ी गंगापुर से फरीदाबाद होते हुए गाजियाबाद जा रही थी।

जानकारी के मुताबिक रेलवे अधिकारियों की माने तो मालगाड़ी गंगापुर से आई थी। जिसमें से एक बोगी में भरा सिमेंट ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर उतारना था, इसके बाद मालगाड़ी का शेष माल गाजियाबाद जाना था।

उन्होंने बताया कि इसलिए मालगाड़ी को ओल्ड रेलवे स्टेशन पर रोका गया था। चालक जब बैक करके मालगाड़ी को ट्रेक पर लगा रहा था, उसी समय शाम पांच बजे मालगाड़ी ट्रेक के अंत में पहुंच गई। जिस कारण अंत की पटरी टूट गई और मालगाड़ी दीवार से टकरा गई। इस दौरान मालगाड़ी के पहिये के नट बोल्ट तक जमीन पर निकल गए और पहिया आधे से अधिक जमीन में धंस गया। दीवार को तोड़ते हुए मालगाड़ी वहां खड़ी एक कार और खम्भे को छतिग्रस्त करते हुए जमीन पर आ गई। क्षतिग्रस्त कार सेक्टर-31 में रहने वाले जयसिंह की है। वह पूछताछ के लिए रेलवे स्टेशन पर आए थे। उनका कहना है कि वह किसी ट्रेन के बारे में पूछने के लिए स्टेशन आए थे। लोगों का कहना है कि रेलवे के अधिकारी अपनी गलती को छुपा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि जांच करके बताएंगे। उनका कहना है कि कार में कोई बैठा होता, तो यह बड़ी घटना हो सकती थी। गनीमत यह रहा कि जिस जगह पर यह हादसा हुआ, वहां लोगों की भीड़ नहीं थी, क्योंकि ओल्ड फरीदाबाद स्टेशन पर सबसे ज्यादा भीड़ होती है।

# एनक्यूएएस की टीम ने बीके अस्पताल का किया दौरा



टीम की सदस्य को जानकारी देते बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विकास गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) की राष्ट्रीय स्तर की टीम ने सोमवार से तीन दिवसीय दौरे की शुरूआत की। इस दौरान तीन सदस्यी टीम ने बीके में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।

केंद्र की ओर से भेजी गई टीम में हिमाचल प्रदेश की डॉ. सोनम नेगी, डा. मीना मित्तल और डा. सुनीता भाटिया शामिल हैं। टीम ने पूरे अस्पताल में अलग-अलग दौरा किया। वहां मिली जानकारी को रैंक देने के हिसाब से नोट किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों से सभी चीजों की जानकारी हासिल की। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2017 में बीके अस्पताल को एनक्यूएएस का सर्टिफिकेट मिला था। यह हर तीन साल बाद बेहतर सुविधाएं देने वाले अस्पतालों को दिया जाता है। जिले में मात्र बीके अस्पताल को जिले के अन्य अस्पतालों के मुकाबले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पाई गई थीं। केन्द्र की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। यह प्रमाण पत्र बीके अस्पताल का 2020 में पूरा हो गया था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण अस्पताल में दोबारा निरीक्षण नहीं हो सका। जिसे देखते हुए केन्द्र सरकार की तरफ से सोमवार को यहां टीम भेजकर तीन दिवसीय जांच करने के निर्देश दिए है। बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि एनक्यूएएस के निरीक्षण के लिए टीम आई है। टीम ने पहले दिन की जांच पूरी कर ली है।

# संक्षिप्त समाचार

## होली जमकर खेलें मगर सावधानी के साथ : डॉ. रोहित



डॉ. रोहित गुप्ता।

**फरीदाबाद।** रंग और उत्साह का त्योहार होली को लेकर सभी ने तैयारियां शुरू कर दी है। रंग, गुलाल और पिचकारियों से बाजार में दुकान सज गई गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा होली जमकर खेलें, मगर सावधानी के साथ। एक छोटी सी गलती किसी के लिए खतरनाक हो सकती है। इसलिए रंग लगाते हुए और हवा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि रंग व गुलाल उड़ाते हुए ध्यान रखें कि यह किसी की आंख, कान और नाक में जाने पाए। होली पर रंग लगाते समय अक्सर युवा वर्ग खूब धूम-धड़ाका करते हैं। एक दूसरे को रंग में पूरी तरह से सराबोर करने के चक्कर में ऊपर से नीचे तक रंग से नहला देते हैं। इसी उठा-पटकी के बीच रंग किसी के भी आंख, कान और नाक में घुस सकता है। ऐसे में केमिकल रंगों के दौर में यह गलती किसी भी इंसान के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। केमिकल रंगों से अपने आप को बचाने के लिए होली खेलने से पहले अपने शरीर पर अच्छे से तेल या कोई क्रीम लगा लें।

## वन मंडल अधिकारी के कार्यालय पर धरना आरंभ

**फरीदाबाद।** वन मजदूर यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने अपनी 20 सूत्रीय मांगों को लागू करने के लिए वन मंडल अधिकारी फरीदाबाद के कार्यालय के सामने राज्य कमेटी के आह्वान पर दो दिवसीय धरना आरंभ कर दिया। आज के धरने की अध्यक्षता प्रधान लीले राम ने की जबकि संचालन विजय कुमार ने किया। धरने पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि 14 नवंबर 2021 को मुख्य वन संरक्षक हरियाणा के कार्यालय पंचकूला में वन मजदूर यूनियन हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हुई थी। इस बैठक में हरियाणा के सभी परीमंडलों के के वन संरक्षक शामिल हुए थे। इस मीटिंग में मुख्य वन संरक्षक हरियाणा ने यूनियन के द्वारा प्रस्तुत की गई 14 सूत्री मांगों को लागू करने के बारे में प्रदेश के तमाम वन मंडल अधिकारियों को निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने इन मांगों को अभी तक लागू नहीं किया इसलिए राज्य कमेटी ने 6 मार्च 2022 को रोहतक में संपन्न हुई अपनी बैठक में लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए पूरे प्रदेश में वन मंडल अधिकारी के कार्यालय पर 14 मार्च और 15 मार्च को दो दिवसीय धरने देने का एलान किया। इसी फैसले के तहत आज फरीदाबाद में भी धरना दिया गया। धरने को कर्मचारी नेता धर्मवीर वैष्णव, वन मजदूर यूनियन के नेता आजाद सिंह, किशन गुप्ता, श्रीमती रेशमा, राजन देवेंद्र, प्रेम, गोपाल आदि ने भी संबोधित किया।

## आरएसएस का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के सभागार में होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जीवा पब्लिक स्कूल संस्थापक ऋषिपाल चौहान को विभाग संघचालक डॉ अरविन्द सूद व बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ऋषिपाल ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद ऋषिपाल चौहान ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। महानगर फरीदाबाद पश्चिम के विवेकानंद नगर में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह को ऋषिपाल ने संबोधित किया व विभाग संघचालक अरविंद सूद ने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम में महानगर संघचालक व सह महानगर संघचालक, महानगर कार्यवाह सुनील मिश्रा, महानगर प्रचारक सुरेन्द्र व जितेन्द्र सह व्यवस्था प्रमुख व महानगर के अधिकतम कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## रंगोली और फूल से किया निगमायुक्त का स्वागत

**फरीदाबाद।** नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव का उत्तर प्रदेश के अकबरपुर विधानसभा चुनावी क्षेत्र से डयूटी समाप्त होने के बाद नगर निगम मुख्यालय फरीदाबाद आने पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गौरव अंतिल और अतिरिक्त निगमायुक्त इन्द्रजीत कुलाड़िया, अतुल आदि ने निगम कमिश्नर के कार्यालय के सामने बनाई गई रंगोली तथा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर निगमायुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम फरीदाबाद की दीवारों पर बनी वॉल पेंटिंग का निरीक्षण किया और वॉल पेंटिंग बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। निगमायुक्त ने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए वॉल पेंटिंग के माध्यम से भी लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

## दस किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने गांजा तस्करी में संलिप्त ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल है जो मेवात के दुलावट गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम थाना डबुआ एरिया में गश्त करते समय सूचना पर उसे पकड़ लिया। आरोपी ऑटो में गांजा लादकर तीन नंबर मस्जिद की तरफ आ रहा था। जब क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा ऑटो की तलाशी ली गई तो उसमें से 10 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## वार्ड बंदी की आपत्तियों को लेकर कमेटी गठित हुई

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार दावें व आपत्तियों को पूरे रिकॉर्ड के साथ प्राप्त करना सुनिश्चित करें। प्राथमिकता के आधार पर निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पूरी पालना करना सुनिश्चित करें। यह दिशा निर्देश उपायुक्त जितेन्द्र यादव सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों को बैठक में दे रहे थे। तीन एचसीएस अधिकारियों सदस्यीय समिति में बड़खल के एसडीएम पंकज सेतिया, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर अमित कुमार और एमसीएफ ओल्ड फरीदाबाद के ज्वाइंट कमीशनर डॉक्टर नरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि नगर निगम फरीदाबाद के चुनाव के लिए 45 वार्डों का गठन किया जा रहा है।

# अलायंस क्लब इंटरनेशनल का अन्तरराष्ट्रीय कन्वेंशन सम्पन्न



होटल रैडिसन ब्ल्यू में अलायंस क्लब इंटरनेशनल का अन्तर राट्रीय कन्वेशन में भाग लेती क्लब की सदस्य।

**फरीदाबाद।** अलायंस क्लब इंटरनेशनल ने अपना वार्षिक कन्वेंशन फरीदाबाद मे रैडिसन ब्ल्यू होटल में अलाय केजी अग्रवाल इंटरनेशनल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बहुत ही धूमधाम से 12 से 13 मार्च को मनाया।

इस समारोह मे पूरे भारतवर्ष से लगभग 220 सदस्यों ने भाग लिया। 12 मार्च को होटल रैडिसन मे पहुंचने पर सभी सदस्यों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर बहुत ही सुंदर एव सराहनीय उपहार प्राप्त किए। सायं 4 बजे बस की व्यवस्था कर सभी सदस्यों को एक बहुत ही सुंदर 44, ग्रीन फिल्ड वैनकटहाल मे पहुंचाया गया। सर्वप्रथम यहां पर फूलों की होली खेलने का आयोजन किया गया था। एक विशिष्ट टीम को इस कार्यक्रम के लिए निर्मंत्रित किया गया था। म्यूजिक एवं नृत्य के साथ होली खेली गयी। देश भर से आए सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। तत्पश्चात अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष अलाय केजी अग्रवाल ने कार्यक्रम शुरूआत की। अपने अभिभाषण में देश भर से आए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। अलाय केजी अग्रवाल इंटरनेशनल अध्यक्ष एव उनकी धर्म पत्नी अलाय साधना अग्रवाल ने सभी के अनुरोध पर एक दूसरे को वरमाला पहनाई। अलाय तृप्ता कौर जूनेजा ने अपने अलाय साथियों के साथ बहुत ही सुंदर राधा-कृष्ण की फोटो गिफ्ट के तौर पर भेंट की।

# बूस्टर पर एसी और फ्रिज लगाने की जांच नौ माह से लंबित

**फरीदाबाद।** कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने सरकारी बूस्टर पर एयर कंडीशनर और फ्रिज सहित वाटर कूलर लगाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया। शर्मा के सवाल के जवाब में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डाक्टर कमल गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम में किसी बूस्टर पर कोई एसी या फ्रिज नहीं लगाया गया है।

28 जून 2021 की रात फरीदाबाद के वार्ड नंबर छह के एक मामले में मंत्री ने बताया कि अभी इस मामले की जांच लंबित है। विधायक नीरज शर्मा का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों की तरफ से मिला गलत जवाब विधानसभा में दिया गया है। उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम के मुख्य अभियंता द्वारा आठ जुलाई 2021 को की गई जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि संबंधित बूस्टर के जेई ने खुद माना है कि बूस्टर पर एसी और फ्रिज सहित वाटर कूलर लोगों की सुविधा के लिए उसने अपने खर्चे पर लगाया गया है। यदि विभाग को आपत्ति है तो वह इन्हें हटा देगा।

# 100वें एक्सक्वेटर की चाबी सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सैनी** इंडिया ने तेलंगाना स्थित राजा राजेश्वरी कंस्ट्रक्शन्स (एसआरआरसी) प्राइवेट लिमिटेड को 6 वर्षों में 100वें एक्सक्वेटर की बिक्री कर अपने विश्वास को बरकरार रखते हुए शतक बनाया है। हाल ही में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सैनी इंडिया के मैंनेजिंग डायरेक्टर दीपक गर्ग ने राजा राजेश्वरी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के मैंनेजिंग डायरेक्टर रामू रावुरी को 100वें एक्सक्वेटर की चाबी सौंपी।



इस कार्यक्रम में सैनी इंडिया के रीजनल मैंनेजर मधुसूदन कटरागड्डा के क्षेत्रीय प्रबंधक, मधुरा इंजीनियरिंग के मैंनेजिंग डायरेक्टर चेतन कुमार भी उपस्थित थे। श्री राजा राजेश्वरी कंस्ट्रक्शन्स (एसआरआरए) प्राईवेट लिमिटेड इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में सबसे तेजी से बढने वाली फर्मों में से एक है जो तेजी से देश भर में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। सिंचाई, बिजली, रनवे, भवन, रेलवे और राजमार्गों में मुख्य व्यवसाय क्षेत्र के साथ, उनके पास देश के 5 से अधिक राज्यों में प्रमुख परियोजनाएं चल रही हैं। एसआरआरसी ने अपना पहला एक्सक्वेटर 2016 में सैनी इंडिया से खरीदा था और तब से लगातार ब्रांड सैनी में अपना विश्वास और निष्ठा दोहराई है। एक सामान विकास पथ की ओर अग्रसर इस कंपनी के साथ सैनी इंडिया का जुड़ाव महत्वपूर्ण होने के साथ साथ दोनों ही ब्रांड शीर्ष उत्पाद गुणवत्ता और बहुमुखी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एसआरआरसी ने सैनी इंडिया से मोटर ग्रेडर, बैचिंग प्लांट और रॉक ब्रेकर जैसे उपकरण भी खरीदे हैं।

इस अवसर पर सैनी इंडिया के मैंनेजिंग डायरेक्टर दीपक गर्ग ने कहा कि हमें तेलंगाना में अग्रणी निर्माण कंपनियों में से एक, श्रीराजा राजेश्वरी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को 100वें सैनी एक्सक्वेटर को सौंपते हुए खुशी महसूस हो रही है।

उनके साथ हमारे जुड़ाव में जबरदस्त वृद्धि पर हमें गर्व है। हम अपनी विश्व स्तरीय निर्माण मशीनरी के साथ इस निरंतर बढ़ती यात्रा में अपने पार्टनर्स की सहायता करके उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आने वाले वर्षों में एक साथ नए मील के पत्थर स्थापित करने के लिए सुदृढ हैं। इन वर्षों में, सैनी इंडिया ने अपने चाकन प्लांट से उत्पाद श्रृंखला में 2014 से एक्सक्रेटर के 3 मॉडल पेश करने से लेकर अब तक 26 मॉडल्स का विस्तार किया है।

# देश में 242 साइबर ठगी करने वाला गिरोह काबू

## गिरफ्तार आरोपियों में अशोक, शान, अमित, प्रदीप, तरुण और रविंद्र शामिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने साइबर ठगी के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अशोक, शान, अमित, प्रदीप, तरुण तथा रविंद्र का नाम शामिल है। आरोपी शान उत्तर प्रदेश के महोबा जिले का रहने वाला है वही अन्य आरोपी दिल्ली के निवासी हैं। इस मामले में दो आरोपी अभी फरार चल रहे हैं जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने साइबर



गांजा तस्कारी के आरोप में गिरफ्तार युवक राहुल।

ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए दिल्ली के जनकपुरी में कॉल सेंटर खोल रखा था। आरोपी किसी ब्रोकर से एलआईसी पॉलिसी धारकों का डाटा इकट्ठा करते थे। जानकारी प्राप्त होने के पश्चात इन आरोपी पॉलिसी धारक को फोन करते थे। खुद को एलआईसी का अधिकारी बताते हुए धारक को उसकी पॉलिसी के बारे में जानकारी देकर उन्हें अपने विश्वास में ले लेते थे। पॉलिसी के बारे में झूठी जानकारी देते थे, जिसमें कम समय में ज्यादा मुनाफे की गारंटी का झूठा वादा किया जाता था। लुभावनी बातों में आकर पॉलिसी धारक अपनी पुरानी पॉलिसी को बंद करके आरोपियों द्वारा बताई गई इस नई पॉलिसी को खरीदने के लिए तैयार हो जाता था जिसके पश्चात आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर पीड़ित से मोटी रकम ऐंठ लेते थे। इसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हुए फरीदाबाद के रहने वाले पीड़ित मनोज ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने इसी प्रकार उसके साथ 8.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। जिसके पश्चात साइबर थाना में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। थाना साइबर प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत के नेतृत्व में उप-निरीक्षक बाबूराम, सहायक उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र व प्रमोद, महिला प्रधान सिपाही अन्जु, हवलदार देवेन्द्र, सिपाही कृष्ण गोपाल, कृष्ण, आजाद तथा राकेश की एक टीम का गठन किया।

टीम ने साइबर तकनीकी का प्रयोग करके कड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि इस गिरोह में आरोपी अशोक, शान तथा अमित मुख्य आरोपी हैं। वही आरोपी रविंद्र के बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए थे।

आरोपी प्रदीप तथा तरुण अन्य आरोपियों के साथ मिलकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने के लिए एलआईसी अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते थे। आरोपियों ने पूरे भारत में साइबर ठगी की 242 वारदातों को अंजाम देने बारे पुलिस को जानकारी दी।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद पुरानी चुंगी के पास स्थित बोहरे धर्मशाला में होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें फूलों की होली खेली गई व एक दूसरे को चन्दन लगाकर होली की बधाई दी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, बलजीत कौशिक मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड-33 के समाजसेवी लक्ष्मीनारायण सैनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर लखन सिंगला ने कहा कि होली का त्यौहार हमें भाईचारे के साथ-साथ एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि हमें इस त्यौहार पर आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। उन्होंने इस होली मिलन कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मीनारायण सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

# अब ऑटोमोटिव सेक्टर में भी होगी साइबर सिक्योरिटी

## स्टीलबर्ड इंटरनेशनल ने इजरायल के साइबेलम के साथ की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में ऑटोमोटिव अवयवों की अग्रणी निर्माता स्टीलबर्ड इंटरनेशनल ने प्रोडक्ट सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के अग्रणी प्रदाता साइबेलम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। जिसके तहत निर्माता और आपूर्तिकर्ता साइबेलम के आधुनिक समाधानों को अपनाकर साइबर खतरों की पहचान कर सकेंगे और इनमें सुधार ला सकेंगे।

इस तरह भारतीय ओईएम एवं कम्पोनेन्ट निर्माता साइबेलम के आधुनिक समाधानों का लाभ उठा सकेंगे। आज के दौर में हम चाहे



घर पर हों, कार्यस्थल पर हों या अपने वाहन में यात्रा कर रहें हों, हममें से हर व्यक्ति हर समय हाइपरकनेक्टेड वातावरण में रहता है। जैसे ही कोई सिस्टम नेटवर्क के साथ जुड़ता है, इसके साथ साइबर हमले की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे में वाहनों के संदर्भ में साइबर सुरक्षा- ऑटोमोटिव इलेक्ट्रिक सिस्टम, कम्युनिकेशन नेटवर्क को सुरक्षित बनाएगी, एल्गोरिदम को नियन्त्रित करेगी, सॉफ्टवेयर तथा डेटा को दुर्भावनापूर्ण हमलों और नुकसान, अनधिकृत एक्सेस एवं हेरफेर से सुरक्षित रखेगी। उदाहरण के लिए, एक कनेक्टेड कार किसी कम्प्यूटर या नेटवर्क से जुड़ी होती है, ऐसे में स्टीयरिंग से लेकर ब्रेकिंग तक-कार से जुड़े हर पहलु पर साइबर खतरे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। आज की कार में कई आधुनिक फीचर्स होते हैं और लाखों सोर्स कोड के साथ 150 इलेक्ट्रोनिक कंट्रोल यूनिट्स हो सकती है, ऐसे में साइबर जोखिम की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है।

एडी लेजबनिक, ग्लोबल पार्टनरशिप डायरेक्टर, साइबेलम ने कहा, ऑटोमोटिव उद्योग आज इंटरकनेक्टेड हो रहा है, ऐसे में वाहनों पर साइबर हमलों की संभावना भी बढ़ रही है। हमें खुशी है कि हमें भारतीय बाज़ार के दिग्गज स्टीलबर्ड इंटरनेशनल के साथ जुड़ने का मौका मिला है।'

# भाजपा की रणनीति

## निरंतर विजय की इच्छा

**भाजपा** की रणनीति कांग्रेस से अलग है और वह अभी से गुजरात चुनाव की तैयारी करने लगी है। 1951 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के पहले चुनाव में कांग्रेस ने 430 सीटों में से 387 पर विजय पाई थी। लेकिन 2022 में वह केवल दो सीटें जीतने में सफल हुई है और 387 सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई है। उस समय उसका मत प्रतिशत 47.93 प्रतिशत था जो अब घट कर दो प्रतिशत से थोड़ा ही अधिक बचा है। क्या इससे अप्रासांगिकता का संकेत मिलता है? सीटें हारना चुनावी राजनीति का हिस्सा है, लेकिन मतों का नुकसान अस्तित्व पर सवाल खड़े कर सकता है। आज कोई भी नेता सोनिया गांधी और उनके बच्चों का मुहरा नहीं बनना चाहता है। मीडिया और सोशल मीडिया से यह गिरावट सामने आई है। विकास कार्यों के बजाय दो आम चुनावों में संवेदना के कारण सत्ता में पहुंचने वाली पार्टी आज जनता में मजाक का विषय बन गई है। स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ रही पार्टी को निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। लेकिन राजनीतिक नुकसानों, तथ्यों और सफलताओं का खेल है। वर्तमान समय में सड़न रोकने के लिए 'आला कमान' जो भी निर्णय ले, वे नाकाफी हो सकते हैं। भाजपा अभी से गुजरात चुनाव की तैयारी करने लगी है, जबकि कांग्रेस ने शुरुआती कदम भी नहीं उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परिणाम आने के अगले ही दिन अहमदाबाद में थे जहां अपनी मां के साथ उनके फोटो सोशल मीडिया पर वाइरल हो गए। अगले 48 घंटों में एक अखबार की खबर के अनुसार, उन्होंने तीन रोड शो किए तथा इस वर्ष के अंत में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए राज्य पार्टी नेताओं से बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने



हजारों पंचायतराज प्रतिनिधियों को संबोधित किया, एक विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में भाग लिया तथा राज्यस्तरीय खेल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह सब तब हुआ जब भाजपा राज्य में सत्तारूढ़ है।

दूसरी ओर गुजरात कांग्रेस के विधायक चुनाव रणनीति पर चर्चा के लिए राहुल गांधी से मिलना चाहते हैं। उन्होंने 'आला कमान' को पत्र लिखा था कि पार्टी कार्यकर्ता हतोत्साहित हैं तथा भाजपा से मुकाबले की रणनीति के अभाव में निराश हैं। अभी आधिकारिक रूप से राहुल ने इसका जवाब नहीं दिया है। इस प्रकार दो प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय पार्टियों का चुनावों के प्रति दृष्टिकोण अलग दिखता है। हो सकता है कि गुजरात कांग्रेस कार्यसमिति के दिमाग में तात्कालिक समस्या न हो, जिसे हमेशा की तरह समस्या से निपटना तथा 'आला कमान' को मिलने वाली कोई चुनौती कुचलना है। उत्तर प्रदेश में भयानक पराजय की जांच की जाएगी और यह भी परंपरागत रूटीन है। इस रिपोर्ट का भविष्य में अतीत की अनेक रिर्पोटों से अलग नहीं होगा। पिछले दौर में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के बहुत खराब प्रदर्शन पर एक समिति ने कारणों की जांच की थी। लेकिन इसे कभी सार्वजनिक नहीं किया गया और इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं कि 'आला कमान' ने कभी संस्तुतियों पर कार्रवाई की। पार्टी की लगातार गिरावट जारी है। वह जो कुछ करती है उसके उल्टे नतीजे निकलते हैं। उसके कामकाज में पारदर्शिता तथा रास्ता ठीक करने का प्रयास गायब है। नवीनतम राजनीतिक पराजय के बावजूद 'आला कमान' बिना किसी जल्दबाजी के पुराने तरीके से काम कर रहा है। उसके लिए संगठनात्मक चुनाव प्राथमिकता होंगे। अंतरिम के स्थान पर निर्वाचित 'आला कमान' की जरूरत है। ऐसे में केवल यह देखना बाकी है कि क्या 'आला कमान' की संरचना में अंतर से पार्टी का भविष्य सुधरेगा।

# जटिल परस्पर निर्भरताओं का खतरा

यूरोप और एशिया रूसी गैस पर निर्भर हैं। इसी कारण पुतिन यूक्रेन में आसानी से मनमानी कर रहे हैं। शायद यहां जल्द तनाव घटाने की प्रक्रिया शुरू हो।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



हालिया रूस यूक्रेन संकट के परिदृश्य में जटिल परस्पर-निर्भरताओं के खतरों पर बहस हो रही है जिनका संबंध ऊर्जा सप्लाई तथा अनाजों के व्यापार से है। 2012 में रूस विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ का सदस्य बना था और आज वह यूरोपीय संघ-ईयू के सर्वोच्च चार व्यापारिक साझेदारों में शामिल है। वह क्षेत्र में प्राकृतिक गैस, कच्चे तेल और परिष्कृत तेल उत्पादों का प्रमुख सप्लायर है। अनुमान है कि रूस यूरोपी की एक तिहाई ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। रूसी सांख्यिकी के दृष्टिकोण से रूस के आधे तेल का निर्यात यूरोपीय देशों को होता है जिसमें जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, पोलैंड, फिनलैंड, लिथुआनिया, यूनान, रोमानिया व बुल्गारिया शामिल हैं। उदारवादियों के दृष्टिकोण से यह परिदृश्य यूरोप व अन्य क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने तथा सुरक्षा बढ़ाने के लिए आदर्श है। अक्सर अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञों ने परस्पर-निर्भरताओं का दृष्टिकोण सामने रखा है जिससे राज्यों को विदेश व सुरक्षा नीति के रूप में बल प्रयोग का उपकरण प्रयोग करने की प्रवृत्ति घटती है। लेकिन जिस प्रकार हालिया संकट सामने आया है, उससे यह सिद्धान्त विफल होता लगता है।

इसके बजाय परस्पर-निर्भरताओं के कारण यूरोपीय संघ जैसे स्थापित संस्थानों में राजनीतिक व रणनीतिक विभाजन भी सामने आते हैं। इससे सुरक्षा व रक्षा को प्रभावी बनाने वाले पहले सहमति प्राप्त परस्पर सिद्धान्तों के पालन में हिचक दिखती है। हालांकि, रूस ने 1990 के दशकांत में चीन को कच्चा तेल निर्यात शुरू किया था, पर क्रीमिया प्रकरण के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण रूस ने अपने ऊर्जा संसाधन बेचने के वैकल्पिक रास्ते खोजे। आईएईए के आंकड़ों के अनुसार मास्का अपने घरेलू ऊर्जा उत्पादों का 52 प्रतिशत स्वयं उपभोग करता है और इस प्रकार वह अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के बारे में लगभग आत्मनिर्भर है। 2018 में ऊर्जा क्षेत्र मास्को के संघीय भंडार का लगभग 48 प्रतिशत था। इसलिए रूस द्वारा स्वयं को भू-राजनीतिक रूप से पुन: स्थापित करने के लिए अपने संसाधनों का पुन: उन्मुखीकरण जरूरी था। रूस ने यूरोप को ऊर्जा के मामले में अस्थिर रखने के लिए त्रिआायामी दृष्टिकोण अपनाया। पहला, उसने अपने निर्यात के मूल्य बढ़ा दिए और यूरोप को काफी सीमा तक इनको स्वीकार करने पर मजबूर किया। दूसरा, उसने यूरोपीय देशों को सप्लाई के मामले में परिवहन मार्गों का विविधीकरण किया ताकि यूक्रेन व अनय पूर्वी यूरोपीय देशों को परिवहन मार्ग से अलग किया जा सके। इसके उदाहरण तुर्की से होकर गुजरने वाली 'ब्लू स्ट्रीम पाइपलाइन' तथा नार्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन हैं। इन दो उपायों से यूरोप में विश्वास पैदा हुआ कि शायद रूस अंतरराष्ट्रीय संबंधों के व्यवहार में बल प्रयोग का रास्ता छोड़ दे। इस प्रकार उन्होंने आयात पर निर्भरता बनाए रखी। हालांकि, अमेरिका और ब्रिटेन ने शुरुआत से ही नार्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन पर असहमति प्रकट की थी जिसका उद्देश्य सीधे देशों को गैस सप्लाई थी।

लेकिन ऐसे निर्णय आर्थिक रूप से यूरोपीय संघ व रूस के लिए विन-विन वाली स्थिति थी जिससे धीरे-धीरे यूरोपीय संघ के भीतर राजनीतिक मतभेद पैदा हुए। उदाहरण के लिए, जर्मनी अपनी जरूरत की 35 प्रतिशत गैस रूस से आयात करता है, इसलिए वर्तमान संकट में उसने रूस से ऊर्जा आयात पर रोक लगाने से इनकार किया। उसने इसे 'नागरिकों के दैनिक जीवन' के लिए जरूरी बताया है। हंगरी और नीदरलैंड ने भी यही दृष्टिकोण अपनाया है। मास्को का तीसरा महत्वपूर्ण निर्णय एशिया में अपने ऊर्जा प्राप्तकर्ताओं का विविधीकरण किया। प्राकृतिक गैस का निर्यात पाइपलाइन व्यवस्थाओं व एलएनजी के माध्यम से होता है। रूसी पाइपलाइन गैस के प्राप्तकर्ताओं में यूरोपीय व सीआईएस देश शामिल हैं। एलएनजी के लिए एशिया-प्रशांत के देश प्रमुख आयातकर्ता हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया व ताइवान शामिल हैं। 2019 में चीन ने रूसी गैस साइबेरिया पाइपलाइन के माध्यम से प्राप्त करनी शुरू की तथा 2022 के प्रारम्भ में दोनों देशों ने चीन को और ज्यादा गैस सप्लाई के तीस-वषीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस प्रकार पहले यूरोप के पक्ष में राजस्व संतुलन 2019 के बाद बदल गया। इसे एशिया के प्रति मास्को की रणनीति का पुन: उन्मुखीकरण कहा जा सकता है। आंकड़ों के अनुसार, रूसी एलएनजी का लगभग 45.4 प्रतिशत एशिया को होता है तथा 52 प्रतिशत यूरोप को। इस प्रकार यूरोप और एशिया रूसी गैस पर निर्भर हैं। इस प्रकार पुतिन आसानी से यूक्रेन में अपनी इच्छा पूरी कर सके जहां जल्द ही तनाव घटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। वर्तमान समय में यूरोपीय संघ सदस्यों के लिए रूसी प्राकृतिक गैस की सप्लाई विवाद का विषय बन गई है। इसी कारण नाटो लगभग असहाय अनुभव कर रहा है और इसकी संस्थागत जीवन्तता पर भी सवाल उठ रहे हैं। जहां तक कोयले का सवाल है, 2020 में रूसी कोयले का निर्यात 54 प्रतिशत एशिया तथा 31 प्रतिशत ओईसीडी यूरोप को हुआ। मजेदार बात है कि टकराव शुरू होने के एक दिन पहले ही मास्को ने एक साल के लिए चीन को 100 मिलियन टन कोयला निर्यात की महत्वपूर्ण घोषणा की थी। इस प्रकार उसने यूरोपीय संघ द्वारा संयुक्त दृष्टिकोण अपनाने व यूरोपीय प्रतिबंधों का मुकाबला करने की वित्तीय तैयारी के संकेत दिए थे।

20 बिलियन डालर का यह समझौता चीन पर रूसी ऊर्जा पकड़ और मजबूत होने का संकेत करता है। विशेषज्ञों के अनुसार मास्को इससे संकेत दे रहा है कि वह अब जूनियर पार्टनर नहीं है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा तथा भू-राजनीति के बीच महत्वपूर्ण अंत: संबंध हैं। ऐतिहासिक रूप से जब सोवियत संघ का विघटन हुआ, उस समय यूएसएसआर बड़ी मात्रा में अनाज आयात करता था। 1980 के दशक में तेल संकट के समय जब उसके ऊर्जा आयात की कीमतें गिरीं तो देश को भारी वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा था। 2014 में प्रतिबंधों के बाद वाले परिदृश्य में पुतिन ने अपना खाद्य सुरक्षा परिदृश्य उलट दिया था। आज रूस दुनिया में गेंहू का सबसे बड़ा निर्यातक है और उसका बाजार में हिस्सा 18 प्रतिशत से अधिक है। रूस ने खाद्य निर्यात बाजारों में अपना गुणात्मक व क्षेत्रात्मक विस्तार किया है। 2020 में रूस का खाद्य निर्यात 30.5 बिलियन डालर था जो 2021 में बढ़ कर 37.7 बिलियन डालर हो गया। यूरोपीय संघ ने रूस से अपना खाद्य निर्यात 2020 के बाद बढ़ा कर 41 प्रतिशत कर लिया और इस प्रकार वह रूस पर ज्यादा निर्भर है। इसी प्रकार रूस ने तुर्की और चीन से संबंध बढ़ाए और उनका जल्द ही रूस के खाद्य निर्यात में दूसरा और तीसरा स्थान हो गया। यदि रूस ऐसे में जवाबी कार्रवाई करता है तो यूरोप, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और उत्तरी अमेरिका में खाद्य सुरक्षा परिदृश्य संकट में आ जाएगा। इन क्षेत्रों के अनेक देश यूक्रेन के साथ ही रूस से बड़ी मात्रा में गेंहू आयात करते हैं। इस प्रकार वर्तमान संकट का एक विभाजनकारी प्रभाव है, जबकि यूरोपीय संघ व आर्गेनाइजेशन आफ अमेरिकन स्टेट्स-ओएएस जैसे संगठन विभाजित हैं। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान में दिखी। यहां उरुग्वे, जमैका, अर्जेन्टाइना व ब्राजील ने रूस-विरोधी दृष्टिकोण नहीं अपनाया। कृषि रक्षा के दृष्टिकोण से पुतिन ने 2020 में नया खाद्य सुरक्षा दृष्टिकोण अपनाया जो 2010 के सिद्धान्त के स्थान पर आया था।

पुराने सिद्धान्त में जेनेटिक परिवर्तित आयातित बीजों को प्रतिबंधित किया गया था ताकि अनाजों व फलों की देशी किस्मों को संरक्षण दिया जा सके तथा उनके उपभोग के साथ पुन: बागवानी को प्रोत्साहन मिले। इसके साथ ही कृषि-उद्योग समुच्चयों को प्रोत्साहन दिया गया था। रणनीतिक दृष्टिकोण से इन उपायों की प्रशंसा की जानी चाहिए। दक्षिण एशिया के दृष्टिकोण से देखें तो रूस-पाक रणनीतिक संबंध बढ़ते दिख रहे हैं। पश्चिम पर साहसी बयान के बाद पाकिस्तान ने रूस से दो मिलियन टन गेंहू व प्राकृतिक गैस आयात करने का समझौता किया है। इससे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों का संकेत मिलता है जो भारत के लिए रणनीतिक चिन्ता का विषय है। हालिया घटनाक्रम दक्षिण एशिया में विकसित होते सुरक्षा ढांचे का संकेत करते हैं।

पाकिस्तान इस समय रूस, भारत व अमेरिका के बीच बन रहे त्रिकोणीय संबंधों में अपनी भूमिका अदा करना चाहता है। भारत ने हथियार खरीद को विविधतापूर्ण बनाया है और सरकार का ध्यान रक्षा के लिए स्वदेशी तकनीकों के विकास पर केन्द्रित है, हालांकि अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है। यूक्रेन की परिघटना से भारत को उचित सबक सीखने चाहिए।

# मानव जीवन के लिए नदियों को बचाएं

" वर्षा जल की अनिश्चितता को देखते हुए सभी की निगाहें विभिन्न मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए नदियों पर टिकी हैं। "

**हरीश बर्थवाल**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जल एक आदिम तत्व है जो जीवन को बनाए रखता है, जीवन का अमृत जैसा कि सर सी.वी. रमन ने बुलाया। इसे अत्यंत सावधानी और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। विश्व स्तर पर, यह दुर्लभ हो रहा है। कहीं यह सोने से भी महंगा है, पेट्रोल से भी महंगा है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल है। फिर भी 97 प्रतिशत नमकीन है और केवल एक प्रतिशत तैयार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त है। मानव और कृषि उपयोग के लिए अस्सी प्रतिशत जल आपूर्ति भूजल से प्राप्त होती है। भूजल के बढ़ते दोहन से अधिकांश क्षेत्रों में भूजल का स्तर कम होने के साथ-साथ मिट्टी की लवणता भी पैदा हो रही है। लगभग दो मिलियन टन जहरीले औद्योगिक अपशिष्ट, कचरा और खेत के कचरे का दैनिक निर्वहन भूजल की गुणवत्ता को और खराब कर देता है। गंदे पानी को उपयोग के लिए फिट और सुरक्षित बनाने की तकनीक मौजूद है लेकिन यह बहुत महंगी है।

वर्षा जल पीने योग्य पानी का एक उत्कृष्ट स्रोत है, लेकिन इसकी अनिश्चित और अविश्वसनीय उपलब्धता इसे अप्रबंधनीय बनाती है। इसलिए, सभी की निगाहें विभिन्न मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए नदियों पर टिकी हैं। सभ्यताओं, कृषि, परिवहन, जल विद्युत उत्पादन और आर्थिक विकास के विकास में नदियों की मौलिक भूमिका को स्वीकार करते हुए, नदियों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जल प्रदूषण को रोकने के लिए 14 मार्च को नदियों के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्य दिवस की स्थापना की गई थी। जल शक्ति मंत्रालय नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। अगर बहते पानी



के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई होती, तो हमारी शहरी और ग्रामीण बस्तियों को नदी प्रदूषण और पीने योग्य पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ता। भारत में अधिकांश नदियाँ गंभीर रूप से प्रदूषित हैं, कुछ गंदी नहरों की तरह दिखती हैं। लंदन का टेम्स, जो अब तक का सबसे स्वच्छ है, अनुकरणीय उदाहरण है। पचास साल पहले तक यह बहुत प्रदूषित था और इसे जैविक रूप से मृत घोषित किया गया था। ब्यूटिट को साफ और पुनर्जीवित किया गया था। भारतीय खेती की स्थितियां सूखे और बाढ़ से विशेष रूप से प्रभावित हैं। इस संदर्भ में नदियों और नहरों को आपस में जोड़ने की परियोजना महत्वपूर्ण है। एक बार लागू होने के बाद, मानसून के महीनों के अत्यधिक पानी को पानी की कमी वाले क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा और बड़े क्षेत्रों को खेती और सिंचाई के तहत लाने में भी मदद मिलेगी, परिवहन के लिए जलमार्गों का निर्माण और बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं की स्थापना में तेजी लाने और अतिरिक्त रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी। अफसोस की बात है कि देश का नदी जल वितरण दृश्य अंतर-राज्यीय विवादों से ग्रस्त है- कृष्णा, कैवेरी, सतलुज, ब्यास, रावी, तुंगभद्रा, गोदावरी, नर्मदा, माही, यमुना, कर्मसा, और इसी तरह।

पानी के बंटवारे पर राज्य के विवादों को निपटाने के लिए स्थापित ट्रिब्यूनल संघर्षों को हल नहीं कर सके। यह संघर्ष एक तटवर्ती राज्य की उस पानी से अलग होने की अनिच्छा के बारे में है जिसे पड़ोसी राज्य में लाखों लोगों की प्यास बुझाने के लिए बख्शा जा सकता है। विदेश में, राइन-डेन्यूब नहर, इलिनोइस जलमार्ग, टेनेसी-टॉमिगबी जलमार्ग, गल्फ इंट्राकोस्टल जलमार्ग और डियान झोंग वाटर डायवर्जन प्रोजेक्ट के इंटरलिंकिंग ने प्रदर्शित किया है कि नेटवर्क ने कई गुना लाभ की शुरुआत की है। घर पर, कृष्णा, पेन्नार और कावेरी से संबंधित प्रस्तावित नदी जोड़ने की परियोजनाओं पर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने हाल ही में स्पष्ट रूप से घोषणा की कि राज्य के हिस्से का पानी पाने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे, समझौता नहीं। गोदावरी जल पर तेलंगाना द्वारा भी इसी तरह की भावना व्यक्त की गई है। फिर, हमारे पास एक और दृष्टिकोण है जिसे भारत के जलविद्यमान राजेंद्र सिंह ने नदियों को जोड़ने के खिलाफ दृढ़ता से समर्थन किया है, जो नदियों के मुक्त प्रवाह, नसों और पृथ्वी की धमनियों को मोड़ने की अपील नहीं करते हैं।

यह सच है कि नदियों का मार्ग बदलना जल जीवों की पारिस्थितिकी को बिगाड़ सकता है, फिर भी समग्र दीर्घकालिक लाभों को देखते हुए जलमार्ग जोड़ने की परियोजना को सही ठहराते हैं। राजेंद्र सिंह भी पनबिजली संयंत्रों के निर्माण का विरोध करते हैं क्योंकि इस प्रकार उत्पादित बिजली की लागत रु। सौर ऊर्जा के मुकाबले 19 रुपये प्रति यूनिट, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों में से किसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## आप की बात

### बेसहारा पशुओं का मुद्दा

**उप्र** में विधानसभा की रैली में बेसहारा पशुओं के मुद्दे को हल करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव होने के बाद हल करने का आश्वासन दिया था। उप्र जैसे विशाल राज्य में कृषि के साथ पशुपालन आय बढ़ाने का सबसे बड़ा साधन है। मशीनीकरण और आधुनिकता में खोया मनुष्य कृषि और पशु पालन का महत्व भूल रहा है। कृषि में जोताई से मड़ाई तक सारा कार्य यंत्रों से करवाकर आज किसान हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहता है। दूध देना बंद करते ही वह गायो और उसके बछड़ो को अन्न छोड़ देते है।जबकि पूर्व में लोग अपने वृद्ध जानवरो की सेवा मरने तक करते थे। धान का पुवाल और गेहूं का भूसा वर्षभर जानवरो के चारे के रूप में उपयोग करते थे।कम्बाइन मशीन से अनाज किसान लेकर फसल अवशेष को आग की भेंट चढ़ा देते है। जो पशुओं का चारा होता था। गांवों में चरागाहों और तालाबो पर अवैध कब्जो से पशुओं के चारे की समस्या है। जिसके समाधान के लिये सरकार को कम्बाइन मशीनों पर रोक और चारागाहों तथा तालाबो को अवैध कब्जों से मुक्ति दिलाने की ओर सरकार ध्यान दे। लोगों का कर्तव्य है कि वे अपने पालतू जानवरों को अन्ना न छोड़कर उनकी देखभाल करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### भाजपा की टक्कर में आप

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की कांग्रेस विहीन भारत की कल्पना को भले ही पंजाब में स्वीकार किया गया हो और कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया हो। लेकिन इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को नहीं मिला। जैसा दिल्ली में हुआ वैसा ही पंजाब में भी हुआ। दोनों ही जगह कांग्रेस की सरकार थी, जो अब नहीं है। लेकिन इन जगहों पर कांग्रेस के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने पैर नहीं जमा सकी। दिल्ली में शीला दीक्षित की सरकार के बाद अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी और दोबारा भी यही सरकार कायम हुई। यानी जहां कांग्रेस थी वहां आम आदमी पार्टी ने अपना कब्जा जमा लिया। इसी तरह पंजाब में भी चन्नी सरकार के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। जहां कांग्रेस का शासन था वहां अब कांग्रेस नहीं है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को भी लोगों ने उसके विकल्प के रूप में नहीं चुना। कांग्रेस के मैदान से हटते ही जो रिक्त स्थान हुआ, उस पर भाजपा नहीं बल्कि आप कब्जा करती जा रही है। कहा जा सकता है कि अब देश में कांग्रेस की जगह आम आदमी पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को टक्कर देने के लिए खड़ी हो रही है।

– **डॉ. हेमंत कुमार**, गिरिडीह

### विचारणीय प्रश्न

**भारत** एक बड़ा देश है, जहां कोई ना कोई चुनाव वर्ष भर चलता रहता है। कभी आम चुनाव तो कभी विधानसभा चुनाव। इसी के चलते देश मे एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग तेजी से बढ़ रही हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा तो पंचायत से नगर निगम तक के चुनाव एक ही सियासी थाली पर होंगे और इससे विकास का एक नया संदेश दिया जा सकेगा। जाहिर है चुनावी खर्च में कटौती के साथ-साथ कुछ मुद्दे, मकसद और मंतव्य भी साझा होंगे। जातिवाद, संप्रदायवाद एवं वोटरों की खरीद-फरोख्त को दूर करने में भी इससे मदद मिलेगी। राजनैतिक स्थिरता बनी रहेगी। काले धन के स्तेमाल मे कमी होगी। उम्मीद है कि एक देश, एक चुनाव व्यवस्था भ्रष्टाचार को रोकने और एक अनुकूल सामाजिक-आर्थिक वातावरण के निर्माण का साधन बन सकती है। देश में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों को राष्ट्रहित में विचार कर सहमति बनानी चाहिए क्योंकि यही समय की मांग भी हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**शत्रुघ्न** सिन्हा आसनसोल लोकसभा उपचुनाव में हमारे उम्मीदवार होंगे।

– **ममता बनर्जी**
टीएमसी सुप्रीमो

यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण खून और आंसुओं की नदियां बह रही हैं।

– **पोप फ्रांसिस**
कैथोलिक चर्च प्रमुख





**सरकार** बनाने की तुलना में किसी व्यक्ति का जीवन हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# पंजाब में कांग्रेस की हार के लिए गांधी परिवार जिम्मेदार

भाषा। चंडीगढ़



**अमरिंदर सिंह** ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के लिए सोमवार को पूरी तरह से गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि उनके मुख्यमंत्री पद से हटने से पहले पार्टी की स्थिति पंजाब में बेहतर थी। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा पांच राज्यों में पार्टी की हुई हार की समीक्षा करने के एक दिन बाद सिंह ने अपने बयान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और भ्रष्ट चरणजीत सिंह चन्नी पर कटाक्ष किया। सिंह की जगह चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे।

पिछले साल मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी और अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस बनाई। सिंह ने पंजाब में कांग्रेस की हार का दोष उन पर डालने की कोशिश करने के लिए सीडब्ल्यूसी की आलोचना की और कहा कि बेहतर होगा वे दोष मढ़ने के बजाय अपनी गलतियों को स्वीकार करें। उन्होंने कहा, कांग्रेस न केवल पंजाब में बल्कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी हार गई है और पार्टी की शर्मनाक हार के लिए गांधी परिवार पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का जिक्र करते हुए कहा, देश भर में लोगों का गांधी परिवार के नेतृत्व पर से विश्वास उठ चुका है।

पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी सोमवार को चुनाव से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में चन्नी की नियुक्ति पर सवाल उठाया और पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा चन्नी को कथित तौर पर उपयोगी नेता (एसेट) के रूप में वर्णित करने के लिए उनका उपहास उड़ाया। हाल में सम्पन्न हुए पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 18 सीट पर जीत मिली और आम आदमी पार्टी (आप) ने 117 सदस्ईय विधानसभा में 92 सीट हासिल कीं। अमरिंदर सिंह ने दावा किया कि पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ नेता पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी कलह और राज्य में खराब प्रदर्शन के लिए नवजोत सिद्धू के पार्टी विरोधी बयानों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा, पार्टी ने सीमावर्ती राज्य में उसी दिन अपनी कब्र खोद ली थी, जब उसने नवजोत सिद्धू जैसे अस्थिर और आडंबरपूर्ण व्यक्ति का समर्थन किया और चुनाव से कुछ महीने पहले चरणजीत सिंह चन्नी जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने का फैसला किया।

सिंह ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के जो नेता यह दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार के खिलाफ मजबूत सत्ता विरोधी लहर थी, वे इस बात को आसानी से भूल गए कि उन्होंने (सिंह ने) 2017 के बाद से पार्टी के लिए हर चुनाव जीता था, जिसमें फरवरी 2021 में नगर निकायों के चुनाव भी शामिल थे। उन्होंने कहा, ए नेता सिर्फ चापलूस हैं, जो दूसरों पर दोष मढ़कर परिवार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और दीवार पर लिखी इबारत को लेकर आंखें बंद कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा व्यवस्था में कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। सिंह ने कहा कि पंजाब में हार का असली कारण यह है कि पहले पार्टी आलाकमान पक्ष में रहा और फिर नवजोत सिद्धू जैसे लोगों पर लगाम लगाने में विफल रहा, जो अपने निजी लाभ के लिए पार्टी की छवि खराब करने में लिप्त थे। उन्होंने कहा, मुझे बदनाम करने के प्रयासों में पार्टी आलाकमान ने नवजोत और अन्य लोगों के साथ हाथ मिलाया और इस प्रक्रिया में पार्टी को पूरी तरह से बदनाम कर दिया। सिंह ने कहा, हालांकि वह सीडब्ल्यूसी या कांग्रेस को कोई स्पष्टीकरण नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने इन नेताओं की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने का चयन सिर्फ इसलिए किया क्योंकि वह पंजाब के लोगों को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहते है, जिनके प्रति वह खुद को अब भी जवाबदेह महसूस करते हैं। अमरिंदर सिंह को उनके और नवजोत सिद्धू के बीच टकराव के बाद पिछले साल सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। राज्य में 2022 के विधानसभा चुनाव में सिंह की नई पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी।



संसद भवन में बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते गृहमंत्री अमित शाह

# उमा भारती ने शराब की दुकान पर पत्थर मारने के कृत्य को सही ठहराया

● **पत्र में उमा भारती ने राज्य सरकार से निषिद्ध और वर्जित स्थानों पर चल रही शराब की दुकानों और शराब के अहातों को तुरंत बंद करने की मांग की है**

भाषा। भोपाल



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार को एक शराब की दुकान में पत्थर फेंकने की अपनी कार्वाई को सही ठहराते हुए भाजपा की तेजतर्रार नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारत ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। पत्र में उमा भारती ने राज्य सरकार से निषिद्ध और वर्जित स्थानों पर चल रही शराब की दुकानों और शराब के अहातों को तुरंत बंद करने की मांग की है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में भारती ने कहा कि कहा कि वह 13 मार्च 2022 को महिलाओं के आग्रह पर भोपाल के बरखेड़ा पठानी के आजाद नगर में शराब की दुकान एवं अहाता देखने के लिए गई थीं, जहां मंदिर और स्कूल हैं। उमा ने बताया कि महिलाएं तीन साल से इन शराब की दुकानों को बंद करने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन प्रशासन के आश्वासन के बाद भी यह दुकानें बंद नहीं होती हैं। भारती ने कहा कि वह शासन से इस संबंध में बात करने की बात कहकर वापस मुड़ीं, तो अचानक कुछ महिलाओं ने रोते हुए बताया कि लोग शराब पीकर दुकान के पीछे लघुशंका करके महिलाओं और बच्चियों को लज्जित करते हैं। भारती ने कहा कि इतना सुनने पर उनकी प्रतिक्रिया बिल्कुल स्वाभाविक थी। उमा ने कहा, मैं वापस शराब की दुकान की ओर मुड़ी, कर्मचारियों को थोड़ा दूर होने के लिए कहा और फिर पूरी ताकत से एक पत्थर शराब की बोतलों पर मारा।

भारती ने कहा कि वह एक महिला हैं और रोती हुई महिलाओं के सम्मान की रक्षा में के लिए उन्होंने पूरी ताकत से एक पत्थर शराब की बोतलों पर मारा, क्योंकि वह दुकान नियम विरुद्ध जगह पर थी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा चलाया गया पत्थर प्रदेश की स्त्रियों और बच्चियों के सम्मान के लिए है। भाजपा नेता लंबे समय से मध्य प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग कर रही हैं और इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री चौहान से भी मिली थीं।

# कभी सोचा नहीं था कि नैतिकता का स्तर इतना नीचे गिर सकता है : न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों को मिलने वाली 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि पाने के लिए झूठे दावों पर सोमवार चिंता जताई और कहा कि उसने कभी सोचा भी नहीं था कि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और उसे लगता था कि नैतिकता का स्तर इतना नीचे नहीं गिर सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह मामले की जांच महालेखाकार कार्यालय को सौंप सकता है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने कहा, हमने कभी उम्मीद नहीं की थी और कभी सोचा नहीं था कि इसका भी दुरुपयोग किया जा सकता है। यह शुचिता का काम है और हमने सोचा था कि हमारी नैतिकता इतनी नीचे नहीं गिरी है कि इसमें कुछ झूठे दावे भी होंगे। हमने यह कभी सोचा नहीं था। पीठ ने मुआवजा देने के लिए दिए जा रहे कोविड-19 से मौत के फर्जी प्रमाणपत्रों पर पिछले सप्ताह चिंता जताई थी और कहा था कि वह इस मुद्दे की जांच का आदेश दे सकता है। पीठ ने कहा था कि अगर ऐसे फर्जी दावों में अधिकारी शामिल है तो यह बहुत गंभीर बात है।

उच्चतम न्यायालय ने पहले सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) के सदस्य सचिव के साथ समन्वय करने के लिए एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करें ताकि कोविड-19 पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे का भुगतान किया जा सके। सोमवार को सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि दो तरह के सुझाव आए है कि उच्चतम न्यायालय कुछ अंतिम सीमा तय करने पर विचार कर सकता है ताकि जो भी आवेदन करना चाहता है, वह निश्चित समयसीमा में आवेदन कर सकता है। पीठ ने मेहता से कहा कि सुनवाई की पिछली तारीख पर उसने प्राधिकारियों से इस संबंध में उचित आवेदन देने को कहा था। मेहता ने कहा कि वह मंगलवार को आवेदन देंगे और न्यायालय बुधवार को सुनवाई कर सकती है। पीठ ने मेहता से कहा कि प्राधिकारी को आवेदन में फर्जी दावों के मुद्दे पर भी कुछ कहने की आवश्यकता है। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा, इसे शामिल किया जाएगा। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए 21 मार्च तय कर दी। उच्चतम न्यायालय गौरव बंसल और अन्य लोगों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कोविड-19 पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को अनुग्रह सहायता राशि देने का अनुरोध किया गया है।

# गोवा में फिल्म द *कश्मीर फाइल्स* को करमुक्त करने की घोषणा

भाषा। पणजी

**गोवा के** कार्यवाहक मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल में रिलीज हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स का समर्थन किया और कहा कि इसे राज्य में कर मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि फिल्म को राज्य में जितना संभव होगा, उतनी स्क्रीन्स पर दिखाया जाएगा। दोपहर के समय प्रमोद सावंत, उनकी पत्नी सुलक्षणा सावंत और गोवा भाजपा अध्यक्ष सदानंद शेत तनावडे ने राज्य की राजधानी पणजी में आईनॉक्स मल्टीप्लेक्स में फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सावंत ने कश्मीर में 1990 में हुईं घटनाओं की निंदा की और कश्मीरी हिंदुओं व कश्मीर की समस्त जनता पर अत्याचार के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि फिल्म में दिखाए गए इन ऐतिहासिक तथ्यों से प्रत्एक युवा और देशवासी को रूबरू होना चाहिए। सावंत ने घोषणा की कि फिल्म को राज्य में करमुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह भी कहा कि सावंत सोमवार को यह फिल्म देखेंगे। इससे पहले सावंत ने रविवार शाम को ट्वीट किया था, कश्मीरी हिंदुओं के दर्द, संघर्ष, पीड़ा की कहानी सभी को समझने की जरूरत है ताकि हम सुनिश्चित करें कि ऐसा इतिहास दोहराया न जाए। मैंने आईएनओएक्स प्रबंधन से बात की है और फिल्म को जितना संभव होगा, उतने स्क्रीन्स पर दिखाया जाता रहेगा। गोवा में कार्यकर्ताओं के एक समूह ने आरोप लगाया था कि दक्षिण गोवा जिले के मडगांव में सिनेमाघर फिल्म के शो की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा समेत सत्तारूढ़ विधायक *द कश्मीर फाइल्स* देखेंगे

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों समेत राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखेंगे। सरमा ने गुवाहाटी में संवाददाताओं से कहा कि वे अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों और सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ शहर के मल्टीप्लेक्स में सोमवार शाम को फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री जबकि निर्माण जी स्टुडियो ने किया है। यह फिल्म पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी हिंदू समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या के बाद समुदाय के लोगों के घाटी से पलायन पर आधारित है। इस फिल्म में अनुपम खेर, दर्शन कुमार, मिथुन चक्रवर्ती और पल्लवी जोशी जैसे कई कलाकारों ने भूमिका निभाई है।





नई दिल्ली में कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर प्रेसवार्ता के दौरान अनुपम खेर व पल्लवी जोशी व निर्देशक विवेक अग्निहोत्री

## राजस्थान सरकार द *कश्मीर फाइल्स* को कर मुक्त करे : वसुंधरा

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को राजस्थान सरकार से विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को कर मुक्त (टैक्स फ्री) करने की मांग की। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर से जुड़ी घटनाओं पर आधारित है। राजे ने ट्वीट किया कि जम्मू-कश्मीर के गत हालात और सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म द कश्मीर फाइल्स को हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित कई राज्यों में कर मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस फिल्म को राजस्थान में भी कर मुक्त किया जाए।

# फिल्म द *कश्मीर फाइल्स* देखने के लिए मध्यप्रदेश के पुलिसकर्मियों को मिलेगा अवकाश

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश सरकार** ने सोमवार को कहा कि हाल ही में रिलीज फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने के लिए प्रदेश के पुलिसकर्मियों को अवकाश दिया जाएगा। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में संवाददाताओं से कहा कि फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने के लिए मध्यप्रदेश के पुलिसकर्मियों को अवकाश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अवकाश देने के लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुधीर सक्सेना को निर्देश दिए गए हैं। इससे एक दिन पहले रविवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कश्मीरी हिन्दुओं के नरसंहार और पलायन पर आधारित इस हिन्दी फिल्म के प्रदर्शन के लिए प्रदेश में कर से छूट देने के निर्देश दिए, जिसके परिपालन में उसी दिन आदेश जारी कर दिया गया है।

# कर्नाटक विधानसभा के सदस्यों को फिल्म द *कश्मीर फाइल्स* दिखाई जाएगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा के सदस्यों को हाल में रिलीज हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स दिखाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कगेरी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को राज्य में फिल्म को कर-मुक्त करने की घोषणा की थी। कगेरी ने कहा, हम सभी (विधायकों) को मंगलवार शाम 6:45 बजे मंत्री मॉल में स्क्रीन संख्या-6 पर फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने का अवसर दिया गया है। सभी को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार ने पहले ही इसे कर-मुक्त कर दिया है, इसके लिए मैं सरकार की सराहना करता हूं। बेहतर होगा कि हम सब इसे साथ मिलकर देखें। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री जबकि निर्माण जी स्टुडियो ने किया है। यह फिल्म पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी हिंदू समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या के बाद समुदाय के लोगों के घाटी से पलायन पर आधारित है। इस फिल्म में अनुपम खेर, दर्शन कुमार, मिथुन चक्रवर्ती और पल्लवी जोशी जैसे कई कलाकारों ने भूमिका निभाई है। इस बीच, विजयपुरा से भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने घोषणा की है कि वह एक सप्ताह के लिए प्रतिदिन फिल्म द कश्मीर फाइल्स का एक शो का खर्च वहन करेंगे ताकि उनके जिले के लोग यह फिल्म निशुल्क देख सकें। उन्होंने कहा, मैंने थिएटर मालिक से कहा है कि वह कम से कम एक सप्ताह तक रोजाना एक शो निशुल्क रखें और इसका खर्च मैं वहन करूंगा। मैंने उन्हें यह फिल्म विजयपुरा में दिखाने को कहा है, जिसे अगले सप्ताह दिखाया जाएगा।

# बसपा के एक सांसद ने *कश्मीर फाइल्स* पर प्रतिबंध की दूसरे ने फिल्म को करमुक्त करने की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**घाटी से क**श्मीरी पंडितों के पलायन और उनकी दशा को दर्शाने वाली फिल्म कश्मीर फाइल्स का उल्लेख सोमवार को लोकसभा में हुआ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक सदस्य ने इस पर प्रतिबंध की तो उसी पार्टी के एक अन्य सदस्य ने इसे देश में करमुक्त किए जाने की मांग उठाई।

वर्ष 2022-23 के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के बजट और 2021-22 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए बसपा के दानिश अली ने कहा कि कश्मीरी पंडितों की बात की जाती है तो सरकार बताए कि पिछले तीन साल में कितने कश्मीरी पंडितों का घाटी में पुनर्वास किया गया है। उन्होंने घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन से संबंधित हाल में सिनेमाघरों में आई फिल्म कश्मीर फाइल्स का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में बनाकर लोगों में नफरत का माहौल पैदा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।वहीं, बसपा के ही मलूक नागर ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि आज लोग कश्मीर फाइल्स का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोध करने से पहले फिल्म के निर्देशक (विवेक अग्निहोत्री) के काम का अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली सभी फिल्में देखने पर पता चलेगा कि वह पहले 4-5 साल तक शोध करते हैं और उसके बाद पूरे सच को दिखाते हुए फिल्म रिलीज करते हैं। नागर ने लोकसभा में मांग उठाई कि इस तरह की फिल्म को देश में करमुक्त किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने भी कश्मीर फाइल्स को पूरे देश में करमुक्त किए जाने की मांग उठाते हुए कहा कि जब कश्मीर में कश्मीरी पंडितों पर जुल्म हुए थे तब कांग्रेस ने कुछ नहीं कहा और आज अनुच्छेद 370 की बात हो रही है। नागर और बेनीवाल दोनों ने जम्मू कश्मीर में खुशहाली के लिए वहां गुर्जर और बक्करवाल समुदायों का ध्यान रखने और उनके लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) बनाने की भी मांग की। बसपा सदस्य नागर ने कहा कि आज सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मजबूत होती जा रही है तो उसके लिए ज्यादा जिम्मेदार कांग्रेस है जबकि इसके लिए नाम हमारा (बसपा का) लिया जाता है।उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच कांग्रेस की ऐसी छवि बन गई है कि वह हर बात में विरोध करती है। नागर ने कहा, दुनिया के हालात को देखते हुए आज भी यदि संसद में अनुच्छेद 370 की बात करेंगे तो आने वाले दिनों में विपक्ष खत्म हो जाएगा और केवल ए (भाजपा) बचेंगे जिसके जिम्मेदार हम (विपक्षी दल) होंगे।

नागर ने कहा कि कांग्रेस के सदस्यों को सरकार के अच्छे कामों की तारीफ नहीं करनी तो कम से कम बिना मतलब के हर बात पर विरोध तो नहीं करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### दो महिलाओं का सरेआम यौन उत्पीड़न करने पर सभी 15 आरोपी गिरफ्तार

**अलीराजपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल अलीराजपुर जिले में तीन दिन पहले दिन-दहाड़े सड़क पर कथित रूप से दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के मामले में सभी 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।अलीराजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने सोमवार शाम को पीटीआई-भाषा को बताया कि गत शुक्रवार को हुई इस घटना के मामले में सभी 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रसारित वीडियो मे इन सभी लोगों को दो महिलाओ के साथ बदसलूकी करते हुए देखा गया है। उन्होने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी बालिग है और उनकी उम्र 18 से 32 वर्ष के बीच है। इसके लिए आईटी और फोरेंसिक टीमें लगाई गई थी। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सिंह ने बताया कि इसके अलावा दो और लोगों को शनिवार को हिरासत में लिया गया। इनमें से एक व्यक्ति ने यह वीडियो बनाया था और दूसरे ने इसे सोशल मीडिया पर साझा किया था। उन्होंने कहा कि इन दोनों को इस प्रकरण में गवाह बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए और गिरफ्तार किए गए सभी लोग जनजातीय समुदाय से हैं। सिंह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 354 (स्त्री की गरिमा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी महिला की ओर से इस संबंध में शिकायत नही मिली है, केवल सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। अलीराजपुर के लोगों के मुताबिक यह वीडियो शुक्रवार को बनाया गया था। उन्होंने कहा कि यह घटना अलीराजपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर के वालपुर गांव में उस वक्त हुई, जब वहां आदिवासी त्योहार भागोरिया मनाया जा रहा था।

### पंजाब चुनाव परिणामों को लेकर जाखड़ ने चन्नी, अंबिका सोनी पर साधा निशाना

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनावो मे कांग्रेस की हार के बाद, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ ने सोमवार को चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधा और उन्हें एक बोझ कहा, जिनके लालच ने पार्टी को नीचे ला दिया। जाखड़ ने बिना नाम लिए पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेता जाखड़ उन खबरो का जिक्र कर रहे थे, जिसमे कहा गया था कि रविवार को नई दिल्ली मे कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक मे पंजाब चुनाव में कांग्रेस की हार पर चर्चा के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व निवर्तमान मुख्यमंत्री चन्नी का समर्थन करने मे कैसे विफल रहा, जिन्हे पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उपयोगी नेता (एसेट) के तौर पर पेश किया गया था। जाखड़ ने एक ट्वीट मे कहा, उपयोगी नेता - क्या (आप) मजाक कर रहे है? भगवान का शुक्र है कि उन्हे सीडब्ल्यूसी में उस महिला द्वारा राष्ट्रीय खजाना घोषित नही किया गया, जिन्होने उन्हे मुख्यमंत्री पद के लिए पहले व्यक्ति के रूप मे प्रस्तावित किया था। उनके लिए वह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हो सकते है लेकिन पार्टी के लिए वह केवल एक बोझ रहे है। जाखड़ ने कहा शीर्ष पदाधिकारियो ने नही, बल्कि उनके अपने लालच ने उन्हे और पार्टी को नीचे ला दिया। जाखड़ ने राज्य में अवैध खनन से संबंधित धनशोधन मामले मे चन्नी के करीबी रिश्तेदारो के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी का भी उल्लेख किया, क्योकि उन्होने चन्नी की एक तस्वीर को शीर्षक के साथ ट्वीट किया - ईडी ने चन्नी के रिश्तेदार से 10 करोड़ रुपए जब्त किए, मुख्यमंत्री ने साजिश की बात कही। आम आदमी पार्टी ने 117 सदस्ईय पंजाब विधानसभा में 92 सीट पर जीत हासिल की है। चुनावों मे कांग्रेस की हार हुई और वह केवल 18 सीट ही जीत सकी।

### शिअद पंजाब के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा: बादल

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव मे अपनी पार्टी के अबतक के सबसे खराब प्रदर्शन के बाद शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के कद्दावर नेता प्रकाश सिंह बादल ने सोमवार को कहा कि कभी-कभी पार्टियो के सामने उतार-चढ़ाव आते है लेकिन शिअद राज्य के हितो के लिए संघर्ष करता रहेगा। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस तथा शिअद-बसपा गठबंधन को धूल चटाते हुए 117 सदस्ईय पंजाब विधानसभा मे 92 सीटें जीती है। शिअद बस तीन सीटें जीत पाया। कई राजनीतिक दिग्गजो मे पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, उनके बेटे एवं शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल विधानसभा चुनाव मे क्रमशः लम्बी और जलालाबाद सीटो से चुनाव हार गए। करीब सौ साल पुराने शिअद ने चुनाव मे खराब प्रदर्शन के कारणो का मूल्यांकन के लिए सोमवार को अपनी कोर समिति की बैठक बुलाई है। चुनाव नतीजे पर टिप्पणी करते हुए प्रकाश सिंह बादल ने कहा, कभी कभी पार्टियो के सामने उतार-चढ़ाव आते है। राजनीति मे ऐसा होता है। उन्होने 1975 मे शिअद के सभी सीटें जीत जाने का उल्लेख करते हुए कहा, आपातकाल के दौरान लहर हमारे पक्ष मे थी और कोई अन्य नही जीत सका। उन्होंने कहा, लोग (आप सरकार का) यह अनुभव भी देखेगे लेकिन हम पंजाब और देश के हितो के लिए संघर्ष करते रहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि उनके जैसा राजनीतिक दिग्गज कैसे चुनाव हार गया, बादल ने कहा, मै कुछ नही कह सकता। लेकिन हम जनादेश के सामने नतमस्तक है।

### केरल में भाजपा कार्यकर्ता की मौत के मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**पलक्कड़ (केरल)।** यहां एक मंदिर मे उत्सव के दौरान हुई झड़प मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मौत के मामले मे एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि डीवाईएफआई के एक स्थानीय कार्यकर्ता मिधुन की गिरफ्तारी के साथ, इस मामले मे गिरफ्तार लोगो की कुल संख्या सात हो गई है। पुलिस ने बताया, सोमवार को आरोपी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सभी आरोपी मृतक के रिश्तेदार या पड़ोसी हैं। कुछ दिन पहले गांव के एक मंदिर मे उत्सव के दौरान हुई झड़प मे घायल हुए अरुण कुमार (28) की शुक्रवार को जिले के एक अस्पताल मे मौत हो गई थी। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कुमार पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और उसके युवा संगठन डीवाईएफआई के कार्यकर्ताओं ने हमला किया था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि यह घटना एक मंदिर मे उत्सव के दौरान स्थानीय लोगो के बीच हुई झड़प का नतीजा थी और इस घटना के किसी भी तरह के राजनीतिक रूप से जुड़े होने से इनकार किया था।

### महाराष्ट्र सरकार ने देवेंद्र फडणवीस के आरोपों पर सीआईडी जांच के आदेश दिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस द्वारा लगाए गए आरोपो पर सोमवार को सीआईडी जांच के आदेश दिए। फडणवीस ने आरोप लगाया था कि उन्हें और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को फंसाने के लिए विशेष लोक अभियोजक प्रवीण चव्हाण के कार्यालय में साजिश रची जा रही है। पाटिल ने कहा कि इस स्टिंग ऑपरेशन की जांच की जाएगी। विधानसभा मे कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हो रही बहस के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब मे पाटिल ने कहा कि प्रवीण चव्हाण ने विशेष लोक अभियोजक के पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्य के गृहमंत्री ने कहा, प्रवीण चव्हाण पर इस स्टिंग ऑपरेशन की जांच की जाएगी। इसमे शामिल किसी भी व्यक्ति का समर्थन करने का सवाल ही पैदा नही होता।

# सरकार ने अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग के तीसरे बैच में 1.07 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी। इसमें उर्वरक सब्सिडी के भुगतान के लिए 14,902 करोड़ रूपए शामिल हैं। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांगों के तीसरे एवं अंतिम बैच को दर्शाने वाला विवरण पेश किया। निचले सदन में पेश अनुदान की अनुपूरक मांगों के तीसरे बैच के दस्तावेज के अनुसार, इसके तहत 1.58 लाख करोड़ रूपए के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए मंजूरी मांगी गई है। इसमें 1.07 लाख करोड़ रूपए निवल नकद व्यय के रूप में है जबकि विभिन्न

## चालू वित्त वर्ष के लिए 1.07 लाख करोड़ की मांग

मंत्रालयों एवं विभागों की बचत और बढ़ी हुई प्राप्तियों या वसूलियों के जरिए 50,946 करोड़ रूपए का प्रावधान किया जाएगा। अनुपूरक मांगों के दस्तावेज के अनुसार, सरकार ने उर्वरक सब्सिडी के भुगतान के लिए 14,902 करोड़ रूपए तथा नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवेलपमेंट में पूंजी डालने के लिए 13,049 करोड़ रूपए का अतिरिक्त कोष मांगा है। इसमें 5000 हजार करोड़ रूपए की अनुदान सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के पुन: पूंजीकरण के लिए 5000 करोड़ रूपए मांगे हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की चार सामान्य बीमा कंपनियां हैं जिनमें न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड तथा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पुन: पूंजीकरण के लिए भी निधियों की मांग की है। राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के तीसरे बैच और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए वर्ष 2022-23 का बजट पेश किया। गौरतलब है कि इसके साथ ही वर्ष 2021-22 के लिए केंद्र सरकार का व्यय 37.70 लाख करोड़ रूपया (संशोधित अनुमान) हो गया है जो बजट अनुमान 34.83 लाख करोड़ रूपए से अधिक है।

# गोवा, त्रिपुरा में शिकस्त के बाद टीएमसी की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को झटका लगा

**कोलकाता।** गोवा चुनावों में करारी हार और कुछ महीनों पहले त्रिपुरा में निकाय चुनावों में शिकस्त से ऐसा प्रतीत होता है कि तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व के तौर पर पार्टी को पेश करने के प्रयासों को झटका लगा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में 2021 में शानदार जीत के बाद टीएमसी ने राज्य के बाहर भी अपने पैर पसारने की तैयारी कर ली है। उसने गोवा में जमीनी काम शुरू किया लेकिन उच्च स्तर पर नेताओं के प्रचार करने, स्थानीय पार्टी के साथ गठबंधन करने और विरोधी खेमे के कई नेताओं को शामिल करने के बावजूद पार्टी को महज 5.21 प्रतिशत वोट मिले और 40 सदस्ईय विधानसभा में उसका खाता भी नहीं खुला।

इस कड़ी परीक्षा में नाकाम होने के बाद पार्टी अब मेघालय और त्रिपुरा में चुनावों के मद्देनजर नई रणनीति बना रही है। टीएमसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा ने कहा, अगर आप एक या दो चुनाव हार जाते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपका काम खत्म हो गया है। मूड बदलने के लिए केवल एक जीत की दरकार होती है। हर कोई यह बात करता है कि आपने कितनी सीटें जीती या हारी, कोई भी मत प्रतिशत की बात नहीं करता। हम गोवा में महज कुछ महीने पहले गए और पांच प्रतिशत से ज्यादा वोट पाए। मुझे लगता है कि यह अच्छी शुरुआत है। त्रिपुरा में पिछले साल हुए निकाय चुनावों में पार्टी को 24 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन वह एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं रही। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि गोवा में पार्टी का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं था और इससे उसकी रणनीतियों की समीक्षा की आवश्यकता पैदा हो गई है। उन्होंने अपनी पहचान न उजागर करने की शर्त पर बताया, यह हमारी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को झटका है।



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आस्ट्रिया के राजदूत के साथ संसद भवन में मीटिंग के दौरान मुलाकात करते हुए।

# ईंधन के मूल्यों में वृद्धि से जनता को राहत देने के लिए सरकार सभी कदम उठाएगी: पुरी

**नई दिल्ली।** तेल की कीमतों में भारी उछाल के बीच, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि आने वाले महीनों में जनता को ईंधन के मूल्यों से राहत सुनिश्चित करने के लिए सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने यह भी बताया कि पेट्रालियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधीन लाने का एक प्रस्ताव जीएसटी परिषद में आया था लेकिन इसे समर्थन नहीं मिला। ज्ञात हो कि भारत अपने ईंधन की जरूरतों की पूर्ति के लिए 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। कांग्रेस के आनंद शर्मा ने पुरी से यह जानना चाहा था कि सरकार और विपक्ष के बीच पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने पर सहमति बन गई थी लेकिन अभी तक यह लागू नहीं हो सका। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इसकी वर्तमान स्थिति जाननी चाही। इसके जवाब में पुरी ने कहा, जो राज्य पेट्रोल और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री से उच्च राजस्व कमा रहे हैं और इसमें मैं शराब को जोड़ दूं तो...वह इन दोनों माध्यमों से अपने राजस्व में कटौती करने को तैयार नहीं है। आने वाले महीनों में सरकार हर वह कदम उठाएगी ताकि ग्राहकों को राहत सुनिश्चित की जा सके। पुरी ने कहा कि वर्तमान में तेल की कीमतें 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है। हमसे जो भी संभव हो सकेगा, नागरिकों के हित में हम वह सभी कदम उठाएंगे।

# नौ राज्यों ने पेट्रोल, डीजल पर वैट नहीं घटाया: हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र और केरल समेत नौ राज्यों ने पेट्रोल व डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को नहीं घटाया है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री ने राज्यसभा में यह भी बताया कि कोरोना महामारी के दौरान कई देशों में ईंधन की कीमतों में 50 प्रतिशत का उछाल आया जबकि भारत में यह स्थिर रहा और महज पांच प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए पुरी ने कहा, सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस सच्चाई से खुशी होगी कि ग्राहकों द्वारा पेट्रोल पर किए जाने वाला भुगतान एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 की अवधि के दौरान स्थिर रहा। उन्होंने कहा कि स्थिति के हिसाब से ईंधन पदार्थों पर कर लगाया जाता है। महामारी के समय यह ऊंचे स्तर पर था लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है।



हमने उत्पाद शुल्कों में कटौती की लेकिन नौ राज्यों ने अभी तक करों में कटौती नहीं की है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हम हरसंभव वह कदम उठाने को तत्पर हैं, जो आवश्यक है। हमने तेल की कीमतों में कटौती की है। हम अन्य कदम भी उठाने को तैयार हैं। कुछ राज्यों ने करों में कटौती नहीं की है। महाराष्ट्र और केरल समेत नौ ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती नहीं की है। अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटने और स्पेन के आंकड़ों की तुलना भारत से करते हुए पुरी ने कहा, इन सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें 50 और 55 से लेकर 58 प्रतिशत तक बढ़ी हैं लेकिन भारत में यह सिर्फ पांच प्रतिशत तक ही बढी। हमें इस पर खुशी मनानी चाहिए। इसकी जगह यह सुनने को मिल रहा है कि कीमतें क्यों बढ़ी हैं।

भाजपा के एक सदस्य ने पूरक प्रश्न करते हुए कहा कि कई राज्यों ने पेट्रोल व डीजल पर वैट में कटौती नहीं की है और आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल इनकी कीमतें सर्वाधिक हैं। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, कीमतों में कटौती के लिए हमारे पास जो विकल्प थे, वह हमने किया। नहीं तो अभी इनकी कीमतें और अधिक होतीं। रूस द्वारा कच्चे तेल की कीमतों में छूट दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि कि केंद्र सरकार कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सभी मौजूदा विकल्पों को तलाशेगी। इस सिलिसले में रूसी संघ से उनकी बातचीत जारी है। सैन्य कार्वाई के चलते आज अभूतपूर्व स्थिति पैदा हुई है। जब हम किसी नतीजे पर पहुंचेंगे तो मुझे इसकी जानकारी साझा करने में खुशी होगी। पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 नवंबर, 2021 से पेट्रोल और डीजल पर से उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच रुपए प्रति लीटर और 10 रुपए प्रति लीटर की कमी की थी। इस उपाय का उद्देश्य अर्थव्यवथा को और अधिक गति प्रदन करना तथा खपत को बढ़ावा देना था और मुद्रा स्फिति को कम बनाए रखना था ताकि गरीब और मध्यम वर्ग की मदद की जा सके। बाद में अनेक राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर वैट में कमी की।

# आरएसएस ने बेरोजगारी से निपटने के लिए भारत-केंद्रित मॉडल पर जोर दिया

**अहमदाबाद।** आरएसएस ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सतत एवं समग्र विकास हासिल करने के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के वास्ते भारत-केंद्रित मॉडल पर जोर दिया है। देश में व्यापक स्तर पर युवाओं के बेरोजगारी का सामने करने पर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) ने देश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए काम के अवसरों को बढ़ाने के वास्ते रविवार को एक प्रस्ताव पारित किया। एबीपीएस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीति निर्धारण वाली शीर्ष इकाई है। प्रस्ताव में एबीपीएस ने कहा कि वह इस पर जोर देना चाहती है कि रोजगार की चुनौती से निपटने के लिए काम के अवसर पैदा करने में पूरे समाज को अति सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उसने कहा, चूंकि हमने कोविड-19 महामारी का रोजगार और आजीविका पर असर देखा है तो हमने नए अवसर पैदा होते हुए भी देखे हैं जिसका समाज के कुछ वर्गों ने लाभ उठाया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि एबीपीएस का यह मानना है कि भारतीय आर्थिक मॉडल पर जोर दिया जाए, जो मानव-केंद्रित, पर्यावरण अनुकूल हो और फायदों के विकेंद्रीकरण और समान वितरण पर जोर देती हो तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था, लघु, छोटे पैमाने पर और कृषि आधारित उद्योग को बढ़ाती हो। एबीपीएस अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सतत एवं समग्र विकास हासिल करने के लिए रोजगार पैदा करने के भारत-केंद्रित मॉडल पर काम करने का आह्वान करती है।

## क्विक न्यूज

### किशन रेड्डी ने हैदराबाद में सैन्य अधिकारियों को पानी, बिजली की आपूर्ति में कटौती की धमकी देने वाले मंत्री की खिंचाई की

**हैदराबाद।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद छावनी सीमा में सड़कों और अन्य रास्तों को बंद करने की एकतरफा कार्वाई को लेकर सैन्य अधिकारियों को कथित तौर पर पानी और बिजली आपूर्ति मे कटौती की धमकी देने वाले तेलंगाना के नगर प्रशासन मंत्री के टी रामाराव को फटकार लगाई है। किशन रेड्डी ने कहा कि सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति का देश के सशस्त्र बलों का अपमान करने का इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होने भारतीय सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि सेना के जवान चीन के सैनिकों से डर कर भाग गए थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर राव और टीआरएस के एक विधायक ने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। अब टीआरएस के नेता के टी रामा राव सैनिकों को बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने की धमकी दे रहे है। के टी रामा राव मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के बेटे है। उन्हें केटीआर के नाम से भी जाना जाता है। केटीआर का बयान सशस्त्र बलो के जवानो का अपमान है। किशन रेड्डी ने कहा कि रक्षा प्रतिष्ठानो को आपूर्ति में कटौती करने का एक मंत्री का विचार बेहद निंदनीय है। केटीआर का बयान हमारे रक्षा कर्मियों की सेवा और बलिदान का अपमान है।

### राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में अब बालिकाएं भी पढ़ेंगी

**देहरादून।** देहरादून स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के 100 साल के इतिहास मे पहली बार इस साल जुलाई से शुरू हो रहे नए सत्र मे बालिकाओं को भी प्रवेश दिया जाएगा। इस बात की घोषणा आरआइएमसी के कमांडेंट कर्नल अजय कुमार ने रविवार को संस्थान की स्थापना के शताब्दी समारोह के दौरान की। कर्नल कुमार ने कहा, हम जुलाई मे पांच छात्राओं को प्रवेश देने जा रहे है। आरआइएमसी भारतीय उपमहाद्वीप का पहला सैन्य प्रशिक्षण संस्थान है जिसका तत्कालीन प्रिंस ऑफ वेल्स और बाद मे सम्राट बने एडवर्ड अष्टम ने 100 साल पहले उदघाटन किया था। आज आरआईएमसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी एझिमाला के लिए एक प्रमुख फीडर संस्थान है। शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह थे। इसमें सैन्य बलों के पूर्व और सेवारत अधिकारियों समेत आरआइएमसी के करीब 500 पूर्व छात्रों और उनके परिजनों ने भी शिरकत की।

### धनशोधन मामले में देशमुख की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को कथित धनशोधन मामले में जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख को 2 नवंबर 2021 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत मे है। विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकड़े ने सोमवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत है कि वह धनशोधन मामले में शामिल थे। उन्होंने कहा कि गवाहों के बयानो में विरोधाभास है, लेकिन इस समय (जमानत याचिका) पर विचार नही किया जा सकता। नियमित जमानत के लिए देशमुख की यह पहली याचिका थी। इससे पहले विशेष अदालत ने उनकी स्वाभाविक जमानत की याचिका को खारिज कर दिया था। इस साल जनवरी मे दाखिल नियमित जमानत याचिका मे देशमुख ने तर्क दिया था कि जांच एजेंसियां उनका घोर उत्पीड़न कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा था, कुछ बेईमान निहित स्वार्थी लोगों के इशारो पर उन्हे प्रताड़ति किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया था कि यह मामला संबंधित अधिकारियो के द्वारा सत्ता और अधिकारो के दुरुपयोग को दर्शाता है, जिन्होंने कानून की प्रक्रिया को तहस-नहस कर आतंक राज कायम कर रखा है।

### आरएसएस की व्यापक विमर्श की योजना से भारत की संवैधानिक नींव कमजोर होगी: सीताराम एचुरी

**नई दिल्ली।** माकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने दावा किया है कि भारत के व्यापक विमर्श को पेश करने की आरएसएस की योजना से भारतीय गणराज्य की संवैधानिक नीव कमजोर होगी। आरएसएस ने देश के भीतर और विदेश में गलतफहमी फैलाने के कथित प्रयासों का मुकाबला करने के लिए भारत का तथ्य-आधारित व्यापक विमर्श पेश करने के मकसद से शोधकर्ताओं, लेखकों और मत निर्माताओं के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी थी। एचुरी ने एक समाचार को टैग करते हुए ट्वीट किया, यह भारतीय गणराज्य की संवैधानिक नीव को कमजोर करने की एक परियोजना है। अनुच्छेद 51ए(एफ) प्रत्एक नागरिक को हमारी मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देने और संरक्षित करने का अधिकार देता है। साथ ही यह हमारे संविधान की रक्षा के दोहरे संकल्प को भी रेखांकित करता है। भारतीय इतिहास को दोबारा लिखने के लिए व्यापक विमर्श। भारत की समृद्ध समकालिक दार्शनिक परंपराओं का अध्ययन केवल हिंदू धर्मशास्त्र के अध्ययन तक सिमटकर रह जाएगा।



नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह संसद के बजट सत्र में भाग लेने जाते हुए।

# घरेलू उड़ानें कोविड-19 से पहले की स्थिति पर पहुंचने के करीब: ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सबसे अधिक आर्थिक नुकसान उठाने वाला विमानन उद्योग अब महामारी से पहले वाली स्थिति की ओर लौट रहा है और अब 3.8 लाख यात्री प्रतिदिन उड़ान भर रहे हैं। राज्यसभा में सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। इस दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र अब पुन: पटरी पर लौट रहा है कोविड-19 से पहले की स्थिति से महज पांच से छह प्रतिशत की दूरी पर है। सिंधिया ने कहा, सदन को यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि कोविड-19 से पहले देश में प्रति दिन करीब चार लाख लोग उड़ान भरते थे। हम पिछले साल दिसंबर महीने में प्रति दिन 3.83 लाख यात्रियों के आंकड़े तक पहुंच गए थे। उन्होंने कहा, हम पुन: अच्छी स्थिति में पहुंच रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि रोजगार के स्तर पर भी हम पुन: अपनी स्थिति को और मजबूत करेंगे।

घरेलू क्षेत्र पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किराए आसमान ना छुए इसके लिए सरकार ने किरायों की सीमा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कीमत सरकार के हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि 27 मार्च से जब अंतरराष्ट्रीय उड़ान आरंभ हो जाएंगे और जब गर्मियों में विमानन क्षेत्र में सभी विमानन कंपनियां आ जाएंगी तो भारत आने वाली और बाहर जाने वाली उड़ानों में सीटों की संख्या भी पर्याप्त होगी। उन्होंने कहा, इसलिए, मैं समझता हूं कि कीमतों के मामले में बाजार इसका ध्यान रखेंगे। केंद्रीय मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण भी विमानन उद्योग को बहुत नुकसान हुआ।

एक विमान के परिचालन के खर्चे में 37 प्रतिशत योगदान ईंधन का होता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण उन्हें पिछले साल 19,000 करोड़ का नुकसान हुआ। सिंधिया ने कहा कि ईंधन की कीमतों में 4.5 गुना वृद्धि हुई है और 11 राज्य विमानों के ईंधन (एटीएफ) पर 10 से लेकर 30 प्रतिशत तक मूल्य वर्धित कर (वैट) लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने राज्यों से अनुरोध किया कि वे एटीएफ पर कर कम करें। मेरे कार्यभार संभालने से पहले 11 राज्य ऐसे थे जो एटीएफ पर एक से पांच प्रतिशत कर लगा रहे थे। और 25 राज्य ऐसे थे जो 15 से 30 प्रतिशत तक कर लगा रहे थे। उन्होंने कहा, हमने इस स्थिति को बदला है। अब 12 राज्यों ने वैट 25-30 प्रतिशत से घटाकर।-4 प्रतिशत कर दिया है। अब 23 राज्य ऐसे हैं जो। से 4 प्रतिशत के बीच वैट वसूल रहे हैं। सिर्फ 11 राज्य हैं, जो 15 से 30 प्रतिशत तक कर वसूल रहे हैं।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में पूर्वोत्तर विकास की ओर अग्रसर : भाजपा

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्वोत्तर क्षेत्र** के, विकास की राह में अग्रसर होने का दावा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने राज्यसभा में सोमवार को कहा कि संपर्क, अवसंरचना और अन्य क्षेत्रों की ओर समुचित तरीके से ध्यान दिए जाने का ही नतीजा है कि कोविड महामारी के दौर में पूर्वोत्तर में हालात नियंत्रण में रहे। राज्यसभा में उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के के कामकाज पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के भुवनेश्वर कालिता ने कहा कि देश की आबादी का 3.7 फीसदी हिस्सा पूर्वोत्तर में रहता है और इस क्षेत्र के लिए विकास के लिए अलग से मंत्रालय गठित किए जाने के बाद से इसके लिए बजटीय प्रावधान भी किया जाने लगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में इस क्षेत्र की ओर उल्लेखनीय ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने कई बार इस क्षेत्र की यात्रा की है ओर वह हैं मोदी। उन्होंने कहा पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। हर पंद्रह दिन में एक न एक मंत्रालय अपने अधिकारी को पूर्वोत्तर भेज रहा है और वहां की परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली जाती है। कालिता ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीति एक्ट ईस्ट नीति है जो देश के इस हिस्से के विकास के साथ साथ इसे दक्षिण से भी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के देश के अन्य हिस्से से संपर्क पर खास ध्यान दिया गया है। यह संपर्क वायु मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग और जल मार्ग से है। इससे न केवल जिला मुख्यालयों को फायदा हुआ है बल्कि आम नागरिकों को भी सुविधाएं मिली हैं।

पूर्वोत्तर के संपूर्ण विकास के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए कालिता ने कहा कि आज लगभग सभी राज्यों की राजधानियां रेल संपर्क से जुड़ चुकी हैं जबकि पहले ऐसा नहीं था। एक समय था जब संपर्क के अभाव में पूर्वोत्तर राज्यों तक जरूरी सामग्री भी नहीं पहुंच पाती थी। इससे न केवल राज्य के लोगों को असुविधा होती थी बल्कि पर्यटन पर भी इसका असर पड़ता था। उन्होंने कहा कि जल संपर्क मजबूत होने की वजह से भी राज्य को बहुत सुविधा मिली है और उसके व्यापार पर इसका सकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववती वाजपेई सरकार के कार्यकाल में राजमार्ग परियोजनाएं शुरू हुईं जो आज पूरी हो चुकी हैं। आज पीएमजीएसवाई योजना के तहत पूरे पूर्वोत्तर में सड़कों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोपीनाथ बोरदोलोई को भाजपा सरकार ने भारत रत्न प्रदान किया और पूर्वोत्तर में गोपीनाथ बोरदोलोई हवाईअड्डा स्थापित किया जिससे क्षेत्र देश के विभिन्न राज्यों से जुड़ पाए।

कालिता ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में औद्योगिक विकास और अवसंरचना का विकास भी हुआ और इसका श्रेय मोदी सरकार को जाता है। उन्होंने कहा कि आज कई उद्योगों की पूर्वोत्तर राज्यों में उपस्थिति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में किए गए औद्योगिक विकास और अवसंरचना विकास के उल्लेखनीय नतीजे अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा पूर्वोत्तर के क्षेत्र में कई तरह की विकास योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। अवसंरचना विकास की वजह से राज्य में अब बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ता। नीतियां और परियोजनाएं पहले भी बनाई जाती थीं लेकिन उनका सही मायनों में कार्यान्वयन अब हो रहा है क्योंकि वर्तमान सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम पूर्वोत्तर मे हुआ। यही वजह है कि कोविड महामारी के दौरान संक्रमण के मामले पूर्वोत्तर राज्यों में कम रहे। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि स्वास्थ्य संबंधी अवसरंचना की वजह से हम किसी भी महामारी का मुकाबला कर सकते हैं। पहले इस क्षेत्र में केवल तीन मेडिकल कॉलेज थे।

आज हमारे पास सात मेडिकल कॉलेज हैं। हमारे पूर्वोत्तर राज्यों ने टीकाकरण में मुस्तैदी दिखाई और बड़ी आबादी का टीकाकरण हो गया। कालिता ने कहा असम में जरूरत के समय ऑक्सीजन संयंत्र बनाए गए और सब कुछ समय पर हो गया। पूर्वोत्तर के राज्यों को ऑक्सीजन की किल्लत नहीं हुई। असम से हमें ऑक्सीजन की आपूर्ति हुई। उन्होंने कहा आज खेल के नक्शे में पूर्वोत्तर के राज्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। ओलंपिक खेल हों या अन्य स्पर्धाएं, हम किसी से पीछे नहीं हैं। मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। यह बहुत ही उपयोगी साबित होगी। खेल के क्षेत्र में पूर्वोत्तर राज्य फास्ट ट्रैक पर हैं और हम इस बात को लेकर गौरवान्वित हैं। कालिता ने कहा कि पूर्वोत्तर की कुछ अंतरराष्ट्रीय परियोजनाएं हैं जिनके कार्यान्वयन के बाद इस क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिल जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दशकों में केंद्र सरकार की पहलों से पूर्वोत्तर राज्य और आगे बढ़ जाएंगे।



गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा। साथ में असम विधानसभा के अध्यक्ष और राज्यपाल जगदीश मुखी बजटसत्र में जाते हुए।

# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन तेजी

भाषा। मुंबई

**कच्चे तेल** की कीमतों में नरमी के बीच बैंकिंग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार लिवाली से बीएसई का मानक सूचकांक सोमवार को 936 अंक और चढ़ गया। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच कूटनीतिक वार्ता बहाल होने की उम्मीदें बढ़ने से भी कारोबारी धारणा को मजबूती मिली। यूरोपीय बाजारों में भी इस वार्ता को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स की शुरुआत सतर्कता के साथ हुई, लेकिन जल्द ही इसने तेजी पकड़ ली। एक समय तो यह 995.53 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि कारोबार के अंत में सेंसेक्स 935.72 अंक यानी 1.68 प्रतिशत चढ़कर 56,486.02 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल

## ● सेंसेक्स 936 अंक और चढ़ा

स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 240.85 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,871.30 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस सर्वाधिक 3.76 प्रतिशत की बढ़त पर रही। एचडीएफसी बैंक भी पिछले हफ्ते नए डिजिटल उत्पाद लाने पर लगी रोक हटने के बाद 3.25 प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा एसबीआई, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी और विप्रो के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में सिर्फ चार ही नुकसान में रहीं। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, सन फार्मास्युटिकल्स, डॉ रेड्डीज लैब और टाटा स्टील के शेयर 1.66 प्रतिशत तक की गिरावट पर रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,



निवेशकों के बीच रणनीतिक बिक्री के बजाय रणनीतिक खरीदारी का रुख देखा जा रहा है। जिंस उत्पादों की कीमतों में कमी आने से निवेश भी आ रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिक्री और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आ रही है और कूटनीतिक मोर्चे पर दिख रही उम्मीदों से इसे आगे भी बल मिलता नजर आ रहा है। हालांकि, नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर निवेशकों की नजर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की संभावित दर वृद्धि पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर बाजार थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी जैसी घटनाओं को फिलहाल नजरअंदाज कर रहे हैं। दो महीने तक नरम रहने के बाद फरवरी, 2022 में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 13.11 प्रतिशत रही है। अप्रैल 2021 के बाद लगातार 11 महीनों से थोक मुद्रास्फीति दहाई अंक में बनी हुई है। बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक 0.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मिडकैप में 0.02 प्रतिशत का सुधार देखा गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से कुल 1,749 कंपनियों में बढ़त रही, जबकि 1,723 कंपनियां घाटे में रहीं और 140 अन्य के शेयर स्थिर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग और शंघाई के बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि तोक्यो मामूली लाभ के साथ बंद हुआ। चीन में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में अचानक आए उछाल से वहां के बाजारों में आशंका हावी रही। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में काफी हद तक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 76.54 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय बाजारों में बिकवाली का सिलसिला जारी है। उपलब्ध सूचना के मुताबिक, शुक्रवार को विदेशी निवेशकों ने 2,263.90 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## रूस को गहरी मंदी से जूझना पड़ सकता है: आईएमएफ प्रमुख

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जिवा ने कहा है कि पश्चिमी देशों के अभूतपूर्व प्रतिबंधों का रूस की अर्थव्यवस्था पर काफी गंभीर प्रभाव होगा और मॉस्को को गहरी मंदी का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि यूक्रेन के खिलाफ सैन्य आक्रामकता के कारण अमेरिका और यूरोप सहित कई देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक जॉर्जिवा ने यह भी कहा कि रूस द्वारा सॉवरेन डिफॉल्ट अब एक असंभव घटना नहीं है, क्योंकि रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों से विदेशी मुद्रा भंडार तक उसकी पहुंच कम होगी और उसे बकाया ऋण का भुगतान करने में परेशानी होगी। रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने रविवार को कहा था कि प्रतिबंधों के कारण बैंक ऑफ रूस का आधा सोना और विदेशी मुद्रा भंडार फ्रीज हो गया है।

## क्विक न्यूज़

### देवाशीष पांडा ने इरडा प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** पूर्व वित्त सचिव देवाशीष पांडा ने सोमवार को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के नए चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला। सुभाष चंद्र खुंटिया के पिछले साल मई में कार्यकाल पूरा करने के बाद से ही यह पद रिक्त था। इस तरह लगभग नौ महीने बाद इरडा प्रमुख की नियुक्ति हुई है। इरडा ने एक बयान में कहा, आईएएस (सेवानिवृत्त) देवाशीष पांडा ने आज 14 मार्च, 2022 को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला। सरकार ने पिछले शुक्रवार को पूर्व नौकरशाह को तीन साल की अवधि के लिए इरडा का चेयरमैन नियुक्त करने की घोषणा की थी। उत्तर प्रदेश कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी पांडा दो साल के कार्यकाल के बाद जनवरी, 2022 में वित्तीय सेवाओं के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### इस साल गर्मी में 60 नई घरेलू उड़ानें शुरू करेगी स्पाइसजेट

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि वह इस साल गर्मी में 60 नई घरेलू उड़ानें शुरू करेगी। ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 27 मार्च से शुरू होकर 29 अक्टूबर को समाप्त होता है। उड़ान कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह अपने नई घरेलू उड़ानें शुरू करेगी, जो ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर-कानपुर, गोरखपुर-वाराणसी, जयपुर-धर्मशाला और तिरुपति-शिर्डी सेक्टरों में संचालित होंगी। बयान में कहा गया है, एयरलाइन ने अपने कार्यक्रम में 60 नई घरेलू उड़ानें जोड़ी हैं। इनमें सात उड़ान फ्लाइट शामिल हैं। उड़ान योजना के तहत, केंद्र, राज्य सरकारों और हवाई अड्डा संचालकों की ओर से चुनिंदा एयरलाइन को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं, ताकि उन्हें ऐसे हवाई अड्डों से उड़ानों के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, जहां या तो उड़ानों का संचालन बहुत कम है या होता ही नही है।

### न्यू फोक्सवागन वर्टूस का अनावरण

**नई दिल्ली।** फोक्सवागन ने भारतीय बाजार के लिए नई वैश्विक सेडान फोक्सवागन वर्टूस का अनावरण किया है। डिजाईन में बड़ा, न्यू फोक्सवागन वर्टूस एक गतिशील और भावनात्मक डिजाईन भाषा का प्रतीक है जो एक आत्मविश्वास से भरे चरित्र को दर्शाती है। फोक्सवागन परिवार का सबसे नया सदस्य और प्रीमियम मिडसाइज़ सेडान सेगमेंट में नवीनतम प्रवेशी, न्यू वर्टूस आकर्षक, गतिशील और जर्मन इंजीनियरिंग का उत्तम उदाहरण है और इस सेगमेंट को फिर से जीवंत करेगा। साथ ही ये सेडान के लिए प्यार को फिर से जगाएगा। फोक्सवागन पैसेंजर कार्स इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, वर्टूस दुनिया भर में सेडान सेगमेंट में हमारी उपस्थिति के 61 वर्षों में 129 से अधिक मॉडलों की बिक्री करने वाले फोक्सवागन ब्रांड की वैश्विक सेडान वंशावली को आगे बढ़ाता है।

### ई-रिक्शा एग्रीगेटर ओए यूपी में

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती हुई ई रिक्शा एग्रीगेटर कंपनी ओए रिक्शा ने यूपी लखनऊ में अपनी सेवा शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही ओ रिक्शा,अब दिल्ली एनसीआर समेत 7 शहरों में मौजूद है। ओए रिक्शा का लक्ष्य वर्ष 2022 के अंत तक लखनऊ के निवासियों की आवागमन से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करते हुए 7000 से अधिक ई-रिक्शा उपलब्ध कराकर शहर के 405 लाख लोगों की सेवा करना है। ओए रिक्शा भारत में सबसे बड़ा ई-रिक्शा एग्रीगेटर है जिससे 10,000 से ज्यादा ई-रिक्शा जुड़े हैं। इस कंपनी ने पिछले साल 60 लाख से ज्यादा बार लोगों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में मदद की है। ओए रिक्शा अपने एप के ज़रिये लोगों को कम खर्च में छोटी दूरी की यात्राओं के लिए ई रिक्शा मुहैया कराता है जिसके लिए लोग राइड शेयरिंग और प्राइवेट राइड जैसी सेवायें ले सकते हैं। कंपनी ने ये डिलीवरी फ्लिपकार्ट, उड़ान, मिल्कबास्केट, डीलशेयर, ग्रोफर्स,सिटी मॉल, जियोमार्ट जैसे शीर्ष ई.कॉमर्स कंपनियों के लिए की।

### सूक्ष्म वित्त उद्योग का ऋण पोर्टफोलियो तीसरी तिमाही में बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपए

**मुंबई।** सूक्ष्म वित्त उद्योग का सकल ऋण पोर्टफोलियो (जीएलपी) चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 1.86 प्रतिशत बढ़कर 2,32,126 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सा-धन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सूक्ष्म-वित्त (एमएफआई) उद्योग का ऋण पोर्टफोलियो 2,27,893 करोड़ रुपए था। सा-धन एमएफआई के लिए रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त स्व-नियामक संगठन है। तीसरी तिमाही के दौरान एमएफआई का कुल ऋण वितरण 8.5 प्रतिशत बढ़कर 66,864 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 61,625 करोड़ रुपए था। दिसंबर, 2021 में औसतन ऋण का आकार 39,507 रुपए रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक ऋण वितरण का प्रमुख माध्यम रहे। तीसरी तिमाही में औसतन 41,805 रुपए के ऋण के साथ जीएलपी में बैंकों की हिस्सेदारी 40.50 प्रतिशत रही। सा-धन के कार्यकारी निदेशक पी सतीश ने कहा, सूक्ष्म वित्त क्षेत्र में सकारात्मक सुधार दिख रहा है।

### सरकार को एचएलएल लाइफकेयर के निजीकरण के लिए कई शुरुआती बोलियां मिलीं

**नई दिल्ली।** सरकार को सार्वजनिक इकाई एचएलएल लाइफकेयर के निजीकरण के लिए कई शुरुआती बोलियां मिली है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। पांडेय ने कहा, एचएलएल लाइफकेयर के निजीकरण के लिए कई रुचि पत्र (ईओआई) मिले है। यह सौदा अब अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। अब इसके लिए जांच-परख की प्रक्रिया शुरू होगी। उसके बाद इच्छुक बोलीदाताओं से वित्तीय बोलियां मांगी जाएंगी। शुरुआती बोलियां देने की अंतिम तारीख 14 मार्च थी। दीपम ने 14 दिसंबर को स्वास्थ्य क्षेत्र के इस सार्वजनिक उपक्रम में सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री के लिए शुरुआती बोलियां मांगी थी।

### अरुणाचल सरकार ने 2022-23 के लिए घाटे का बजट पेश किया, कोई नया कर नहीं

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए घाटे का बजट पेश किया। बजट में किसी नए कर का प्रस्ताव नही है। मीन के पास वित्त, निवेश और योजना विभागों का भी प्रभार है। बजट में वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। चौना ने कहा कि बजट में 644.81 करोड़ रुपए के घाटे का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए कुल 26,111.63 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान है, जो 2021-22 के बजटीय अनुमानों के मुकाबले 15.64 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि 2022-23 मे राजस्व प्राप्तियां 24,253.54 करोड़ रुपए और पूंजीगत प्राप्तियां 1,858.09 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

# अप्रैल-जून, 2021 में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर घटकर 12.6 प्रतिशत पर : एनएसओ सर्वे

भाषा। नई दिल्ली

**शहरी क्षेत्रों** में 15 साल और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2021 में घटकर 12.6 प्रतिशत रह गई, जो इससे पिछले साल की इसी अवधि में 20.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के सोमवार को जारी श्रमबल सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है।

बेरोजगारी दर (यूआर) को श्रमबल में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2020 में सबसे अधिक थी। ऐसा कोरोना वायरस महामारी को नियंत्रण में रखने के लिए लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के चलते था। एनएसओ के 11वें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2021 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर शहरी क्षेत्रों में 9.3 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) की बेरोजगारी दर भी अप्रैल-जून, 2021 में घटकर 14.3 प्रतिशत रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी अवधि में 21.1 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च, 2021 में 11.8 प्रतिशत था। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर भी घटकर 12.2 प्रतिशत रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी अवधि में 20.7 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च 2021 में 8.6 फीसदी था।

## सेबी ने लापता डिफॉल्टरों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को नौ लापता व्यक्तिगत डिफॉल्टरों की सूची जारी की। सेबी ने कहा कि वसूली (रिकवरी) अधिकारी ने नौ व्यक्तियों के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र तैयार किए थे, लेकिन ए नोटिस चूककर्ताओं को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नहीं दिए जा सके। एक बयान के मुताबिक, ए नोटिस जून, 2014 से नवंबर, 2021 के बीच जारी किए गए थे।डिफॉल्टर निवेशकों का धन वापस करने में विफल रहे हैं या फिर नियामक द्वारा उन पर लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं कर पाए हैं। सेबी ने इनके खिलाफ वसूली की कार्वाई शुरू की है। इन डिफॉल्टरों में रजनीश भंवरलाल जैन, प्रशांत मुलेकर, सुलेमान सद्रू मर्चेंट, नरेश शाह, कौशिक करसनभाई पटेल, वर्षा मधुसुन सतपालकर एवं जनार्दन अरविंद पारुलेकर, सुधीर नाथूराम पवार एवं सोमित किशनचंद्र सक्सेना, रजनी राजन गीते और गिरीश श्रीचंद वलेचा एवं नगमा हुसैन अहमद अंसारी शामिल हैं।

# फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.07 प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली

**खाद्य उत्पादों** की कीमतों में तेजी की वजह से फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.07 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह आठ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी, 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 6.07 प्रतिशत रही। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है।रिजर्व बैंक को सरकार की तरफ से मुद्रास्फीति की दर को छह प्रतिशत के भीतर सीमित रखने का दायित्व मिला हुआ है। केंद्रीय बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। इसके पहले जनवरी, 2022 में भी खुदरा मुद्रास्फीति की दर 6.01 प्रतिशत रही थी। वहीं फरवरी, 2021 में यह 5.03 प्रतिशत पर रही थी। इसके पहले सोमवार को फरवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के बढ़ने के आंकड़े भी आए। इन आंकड़ों के मुताबिक, थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 13.11 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं सीपीआई आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी में खुदरा महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में 5.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। जनवरी के महीने में यह 5.43 प्रतिशत बढ़ी थी।अनाज के दाम 3.95 प्रतिशत बढ़े और मांस एवं मछली 7.45 प्रतिशत तक महंगे हो गए। वहीं फरवरी में अंडों के दाम 4.15 प्रतिशत बढ़े हैं।सब्जियों के दामों में 6.13 प्रतिशत और मसालों में 6.09 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं फलों की कीमतें जनवरी की तुलना में 2.26 प्रतिशत ही बढ़ीं। ईंधन एवं प्रकाश खंड के उत्पादों के दाम फरवरी में 8.73 प्रतिशत चढ़े लेकिन जनवरी के 9.32 प्रतिशत की तुलना में यह नरमी को दर्शाता है।आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई को 4.5 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए यह अनुमान 5.3 प्रतिशत का है। मौजूदा तिमाही के लिए आरबीआई ने खुदरा मुद्रास्फीति के 5.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना जताई है। मई, 2020 से ही रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

# आंकड़ों के भंडारण संबंधी नियमों का पूरी तरह अनुपालन कर रहे हैं : पेटीएम पेमेंट्स बैंक

भाषा। नई दिल्ली

**पेटीएम पेमेंट्स** बैंक ने सोमवार को कहा कि वह रिजर्व बैंक के स्थानीय स्तर पर डेटा भंडारण संबंधी नियमों का पूरी तरह अनुपालन करता है और उसके सारे आंकड़े देश के भीतर ही मौजूद हैं। रिजर्व बैंक ने गत शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीबीबीएल) को नए खाते खोलने से इस आधार पर प्रतिबंधित कर दिया कि उसके परिचालन में सामग्री निगरानी संबंधी चिंताएं पाई गई हैं। इस पर पीबीबीएल ने एक बयान में अपना पक्ष रखते हुए कहा, बैंक के सभी आंकड़े देश के भीतर ही हैं। हम डिजिटल इंडिया अभियान में पूरी तरह यकीन करते हैं और देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उसने कहा कि ग्राहकों से जुड़े आंकड़े देश के भीतर ही सुरक्षित रखने संबंधी रिजर्व बैंक के नियमों का वह पूरी तरह अनुपालन करता है। रिजर्व बैंक ने इन आंकड़ों को महत्वपूर्ण मानते हुए सभी वित्तीय संस्थानों को स्थानीय स्तर पर डेटा सुरक्षित रखने का निर्देश दिया हुआ है। बहरहाल, नए खाते खोलने पर रोक लगने के बाद सोमवार को पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में करीब 13 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के पीछे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सर्वर से चीन की कुछ कंपनियों को आंकड़े भेजे जाने संबंधी खबर को जिम्मेदार माना जा रहा है।

# रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 76.55 रुपए प्रति डॉलर पर



भाषा। मुंबई

**कच्चे तेल** की कीमतों में नरमी और विदेशी कोषों की निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 76.55 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि मुद्रास्फीति की दर बढ़ने के कारण भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा, हालांकि शेयर बाजारों की तेजी ने रुपए की गिरावट पर अंकुश लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.63 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपए की गिरावट कुछ कम हुई लेकिन निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर अपना रुख करने से रुपए में कमजोरी बनी रही। इस दौरान घरेलू मुद्रा ने 76.52 के ऊपरी और 76.69 के निचले स्तर को देखा। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 76.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 19 पैसे की तेजी के साथ 76.43 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

बाजार सूत्रों ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर अनिश्चितता तथा उच्च मुद्रास्फीति दर कायम रहने के कारण निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से दूर बने रहे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.39 प्रतिशत घटकर 98.79 रह गया।

## वोडाफोन आइडिया को पहले से सक्रिय सिम मामले में टीडीसैट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विवाद निपटान न्यायाधिकरण टीडीसैट ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) को पहले से सक्रिय सिम कार्डों की बिक्री पर दूरसंचार विभाग से लगाए गए जुर्माने पर कोई राहत देने से मना कर दिया है। दूरसंचार विभाग ने वीआईएल पर 1.9 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही कहा है कि अगर कंपनी इस हफ्ते तक इसका भुगतान करने में नाकाम रही, तो वह बैंक गारंटी को जब्त कर लेगा। इस आदेश के खिलाफ टीडीसैट से गुहार लगाने वाली वीआईएल को वहां से भी कोई अंतरिम राहत नहीं मिली। न्यायमूर्ति धीरुभाई एन पटेल की अगुआई वाली टीडीसैट की पीठ ने अपने निर्णय में कहा, हम आपको स्थगन आदेश नहीं दे सकते हैं। आप जुर्माने की रकम जमा करें। अगर आपका दावा सही पाया जाता है, तो एक हफ्ते के भीतर वह रकम आपको वापस कर दी जाएगी। यह मामला पहले से सक्रिय किए जा चुके सिम कार्ड की बिक्री का है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में वीआईएल के एक खुदरा साझेदार ने कथित तौर पर इन सिम कार्ड की बिक्री की। मार्च, 2020 में पुलिस की दबिश में खुदरा साझेदार के परिसर से पूर्व-सक्रिय सिम कार्ड बरामद किए गए थे।

# पेज एक का शेष

## कोरोना संक्रमण...

बीते 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,901 की कमी दर्ज की गई है। इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,24,41,449 हो गई है और मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत दर्ज की गई। मंत्रालय ने बताया कि देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 180.19 करोड़ खुराकें दी जा चुकी है। दैनिक संक्रमण दर 0.47 प्रतिशत दर्ज की गई और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.47 दर्ज की गई है। अभी तक कोविड-19 के लिए 77.90 करोड़ नमूनों की जांच की गई है और बीते 24 घंटे में 5,32,232 नमूनों की जांच की गई। देश में जिन 27 और लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है उनमें से 16 केरल से हैं। अभी तक इस महामारी से कुल 5,15,877 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 1,43,752 की महाराष्ट्र में, 66,808 की केरल, 40,018 की कर्नाटक, 38,023 की तमिलनाडु, 26,141 की दिल्ली, 23,492 की उत्तर प्रदेश और 21,187 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश में 19 दिसंबर 2020 को कोविड-19 के मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

## नेता चयन के...

का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने धामी के ही नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव लड़ा था। मणिपुर के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक तथा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को सह पर्यवेक्षक बनाया गया है। पूर्वोत्तर के इस राज्य में एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने अपने बूते सरकार में वापसी की है। गोवा के लिए पार्टी ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पर्यवेक्षक तथा सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## योगी ने...

जा सकता है। इसके अलावा स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के विधान परिषद सदस्यों के चुनाव आगामी नौ अप्रैल को होने हैं। इस मुद्दे पर भी इस बैठक में बातचीत हुई। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी।

## एनएसई की...

ताजा खुलासे के बीच को-लोकेशन घोटाले से संबंधित मामले में रामकृष्ण को गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में मई 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एनएसई द्वारा प्रदान की जाने वाली को-लोकेशन सुविधा में, ब्रोकर अपने सर्वर को स्टॉक एक्सचेंज परिसर के भीतर रख सकते हैं जिससे उन्हें बाजारों तक तेजी से पहुंच प्राप्त हो सकती है। आरोप है कि कुछ दलालों ने अंदरूनी सूत्रों की मिलीभगत से एल्गोरिदम और को-लोकेशन सुविधा का दुरुपयोग करके अप्रत्याशित लाभ कमाया। इससे पहले, पूंजी बाजार नियामक सेबी ने वरिष्ठ स्तर पर नियुक्ति में अनियमितता के लिए एनएसई, रामकृष्ण, रवि नारायण और दो अन्य अधिकारियों पर जुर्माना लगाया था। रवि नारायण अप्रैल 1994 से मार्च 2013 तक एनएसई के एमडी और सीईओ थे, जबकि चित्रा रामकृष्ण अप्रैल 2013 से दिसंबर 2016 तक इन पदों पर थीं। सेबी ने पाया कि एनएसई और उसके शीर्ष अधिकारियों ने समूह संचालन अधिकारी और प्रबंध निदेशक के सलाहकार के रूप में आनंद सुब्रमण्यम की नियुक्ति से संबंधित प्रतिभूति अनुबंध मानदंडों का उल्लंघन किया।

## जम्मू-कश्मीर...

प्रतियां जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों के संदर्भ के लिए उपलब्ध है। आयोग को 6 मार्च को दो महीने का विस्तार दिया गया था और उसे 6 मई से पहले एक रिपोर्ट जमा करनी थी। सोमवार को सार्वजनिक किए गए मसौदा प्रस्ताव के अनुसार जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। इसी तरह, केंद्र शासित प्रदेश की संसदीय सीट में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए कोई आरक्षण नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा सीटों की संख्या 90 करने का प्रस्ताव है, जिसमें से सात सीट एससी और नौ सीट एसटी के लिए आरक्षित होंगी। मसौदे में कहा गया है कि जम्मू संभाग में जम्मू-रियासी और उधमपुर-डोडा निर्वाचन क्षेत्र होंगे जबकि कश्मीर संभाग में श्रीनगर-बडगाम और बारामूला-कुपवाड़ा होंगे। अनंतनाग-पुंछ सीट दोनों संभागों का हिस्सा होगी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में मार्च 2020 में गठित तीन सदस्यीय आयोग ने 90 सदस्यीय सदन में जम्मू क्षेत्र में छह और सीट तथा कश्मीर में एक अतिरिक्त सीट का प्रस्ताव रखा है। नब्बे सदस्यीय विधानसभा में से 47 सीट कश्मीर में जबकि 43 सीट जम्मू क्षेत्र में होंगी।

## यूक्रेन में...

कि यूक्रेन में वर्तमान में युद्ध से घिरे हुए शहरों में रह रहे लोग अथाह संकट का सामना कर रहे हैं और अधिकारी ने नागरिकों को निकलने एवं मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अग्रिम मोर्चो पर सुरक्षित मार्ग की अनुमति देने का आह्वान किया। पोलैंड की सीमा के निकट एक सैन्य ठिकाने पर रूस द्वारा किए गए हवाई हमले से लड़ाई के उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) तक पहुंचने की बढ़ती आशंका के बीच रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने के प्रयास में वहां भारी गोलाबारी कर रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, हर कोई खबर का इंतजार कर रहा है। यूक्रेन पर 19वें दिन भी रूसी हमलों के बावजूद दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वार्ता के एक नए दौर ने रूसी सेनाओं से घिरे यूक्रेन के शहरों से नागरिकों की निकासी और आपात सामानों की आपूर्ति की उम्मीद फिर जगी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सहयोगी मिखाइलो पोडोलीक ने वीडियो लिंक द्वारा दोनों पक्षों की बैठक की एक तस्वीर ट्वीट की। पोडोलीक ने सोमवार को ट्विट किया था कि वार्ताकार शांति, युद्धविराम, सैनिकों की तत्काल वापसी और सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करेंगे।

कई घंटों की बातचीत के बाद वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। पोडोलीक ने कहा कि वार्ताकारों ने मंगलवार को फिर से मिलने की योजना बनाई है। पूर्व में रूस से लगने वाली सीमा से लेकर पश्चिम में कारपेथियाई पहाड़ों तक देशभर के शहरों और कस्बों में रातभर हवाई हमलों की चेतावनी देने वाले सायरनों की आवाज गूंजती रही। वहीं कीव के बाहरी इलाकों में भी लड़ाई जारी है।

## चीन से...

वार्ता से पहले व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने खुलेआम चीन को आगाह किया कि वह वैश्विक प्रतिबंधों से बचने के लिए रूस की मदद न करें। इन वैश्विक प्रतिबंधों ने रूस की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हम यह होने नहीं देंगे। इस बीच रूस ने सोमवार को इस बात से इनकार किया कि उसे चीन की मदद की जरूरत है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, नहीं, रूस के पास अभियान जारी रखने की अपनी क्षमता है, जैसा कि हमने कहा है, योजना को समय पर और पूर्ण रूप से पूरा किया जाएगा। चीन का रूस को वित्तीय मदद की पेशकश करना राष्ट्रपति जो बाइडन की कई चिंताओं में से एक है। गोपनीयता की शर्त पर एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में रूस ने चीन से सैन्य उपकरण समेत अन्य मदद मांगी है। इस संबंध में सबसे पहले खबर फाइनेंशियल टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट ने दी थी। बाइडन प्रशासन ने चीन पर रूस को लेकर गलत सूचनाएं फैलाने का भी आरोप लगाया है जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना के यूक्रेन पर रासायनिक या जैविक हथियारों से हमला करने के लिए एक बहाना हो सकती है। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि बीजिंग रूस के इन गलत दावों का प्रचार कर रहा है कि यूक्रेन अमेरिका की मदद से रासायनिक और जैविक हथियारों की प्रयोगशालाएं चला रहा है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से चीन अपने दो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ नाजुक स्थिति में आ गया है। चीन को इन बाजारों तक पहुंच की जरूरत है लेकिन उसने मॉस्को के प्रति भी समर्थन दिखाया है।

## यूक्रेन से लौटे...

भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास में छात्र कल्याण इकाई बनाई जाएं ताकि भारतीय छात्रों को मदद मिल सके। सुरेश ने कहा कि विदेश मंत्री को इस मामले पर सदन में वक्तव्य देना चाहिए। कांग्रेस के अब्दुल खालिक ने कहा कि यूक्रेन से लौटे छात्रों का भविष्य अनिश्चितता से भरा हुआ है, इसलिए सरकार को एक नीति बननी चाहिए ताकि छात्रों का भविष्य सुनिश्चित हो सके। द्रमुक के टी आर बालू ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के ब्याज दर में कटौती का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि ईपीएफ पर ब्याज दर को 8.5 प्रतिशत किया जाए और 3,000 रुपए की न्यूतनमपेंशन की व्यवस्था सुनिश्चित हो। भाजपा के हरीश द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं का विषय उठाते हुए कहा कि किसानों को बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल बर्बाद हो रही है और ऐसे पशु दुर्घटना और यातायात जाम का कारण भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा निधि के तहत प्रत्एक गांव में गौशाला बनाई जाए ताकि इस समस्या से निजात मिल सके। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने आरोप लगाया कि सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों को बेच रही है तथा रेलवे का विनिवेश करने जा रही है।






यूक्रेन में तोपखाने की गोलाबारी की चपेट में आने के बाद एक रेजिडेंट बिल्डिंग, यूरोप की परिषद संसदीय सभा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए

# पुतिन के हमले तेज करने की आशंका

## ● अमेरिकी खुफिया अधिकारी का दावा

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी** खुफिया अधिकारियों का आकलन है कि यूक्रेन पर हमले में दो दिन में ही सफलता मिलने की उम्मीद कर रहे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो सप्ताह से अधिक समय तक युद्ध जारी रहने से अपनी सेना की विफलता पर खफा और निराश हैं और ऐसे में वह यूक्रेन में और अधिक हिंसा और विनाश कर सकते हैं। हाल के दिनों में अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि वे चिंतित हैं कि रूसी राष्ट्रपति यूक्रेन में संघर्ष को और बढ़ाएंगे। रूस अभी भी भारी सैन्य क्षमता रखता है और हफ्तों तक देश पर बमबारी कर सकता है। पिछले सप्ताह कांग्रेस के समक्ष खुफिया अधिकारियों ने खुले तौर पर चिंता व्यक्त की थी कि पुतिन क्या कर सकते हैं, और ए चिंताएं इस बारे में चर्चाओं को तेजी से आकार दे रही हैं कि अमेरिकी नीति निर्माता यूक्रेन के लिए क्या करने को तैयार हैं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने सांसदों से कहा कि उनका मानना है कि पुतिन कई वर्षों से महत्वाकांक्षी थे और उन्हें यूक्रेन को लेकर शिकायत भी थी। बर्न्स ने कहा, पुतिन ने दो दिनों में कीव पर कब्जा करने की उम्मीद की थी। इसके बजाय, उनकी सेना प्रमुख शहरों पर नियंत्रण करने में विफल रही है और पहले ही कई हजार सैनिकों को खो दिया है। बर्न्स मॉस्को में अमेरिका के पूर्व राजदूत हैं जो कई बार पुतिन से मिल चुके हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति की मानसिक स्थिति के बारे में एक सवाल के जवाब में सांसदों से कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पुतिन मूर्ख हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पुतिन अभी गुस्से में हैं और निराश हैं। उन्होंने कहा, पुतिन नागरिकों के हताहत होने की परवाह किए बगैर यूक्रेन पर अब और अधिक हमले कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक एवरिल हैन्स ने कहा कि पुतिन इसे एक युद्ध के रूप में देखते हैं जिसे वह हारने का जोखिम नहीं उठा सकते।

## अमेरिकी कांग्रेस को डिजिटल तरीके से संबोधित करेंगे जेलेंस्की



**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी कांग्रेस को डिजिटल तरीके से संबोधित करेंगे। जेलेंस्की का यह संबोधन ऐसे समय होगा जब यूक्रेन में रूसी हमले तेज हो गए है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओ ने घोषणा की कि जेलेंस्की बुधवार को हाउस और सीनेट के सदस्यो से बात करेंगे। हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी और सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर ने सोमवार को एक बयान मे कहा, कांग्रेस, हमारा देश और दुनिया यूक्रेन के लोगों का सम्मान करती है। उन्होने कहा कि सभी सांसदो को यूएस कैपिटल में वीडियो के माध्यम से संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह तब सामने आया है जब कांग्रेस ने हाल ही मे यूक्रेन के लिए आपातकालीन सैन्य और मानवीय सहायता के तहत 13.6 अरब डालर को मंजूरी दी थी। नेताओ ने कहा, हम हाउस और सीनेट मे राष्ट्रपति जेलेंस्की के संबोधन का स्वागत करने और यूक्रेन के लोगो को अपना समर्थन देने के लिए तत्पर है क्योकि वे बहादुरी से लोकतंत्र की रक्षा कर रहे है। जेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत मे हाउस और सीनेट के सांसदो के साथ वीडियो द्वारा बात की थी और अधिक सैन्य सहायता के लिए अनुरोध किया था।

## यूक्रेन मुद्दे को लेकर अमेरिका गलत सूचनाएं फैला रहा: चीन

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को अमेरिका के उस आरोप को दुर्भावनापूर्ण करार दिया, जिसमें यह दावा किया गया है कि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ जारी सैन्य अभियान में चीन से सहयोग मांगा है। साथ ही चीन ने अमेरिका पर यूक्रेन के मुद्दे को लेकर उसके खिलाफ गलत सूचनाएं फैलाने का आरोप भी लगाया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से सामने आई इस रिपोर्ट से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बीजिंग शांतिवार्ता को बढ़ावा देने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। अमेरिका, चीन को निशाना बनाते हुए यूक्रेन मुद्दे को लेकर लगातार गलत सूचनाएं फैला रहा है। यह दुभार्वनापूर्ण है। झाओ ने संवाददाताओं से कहा कि इस समय सबसे जरूरी यह है कि तनाव को भड़काने के बजाय सभी पक्षों को हालात सामान्य करने पर जोर देना चाहिए।हालात को और बिगाड़ने के बजाय हमे कूटनीतिक समझौते को बढ़ावा देना चाहिए। वार्ता से पहले व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने खुलेआम चीन को आगाह किया कि वह वैश्विक प्रतिबंधों से बचाने के लिए रूस की मदद न करें। इन वैश्विक प्रतिबंधों ने रूस की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हम यह होने नहीं देंगे।

## रूस में सोशल मीडिया मंच, तमाम ऐप की पहुंच सीमित करना जारी

**बोस्टन।** यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई शुरू करने से पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश में सोशल मीडिया मंच तथा अन्य ऐप की पहुंच को सीमित करने का काम शुरू कर दिया था और अब विरोध में लगातार उठ रही आवाजों को दबाने के लिए तमाम प्रतिबंध लगा रहे हैं। हालांकि, रूसी खोजी पत्रकार आंद्रेई सोलातोव ने आगाह किया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पश्चिमी प्रौद्योगिकी कम्पनियों के उसके साथ संबंध तोड़ने से फायदा पुतिन का ही ज्यादा होगा। उन्होंने रूसी सेंसरशिप का पर्दाफाश करने के लिए कई वर्ष तक मशक्कत की है और अब उन्हें डर है कि यूक्रेन की सहायता के लिए उठाए जा रहे कदम इसके बजाय पुतिन को रूसियों को सूचनाओं से दूर करने और क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) को उसकी नीतियों का प्रचार करने में मदद करेंगे। लंदन में रहने वाले सोलातोव ने यूक्रेन युद्ध के पहले सप्ताह में फेसबुक पर लिखा था, देखो, दोस्तों, रूसियों के पास यूक्रेन के बारे में बात करने के लिए यही एक जगह है। रूस में क्या हो रहा है यह जानकारी साझा करने का एकमात्र मंच फेसबुक है। हालांकि, रूस ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक और ट्विटर तक लोगों की पहुंच काफी सीमित कर दी है।

## बेलग्रेड में पुतिन समर्थकों का प्रदर्शन

**बेलग्रेड (सर्बिया)।** यूक्रेन पर रूस के हमले के समर्थन में रविवार को कई कारें सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड से होकर गुजरी। कार मे सवार लोगों ने रूसी और सर्बियाई झंडे लहराए, हॉर्न बजाया और पुतिन (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) समर्थक नारे लगाए। सर्बिया ने औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग करने और मास्को की आक्रमकता की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष मे मतदान करने के बावजूद अपने सहयोगी रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधो मे शामिल होने से इनकार कर दिया

## यूक्रेनवासियों के लिए रूस युद्ध दु:स्वप्न से कम नहीं है: रेडक्रॉस

**दुबई।** रेडक्रॉस के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में वर्तमान में युद्ध से घिरे हुए शहरो में रह रहे लोग अथाह संकट का सामना कर रहे है और अधिकारी ने नागरिको को निकलने एवं मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अग्रिम मोर्चो पर सुरक्षित मार्ग की अनुमति देने का आह्वान किया। इंटरनेशनल कमिटी ऑफ रेडक्रॉस के महानिदेशक रॉबर्ट मार्दिनी ने इस युद्ध को उससे प्रभावित लोगो के लिए त्रासदी बताया क्योंकि खासकर बुरी तरह घिरे मारियुपोल में लोगों के सामने पेयजल, भोजन, दवाइयो और ईंधन की किल्लत हो गई है।

## यूक्रेन में मारा गया अमेरिकी पत्रकार टाइम के लिए कर रहा था काम

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन मे मारे गए पुरस्कार विजेता अमेरिकी फिल्म निर्माता और पत्रकार ब्रेट रेनॉड टाइम स्टूडियो के लिए काम कर रहे थे और मृत्यु के समय वैश्विक शरणार्थी संकट पर केंद्रित एक परियोजना से जुड़े थे। कंपनी ने यह घोषणा की है। रेनॉड (50) ने टाइम्स, एचबीओ, एनबीसी, वाइस मीडिया और अन्य कंपनियों के लिए फिल्म और टेलीविजन परियोजनाओं पर अक्सर अपने भाई क्रेग रेनॉड के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने अफगानिस्तान, हैती, इराक, मैक्सिको और यूक्रेन के संघर्ष वाले इलाको और जोखिम भरे क्षेत्रो मे काम किया। टाइम पत्रिका ने एक बयान में कहा, हम ब्रेट रेनॉड के निधन से बेहद दुखी है। एक पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता और पत्रकार के रूप मे, ब्रेट ने अपने भाई क्रेग रेनॉड के साथ अक्सर दुनिया भर की सबसे कठिन कहानियो पर काम किया। हाल के हफ्तो मे, ब्रेट वैश्विक शरणार्थी संकट पर केंद्रित टाइम स्टूडियो परियोजना पर काम करने के लिए उस क्षेत्र मे थे।

## चेर्नोबिल में बिजली लाइन बहाल: यूक्रेन

**ल्वीव।** यूक्रेन ने कहा है कि उसने चेर्नोबिल विद्युत संयंत्र की क्षतिग्रस्त लाइन को सही कर लिया है। यह संयंत्र रूसी सैनिको के नियंत्रण मे है। ऊर्जा मंत्री हरमन हलुशेंको ने कहा कि नेशनल पावर ग्रिड कंपनी के लोग इस कनेक्शन को बहाल कर पाए। बिजली का उपयोग पंपों को चलाने के लिए किया जाता है जो विकिरण रिसाव को रोकने के लिए परमाणु ईंधन को ठंडा रखते है। यूक्रेन ने बुधवार को कहा था कि संयंत्र पर बिजली की आपूर्ति रुक गई है और वहां पर जेनरेटर चलाने के लिए 48 घंटे के वास्ते डीजल है।

## यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रयासों को लेकर भारत समेत कई देशों के संपर्क में हूं: गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वह यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता के प्रयासो को लेकर भारत और कई अन्य देशो के साथ करीबी संपर्क बनाए हुए है। गुतारेस ने यूक्रेन के बिगड़ते हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि यह यूक्रेन के लोगो पर जारी अत्याचार को रोकने और कूटनीति और शांति के रास्ते पर चलने का समय है। इस युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता के प्रयासो को लेकर मै चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इजराइल और तुर्की सहित कई देशो के साथ करीबी संपर्क मे हूं।

# भारत, पाक को बातचीत, जांच करनी चाहिए

## ● दुर्घटनावश मिसाइल चलने का मामला

**भाषा।** बीजिंग



**चीन ने** सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को जल्द से जल्द बातचीत करनी चाहिए और हाल ही में भारत की ओर से एक मिसाइल के दुर्घटनावश चलने की गहन जांच शुरू करनी चाहिए, जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गिरी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पाकिस्तान और भारत दोनों दक्षिण एशिया में प्रमुख देश हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने की जिम्मेदारी साझा करते हैं। भारतीय मिसाइल के दुर्घटनावश चलने को लेकर एक पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा पर चीन की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, हमने प्रासंगिक जानकारी पर गौर किया है। झाओ ने कहा, हम संबंधित देशों से जल्द से जल्द बातचीत और संवाद करने और इस घटना की गहन जांच शुरू करने, सूचना साझा करने को मजबूत करने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसे सुनिश्चित करने और गलत अनुमान को रोकने के लिए एक अधिसूचना तंत्र स्थापित करने का आह्वान करते हैं। भारत सरकार ने कहा कि दो दिन पहले गलती से एक मिसाइल चल गई थी, जो पाकिस्तान में गिरी और यह खेदजनक घटना नियमित रखरखाव के दौरान एक तकनीकी खराबी के कारण हुई थी। भारत के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और इसमें एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। उससे एक दिन पहले पाकिस्तान ने कहा था कि भारत से छोड़ी गई एक हाई-स्पीड प्रोजेक्टाइल उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई और पंजाब प्रांत के खानेवाल जिले में मियां चन्नू के पास गिरी। भारत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, पता चला है कि मिसाइल पाकिस्तान के एक इलाके में गिरी। यह घटना अत्यंत खेदजनक है, राहत की बात है कि कोई जनहानि नहीं हुई। बयान में कहा गया, तकनीकी खराबी के कारण नौ मार्च को नियमित रखरखाव के दौरान दुर्घटनावश एक मिसाइल चल गई।

# बाफ्टा 2022 में लता मंगेशकर को दी गई श्रद्धांजलि

**भाषा।** लंदन



**स्वर-कोकिला** लता मंगेशकर को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन अवार्ड्स (बाफ्टा) 2022 में श्रद्धांजलि दी गई। रॉयल एल्बर्ट हॉल में रविवार को आयोजित पुरस्कार में लता मंगेशकर को खास द मेमोरियम खंड में जगह दी गई। मंगेशकर का उम्र संबंधी परेशानियों के चलते छह जनवरी को निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं।बाफ्टा ने लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें संगीत जगत की एक आइकन बताया और उन्हें एक भारतीय पार्श्व गायिका के रूप में वर्णित किया, जिसने 70 वर्ष के करियर में।,000 से अधिक हिंदी फिल्मों के लिए अनुमानित 25,000 गीत गाए। बाफ्टा ने कहा कि वह 1974 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में प्रस्तुति देने वाली पहली भारतीय कलाकार थीं। बाफ्टा के द मेमोरियम खंड में अभिनेता एवं फिल्म निर्माता सिडनी पोइटियर, निर्देशक इवान रीटमैन, छायाकार हलिना हचिन्स, अदाकारा मोनिका विट्टी और सैली केलरमैन को भी श्रद्धांजलि दी गई।

# कनाडा में सड़क हादसे में पांच भारतीय छात्रों की मौत

**भाषा।** टोरंटो



**कनाडा** के ओंटारियो प्रांत में एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच भारतीय छात्रों की मौत हो गई। यह इस देश में गत जनवरी से भारतीयों से संबंधित दूसरा बड़ा हादसा है। द कैनेडियन प्रेस की खबर के अनुसार, यह हादसा सदर्न ओंटारियो के क्विंटे वेस्ट शहर में राजमार्ग 401 पर एक यात्री वैन और ट्रैक्टर-ट्रेलर के बीच शनिवार को टक्कर होने के कारण हुआ। क्विंटे वेस्ट में ओंटारियो प्रांतीय पुलिस ने एक बयान में बताया कि हरप्रीत सिंह (24), जसपिंदर सिंह (21), करणपाल सिंह (21), मोहित चौहान (23) और पवन कुमार (23) को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि ए सभी ग्रेटर टोरंटो और मॉन्ट्रियल इलाके में छात्र थे। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने इस घटना को हृदयविदारक त्रासदी करार दिया और कहा कि टोरंटो में भारतीय मिशन आवश्यक सहायता के लिए पीड़ितों के मित्रों के संपर्क में है।

## ● जयशंकर ने शोक व्यक्त किया

उन्होंने ट्वीट किया, कनाडा में दिल दहला देने वाली त्रासदी। टोरंटो के पास शनिवार को एक वाहन दुर्घटना में पांच भारतीय छात्रों की मौत हो गई। दो अन्य अस्पताल में हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। हर प्रकार की सहायता मुहैया कराने के लिए हम पीड़ितों के दोस्तों के संपर्क में हैं। प्राप्त खबरों के अनुसार, छात्र शनिवार तड़के राजमार्ग 401 पर यात्री वैन से पश्चिम की ओर जा रहे थे, तभी तड़के करीब पौने चार बजे (स्थानीय समयानुसार) उनका वाहन एक ट्रैक्टर-ट्रेलर से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो अन्य यात्रियों को एक निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जांच जारी है, बहरहाल अभी तक कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर-ट्रेलर का चालक घायल नहीं हुआ है। खबर में कहा गया है कि दुर्घटना के बाद, राजमार्ग के पश्चिम की ओर जाने वाली सड़कों को वॉलब्रिज लॉयलिस्ट रोड और ग्लेन मिलर रोड के बीच जांच के लिए लगभग 10 घंटे तक बंद कर दिया गया था। इस बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पांच भारतीय छात्रों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

## चीन में भारत के नए राजदूत रावत ने संभाला प्रभार

**बीजिंग।** चीन में भारत के नए राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने सोमवार को प्रभार संभाल लिया। रावत चार मार्च को चीन पहुंच गए थे और चीन के कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पृथक-वास में थे। चीन में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने आज प्रभार संभाल लिया। रावत से पहले राजदूत विक्रम मिस्री यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मिस्री को उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। इससे पहले, 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी रावत नीदरलैंड में भारत के राजदूत के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

## क्विक न्यूज

### कोविड से ठीक होने वालों में मधुमेह के खतरे को कम करने में व्यायाम से मिल सकती है मदद : अध्ययन

**वाशिंगटन।** कोविड-19 से ठीक होने वाले लोगों में मधुमेह और अवसाद के खतरे को कम करने में व्यायाम से मदद मिल सकती है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। अमेरिका में पेनिंगटन बायोमेडिकल अनुसंधान केंद्र के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में इस बात का उल्लेख किया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित होने वाले कितने लोग कोविड के बाद होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित हैं। दरअसल, कोविड-19 के संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों को बाद में मधुमेह और अवसाद जैसी कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने प्रधानमंत्री खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने सोमवार को विपक्षी दलों से प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को वापस लेने का आग्रह किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के लगभग 100 सांसदों ने पिछले सप्ताह नेशनल असेंबली सचिवालय के समक्ष एक अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इमरान खान सरकार आर्थिक संकट और देश में बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार है। चौधरी ने आज न्यूज टीवी से कहा, अगर विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव वापस लेता है, तो देखते हैं कि बदले में उन्हें क्या दिया जा सकता है। सूचना मंत्री ने कहा कि जब से विपक्षी दलों ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) का गठन किया है, बहुत अधिक विद्वेष पैदा हुआ है, तीखे बयान सामने आए हैं। डॉन अखबार ने उनके हवाले से अपनी खबर में बताया कि दो से तीन सप्ताह में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होने तक राजनीति में इतनी कड़वाहट पैदा हो जाएगी कि इससे पाकिस्तान को नुकसान होगा।

### इराकी प्रधानमंत्री ने उत्तर में ईरानी मिसाइल हमले के स्थल का निरीक्षण किया

**बगदाद।** इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा काधिमी ने सोमवार को कुर्दिश अधिकारियों से भेंट की और उत्तरी इराकी शहर इरबिल में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के समीप ईरानी मिसाइल हमले के स्थल का निरीक्षण किया। काधिमी का अर्धस्वायत्त कुर्दिश नियंत्रित क्षेत्र के प्रधानमंत्री मसरूर बारजानी ने अगवानी की। इराकी प्रधानमंत्री ने उन 12 बैलेस्टिक मिसाइलों से हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया जो अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के समीप गिरे थे। इन मिसाइलों से समीप के एक स्थानीय टेलीविजन चैनल को भी नुकसान पहुंचा था।

### इंडोनेशिया, फिलीपीन में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** पश्चिमी इंडोनेशिया और फिलीपीन के राजधानी क्षेत्र में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुनामी की तत्काल कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि इंडोनेशिया में 6.7 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया, जिसका केन्द्र परियामन से लगभग 169 किलोमीटर पश्चिम में 16 किलोमीटर की गहराई पर था। परियामन, पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में स्थित एक जिला है।

### बराक ओबामा कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, हालांकि उनकी पत्नी मिशेल संक्रमित नहीं हैं। ओबामा ने रविवार को ट्वीट किया, पिछले करीब दो दिन से मेरे गले में खराश थी, लेकिन मैं ठीक महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, शुक्र है कि मैंने और मिशेल ने टीकाकरण करा लिया था और बूस्टर खुराक भी ली है।

### जलक्षेत्र में अतिक्रमण का विरोध जताने के लिए फिलीपीन ने चीन के दूत को तलब किया

**मनीला।** फिलीपीन की सरकार ने सोमवार को चीन के दूत को तलब किया और उसके जलक्षेत्र में चीनी नौसेना पोत के कथित अतिक्रमण को लेकर विरोध जताया। अधिकारियों ने कहा कि चीनी दूत से मांग की गई कि बीजिंग अपने पोतों को फिलीपीन के जलक्षेत्र का सम्मान करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आदेश दे।

## ताइवान की वायु सेना का लड़ाकू विमान लापता, पायलट को बचाया गया

**ताइपे।** ताइवान की वायु सेना ने कहा कि उसका फ्रांस निर्मित मिराज 2000 लड़ाकू विमान द्वीप के पूर्वी तट पर लापता हो गया, लेकिन पैराशूट की मदद से पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। वायु सेना ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल हुआंग चुंग-काई को यांत्रिक दिक्कत की सूचना देने के बाद सोमवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे निकाल लिया गया। उसने बताया कि हुआंग ने नियमित प्रशिक्षण अभियान के तहत तैतुंग हवाई अड्डे से करीब एक घंटे पहले उड़ान भरी थी।

**PUBLIC NOTICE**

This is inform to the General Public that my client **SMT. SHIV KAUR W/o Late Sh. Nanak Ram R/o H.No.766/B,Ward No. 6, Mehrauli, New Delhi-110030** have disowned her Grand-Son namely **INDERPAL S/o Sh. Mahender** and his **Wife JAI MALA @ RUCHI** and Great - Grand–Daughter **PRIYANSHI** and **KARRU@DIVYANSHI** from all her moveable – immovable properties and severed all her relations with them due to their misbehave towards my client, if anybody deals with them at his / their own risk.

**SUDHEER KUMAR (Advocate)**
Ch. 652, Patiala House Courts, New Delhi - 110001

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mrs. Rekha Goyal ("Borrower") for Property bearing No. K-3/29, area measuring 83 sq., Yds., out of Khasra No. 560, Situated in the area of Village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of K Block, Gali No. 11, West Ghonda, Illaqa Shahdara, Delhi (**"Said Property"**), who is the owner of the said property by virtue of Gift Deed dated 02.09.2021, duly registered as document no.2239 & who intends to avail a loan from our Client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby informed that Late Sh. Jai Kumar Rakyan S/o Late Sh. Mithu Mal Rakyan R/o D-312, Second Floor, Defence Colony, South Delhi, Delhi- 110024 was having residential property in joint ownership along with his daughter Mrs. Bandana Doval, in our project Vatika India Next, plot No.-17, K-8.3, Sector-83, Vatika India Next, Gurgaon, Haryana, admeasuring 240 sq yd. which his legal heirs Mrs. Bandana Doval and Mrs. Meena Rakyan has requested the company to be transfer to her Bandana Doval. Any person having any objection on this please may contact the company officer details as under within 15 days after which No Claim would be accepted.

**Vatika Limited**
A-002, Ground Floor,
Block A, Vatika INXT City Centre,
Sector 83, Gurugram,
Haryana, India - 122012

**PUBLIC NOTICE**

The meeting has been called to discuss the filing of the vacancy which has arisen on account of expulsion of Sh Neeraj Agarwal M.S. No. 170 and approved by the order of the Spl Registrar. The President informed that the vacancy is to be filled up as per Rule 19 of the DCS Rules, 2007 and the RCS office is to be informed 15 days in advance before advertising the vacancy in the newspapers. The matter was discussed among the committee members and it has been resolved that the vacancy to be filled up and the RCS office be informed about the filing up of the vacancy. The cost of flat including equalization charges is Rs. 61,36,133/-

**For The People Conservative CGHS LTD.**
**PRESIDENT**

**PUBLIC NOTICE**

This is inform to all concern that Mr. N.S. Bhatnagar S/o Sh. L.P. Bhatnagar & Pawan Kumar Bhatnagar, S/o Shanti Swaroop Bhatnagar, R/o D-28, Sector-20, Noida U.P. who is legal heir/ current owner of D-28, Sector-20, Noida, Transfer/Mutation the said property from Late B.S. Bhatnagar, who is the brother and brother's son of deceased and he/she is the legal heir of deceased Late B.S. Bhatnagar S/o Late L.P. Bhatnagar, and Expect two other legal heir are Brother- N.S. Bhatnagar S/o Late Sh. L.P. Bhatnagar & Brother's son, Pawan Kumar Bhatnagar, S/o Shanti Swaroop Bhatnagar, it is informed to all concern that the said Property No. D-28, Sector-20, Noida U.P. is going to be Transfer/Mutation in favour of Mr. N.S. Bhatnagar S/o Sh. L.P. Bhatnagar & Pawan Kumar Bhatnagar, S/o Shanti Swaroop Bhatnagar, If same one has/have any objection, kindly inform to (Housing Division) Noida authority with all evidence within 15 days of publication of this notice.

**Mr. N.S. Bhatnagar**

**प्रतिवादी के उपस्थित होने की मांग के संबंध में उद्‌घोषणा**
(सिविल प्रक्रिया संहिता का आर्डर 5, रूल 20)
नेहा गर्ग, अपर जिला न्यायाधीश-01, सेन्ट्रल, रूम नंबर 41, तीस हजारी न्यायालय दिल्ली के न्यायालय में
सीएस एससीजे नंबर : 685/18
आईसीआईसीआई बैंक लि.
बनाम
समीर भटनागर

सेवा में,
समीर भटनागर
पता – ए004, कल्याणी अपा.,
सेक्टर-6, वसुंधरा, एनआर
मेवार्ड कालेज,
गाजियाबाद, यूटीपी – 201012

जबकि आप सम्मन प्राप्त करने से जानबूझकर बच रहे हैं, एतद्‌द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप अंतिम निपटान के लिए नियत तिथि 24 मार्च, 2022 को वाद का बचाव करने के लिए हाजिर नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई तथा निर्धारण एकपक्षीय आधार पर किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मोहर लगाकर दिनांक 17-11-2021 को जारी किया गया।

(नेहा गर्ग)
सिविल न्यायाधीश 1, सेन्ट्रल डिस्ट्रिक्ट
तीस हजारी न्यायालय दिल्ली

## टॉकटाइम

# आलोक श्रीवास्तव

*प्रसिद्ध कवि और उल्लेखनीय बॉलीवुड गीतकार, जो समीक्षकों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित लेखक और अकादमी पुरस्कार विजेता पुस्तकों आमीन और आफरीन के लेखक हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में राजेश तैलंग की लघु फिल्म सेल्फी के लिए अपनी कविता, अपनी बॉलीवुड यात्रा और अपने आगामी काम के बारे में बात करते हैं*

# मैंने जवानी गजलें सुनकर बिताई



**लेखन के प्रति अपने झुकाव के बारे में बताएं।**

मैं हमेशा से कवि बनना चाहता था। जब मैंने अपनी मां से कहा कि मैं एक कवि और लेखक बनना चाहता हूं, तो शुरू में वह हिचकिचा रही थीं लेकिन फिर उन्होंने मुझे अपने सपने की ओर बढ़ने की पुष्टि की। मेरे पिता इसको लेकर काफी अनिच्छुक थे। इससे परेशान होकर मैं अपनी मां के पास जाता था और उनसे कहता था कि मैं एक सफल लेखक बनूंगा और एक दिन जगजीत जी और पंकज उधास जी मेरी गजलें गाएंगे। मैं उस समय 15 साल का था।

बाद में मेरे परिवार ने मेरा साथ दिया। जब मैं 13 साल का था, तब मैं अपना काफी समय गजलों को सुनने में लगाता था। जब मेरे दोस्त गर्मियों में खेलने जाते थे तो मैं और मेरा एक दोस्त जगजीत, पंकज आदि की कैसेट लाते थे और टेप रिकॉर्डर पर बजाते थे। हम उन्हें बंद कमरे में बैठकर सुनते थे। जब मैं 18 साल का हुआ तो मुझमें फिर से जोश जग गया। मैं दो दोस्तों से मिला जो लेखन बिरादरी से थे और मुझे यह भी लगा कि यह केवल एक शौक नहीं बल्कि एक पेशा होना चाहिए। तब से, पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**हमें अपनी बॉलीवुड यात्रा और उन परियोजनाओं के बारे में बताएं जिनके लिए आपने काम किया है।**

मेरी साहित्यिक कृतियों को गजल गायक स्वर्गीय जगजीत सिंह, पंकज उधास, जसविंदर सिंह, सुदीप बनर्जी, शंकर महादेवन, रेखा भारद्वाज, शान, कैलाश खेर, ऋचा शर्मा, जावेद अली, मालिनी अवस्थी, शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान, व शुभा मुदगल और अमिताभ बच्चन ने आवाज दी है। मैंने ट्रैवलर एल्बम के लिए प्रसिद्ध सितारवादक अनुष्का शंकर के साथ भी काम किया है, जिन्हें 2012 में ग्रैमी अवाड्र्स के लिए नामांकित किया गया था।

फिर मैंने पुरस्कार विजेता इंडो-अमेरिकन फिल्म पतंग- द काइट के लिए गीतकार के रूप में और फिल्म कांट टेक दिस शिट एनिमोर के थीम गीत के लिए प्रशंसा प्राप्त की। फिल्म ने सामाजिक मुद्दे पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। मैंने मल्टी-स्टारर फिल्म वोडका डायरीज में गाने दिए हैं। गजल गायक जसविंदर सिंह द्वारा गाये और संगीतबद्ध किए गए उनके एल्बम, इटरनल को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एल्बम के लिए आमा पुरस्कार मिला।

**राजेश तैलंग के साथ सेल्फी के लिए काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?**

एक कलाकार और मित्र के रूप में राजेश तैलंग के साथ मेरा जुड़ाव बहुत पहले से है। हम हमेशा साथ में किसी चीज पर काम करने के बारे में सोचते थे। उन्हें इस लघु फिल्म को बनाने का विचार आया लेकिन वह स्क्रिप्ट के साथ उलझन में थे कि इसे कैसे प्रस्तुत किया जाए। बाद में, उन्होंने संवाद के साथ एक स्क्रिप्ट के बजाय एक कविता के रूप में लघु फिल्म को चित्रित करने के विचार के साथ मुझसे संपर्क किया। कहानी को संप्रेषित करने हेतु एक कविता लिखने के लिए उन्होंने मुझे इस फिल्म के पीछे के मूल विचार और अपने विचार बताए। आप कह सकते हैं, लघु फिल्म कविता पर आधारित है और यह पूरी कहानी को काव्यात्मक तरीके से दर्शाती है।

**अमिताभ बच्चन के साथ आपका रचनात्मक जुड़ाव कब शुरू हुआ?**

उनके साथ मेरा रचनात्मक जुड़ाव लगभग 10 साल पहले शुरू हुआ था। जब आदेश श्रीवास्तव, जो मेरे बड़े भाई जैसे थे और संगीतकार थे, ने मेरी एक कविता, आओ सोचे जरा, आओ देखे जरा हमने क्या किया, सुनी। उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि वह इसे एक राष्ट्र-गीत की तरह बनाना चाहते हैं और चाहते हैं कि इसे श्री बच्चन द्वारा सुनाया जाए। तो, इस तरह से मेरा जुड़ाव अमिताभ सर के साथ शुरू हुआ।

आदेश श्रीवास्तव ने इस गीत को गाया और कुछ पैराग्राफअमिताभ बच्चन द्वारा गाए गए, जिसे राष्ट्र गीत कहा गया। यह 15 अगस्त 2012 को सभी मीडिया मंचों पर चलाया गया था। उसके बाद, मैं उन्हें कविताएं भेजता था, कभी-कभी वह उन्हें ट्वीट करते थे।

2016 में, एक नई सुबह नामक एक कार्यक्रम, जो वर्तमान सरकार के दो साल पूरे होने पर दिल्ली (इंडिया गेट) में आयोजित किया गया था, मुझे अमिताभ बच्चन के साथ शो के लिए सामग्री लिखने का सौभाग्य मिला। बाद में, उन्होंने मेरी कविता मैं नए भारत का चेहरा हूं का भी पाठ किया, जो मैंने दूरदर्शन की 60 वीं वर्षगांठ पर दूरदर्शन के लिए लिखी थी और यह तुरंत वायरल हो गई।

मैंने उनके साथ कई बार केबीसी में एक्सपर्ट एडवाइजर के तौर पर भी काम किया है। उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। चूंकि वह एक बहुत बड़े काव्य व्यक्तित्व के पुत्र हैं, उनकी उदारता, प्रेम और कविताओं के प्रति सम्मान अभूतपूर्व है।

और वह समान रूप से कवियों और लेखकों के प्रति उस प्रशंसा को दिखाते हैं। उनके साथ काम करने की सबसे अच्छी बात यह है कि वह हिंदी के अच्छे जानकार हैं। यह आपको उसके साथ काम करने का बेहद आसान और आरामदायक मौका देता है। वह बहुत अच्छा लिखते भी हैं और काम के दौरान उन्होंने जो सुझाव दिए, वे वाकई जरूरी थे। ऐसी किंवदंती के साथ काम करना महान शिक्षण अवसर जैसा है।

**शिव तांडव स्तोत्र का हिंदी अनुवाद लिखने के लिए आशुतोष राणा के साथ अपने हालिया सहयोग के बारे में कुछ बताएं।**

बहुत दिनों से आशुतोष जी की शिव तांडव स्तोत्र का सरल भाषा में अनुवाद करने की इच्छा थी। इसलिए, जब वह इस विचार के साथ आए, तो मुझे दिलचस्पी हुई और मैंने इसे उत्साह के साथ लिया।

मुझे बहुत खुशी हुई कि भगवान शिव के आशीर्वाद से, मैंने श्लोकों का खूबसूरती से अनुवाद किया और उनके साथ बहुत सहजता से पूरे काम को अंजाम दिया।

हम दोनों भगवान शिव के प्रति बहुत आध्यात्मिक हैं और कुछ इस तरह से सहयोग करना अद्भुत लगता है। उन्होंने मेरी कुछ कविताओं का पाठ किया है लेकिन यह कुछ बड़ा है जिस पर हमने काम किया है।

# नियोटेनी को पेश करना : डिजाइन का विचित्र पक्ष



आराम की जबरदस्त भावना के बिना प्रिय वातावरण कभी पूर्ण नहीं होता है। पूनम कालरा कहती हैं कि यह तब होता है जब ट्यूब जैसी आर्मचेयर, बाउंसी सोफा, ब्लॉबी बीन बैग, केजिंग पार्टिशन और बहुत कुछ चलन में आ जाता है

नियोटेनिक डिजाइन आजाद भावना की शैली का पर्याय है - आंतरिक बच्चे की सहज बेलागलपेट भरी अभिव्यक्ति। इस स्टाइल स्टेटमेंट में शैशव, मासूमियत, विचित्रता और क्रिया का शानदार मिश्रण है, जो एक मजबूत डिजाइन बनाने के लिए निश्चित है। शैली का युवा चरित्र नरम उतार-चढ़ाव, चंचल स्वर और बल्बनुमा रूपों में सामने आता है जो अंतरिक्ष में किशोर ऊर्जा को प्रज्वलित करता है और हमें बचपन की स्मृतियों को चित्र में लाते हुए यादों की गलियों में ले जाता है। ये पीस उन यादों को मासूम या प्रिय वस्तुओं में एक पापपूर्ण संतुष्टि के साथ पुन: जीवंत करते हैं जो नियमित की बजाय चंचल होती हैं।

रंग पट्टियों में शैली की शुद्धता का संकेत दिया जाता है - आंतरिक तत्व कमजोर स्वरों में प्रवाहित होते हैं - शुद्ध सफेद अंडरटोन्स में जो बिस्कुटी, कच्चे और हल्के रंगों द्वारा आच्छादित होते हैं। इंटीरियर मूड बोर्डों में ऑफ-व्हाइट, ताउपे, सेज, ब्लश पिंक, पाउडर ब्लू और अन्य सफेदीनुमा रंगों के लिए एक नरम स्थान है। कंघीनुमा कॉटन, सीमलेस स्वेड और मैटीफाइड सिंथेटिक्स के टेक्सचर्स में इन पीसों को और अधिक साधित किया गया है, जो अपनी बीमिंग मासूमियत पर गर्व करते हैं। नरम, गोल प्रोफाइल और ठोस सिल्हूट नरमी भरे भोलेपन के साथ नवजात परिवेश की तस्वीर को पूरा करते हैं।

नियोटेनिक एक विचित्र भावना की तलाश करते हुए फर्निशिंग के अंतर्निहित चरित्र को बताती है। मुक्त-उत्साह की ओर एक मजबूत झुकाव है जो नुकीले आकार व बोल्ड रंगों वाले तत्वों के लिए अधिक जगह बनाता है- बच्चों जैसा होने का आंतरिक खिंचाव-पिच ब्लैक और स्टार्क व्हाइट जैसे क्लासिक रंगों समेत लाल, नीले और पीले जैसे प्राथमिक रंगों के मौलिक रूपों के साथ लाया जाता है। आकृति प्रयोगों को असम्मित रेखाओं, अपूर्ण वक्रों और फुटलूज रूपों की हर दूसरी परिभाषा के साथ उभरने का मौका दिया जाता है। नियमों को तोड़ने में किशोर आनंद कला व इंटीरियर के अंगूठे के नियमों में परिलक्षित होता है, जिसके जरिए बहुरंगी थीम, मिश्रित-मध्यम कलाकृतियां और बहुत कुछ आमंत्रित होता है।

आराम की जबरदस्त भावना के बिना प्रिय वातावरण कभी पूर्ण नहीं होता है। वह तब होता है जब ट्यूब जैसी आर्मचेयर, बाउंसी सोफा, ब्लॉबी बीन बैग, केजिंग पार्टिशन और बहुत कुछ इंटीरियर में चलन में आता है। कुछ एर्गोनोमिक डिजाइन प्रयोगों में झुकी हुई घुटने वाली सीटों, बॉडी-हगिंग बैकरेस्ट आदि के साथ बच्चे की मुद्राओं को भी याद किया जाता है जो पुराने समय को एक आरामदायक और संतुष्टिदायक उदासीन डिजाइन स्मरण के रूप में याद करते हैं।



**नियोटेनी की प्रवृत्ति एक ही समय में नरम व सनसनीखेज टुकड़ों को गढ़कर डिजाइन की बालनुमा विशेषताओं का पता लगाती है। यह वर्तमान दुनिया के लिए जीवन के कोमल, भोगवादी पक्ष पर एक नजर डालने और गंभीर चुनौतियों से विराम लेने का अवसर प्रदान करती है।**

एक आदर्श नियोटेनिक इंटीरियर दृश्य में थ्रो ब्लेंकेटस के साथ एक स्टेटमेंट बोल्स्टर सीटर, बोल्ड कलर के डैश के साथ आलीशान ओटोमैन, बल्बनुमा लैंप के साथ शानदार स्टेटमेंट ल्यूमिनेयर, सॉलिड लो-राइज आर्मचेयर, फ्लैट-कट साइड टेबल, गहरे तीखे घुमावदार विभाजन, फ्रीस्टैंडिंग ज्यामितीय पेडस्टल, गोल-घुमावदार शोपीस और प्राथमिक कला दीवार रंगतें शामिल होंगी, जो इंटीरियर ढांचे में सुंदर छाप को व्यक्त करती हैं।

नियोटेनी की प्रवृत्ति एक ही समय में नरम व सनसनीखेज टुकड़ों को गढ़कर डिजाइन की बालनुमा विशेषताओं का पता लगाती है। यह वर्तमान दुनिया के लिए जीवन के कोमल, भोगवादी पक्ष पर एक नजर डालने और गंभीर चुनौतियों से विराम लेने का अवसर प्रदान करती है। नियोटेनिक डिजाइन के फिरकी लेने से, आने वाला कल आशाजनक और आनंदमय लगता है, जैसे कि एक बच्चा इसे देखेगा।

**-लेखक इंटीरियर डिजाइनर एवं आई एम सेंटर फॉर एप्लाइड आर्ट्स के क्रिएटिव डायरेक्टर हैं।**

## टेली कथा

### प्रतिष्ठित चरित्र की पुनरावृत्ति



सोनी सब अपने मूल्यवान शो मैडम सर पर एक और दमदार कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। महिला पुलिस थाना बहुत ही साहसी व उग्र सिपाही चंद्रमुखी चौटाला का स्वागत करने वाला है, जिसे अनुभवी अभिनेत्री कविता कौशिक ने महिला पुलिस थाने की प्रमुख के रूप में चित्रित किया है। कौशिक के चरित्र चंद्रमुखी चौटाला ने पूरे देश में दिल जीत लिया था और वर्षों बाद भी दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है।

कविता कौशिक अपने अनुभव के बारे में बात करती हैं, ''मैडम सर में चंद्रमुखी चौटाला को फिर से देखने के बारे में मुझे जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। यह बहुत प्यारा है। मैं इस प्रतिष्ठित चरित्र को निभाने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं और मुझे लगता है कि लोग इसे लंबे समय तक फिर से देख रहे होंगे। मुझे लगता है कि मेरी यूएसपी पुलिस और जासूस की भूमिका निभा रही है और मैं एक्शन और कॉमेडी करने में सबसे ज्यादा खुश हूं। हम काफी समय से मैडम सर पर चंद्रमुखी के किरदार को लाने की बात कर रहे थे। यह सिर्फयह पता लगाना था कि कहानी में अपने कैमियो को व्यवस्थित रूप से कैसे रखा जाए। समय अब बिल्कुल सही लगता है और चौटाला के शो में आने का कारण भी लेखकों ने बहुत खूबसूरती से लिखा है। मैंने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया, बहुत अच्छी यादें हैं और यहां सभी के साथ एक अच्छा जुड़ाव हासिल किया है।

### कामयाबी के तीन साल

कॉमेडी सबसे कठिन शैलियों में से एक है और केवल कुछ सबसे अच्छे या सबसे मजेदार कलाकार ही दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब होते हैं।



साल दर साल दर्शकों को आकर्षित किए रखना वाकई एक बड़ी उपलब्धि है। एंड टीवी पर प्रसारित हप्पू की उलटन पलटन, घरेलु दुस्साहस का एक अत्यंत-गुदगुदाने वाला शो - दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी), उनकी दबंग दुल्हन, राजेश (कामना पाठक), और उनकी जिद्दी मां कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) की कॉमिक ट्रेजेडी एक ऐसा ही शो है। जिसने अब तीन सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज, हप्पू की हास्यपूर्ण गलतियां और अम्मा का बुलंद अंदाज टीवी प्रेमी दर्शकों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है।

### चिड़ियों का राजा

भारतीय पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि गरुड़ के पंख ब्रह्मांड के चक्र को पलटने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली थे। गुलामी के लिए जन्मे व अपने राजशाही वंश से बेखबर, गरुड़ ने अत्यधिक समर्पण और अटूट



साहस दिखाया जो भारतीय पौराणिक कथाओं में अंकित है। और दुनिया के लिए इसे देखने का समय है! सोनी सब आपके लिए धर्मयोद्धा गरुड़ में जीवन से बड़ा तमाशा लेकर आया है, जो एक दयालु व समर्पित बेटे का अनकहा इतिहास है। भारतीय टेलीविजन के चहेते चेहरे फैसल खान की मुख्य भूमिका में, धर्मयोद्धा गरुड़ निस्वार्थता, ईमानदारी, आज्ञाकारिता और बहादुरी को दर्शाता है, जो भगवान विष्णु के भक्त और सारथी, गरुड़ के मूल में है। धर्म योद्धा गरुड़ का प्रीमियर सोनी सब पर 14 मार्च को शाम 07 बजे होगा।

### जो मिला उसे गले लगाया

सीरत कपूर बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे आकर्षक शख्सियतों में से एक हैं। अभिनेत्री ने हमेशा अपने आकर्षक करिश्मे से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। वह वर्तमान में अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो, बादशाह के साथ स्लो स्लो. में अपने मनमोहक डांस मूव्स और प्रदर्शन के कारण एक बड़ी फैन फॉलोइंग और दीवानगी हासिल कर रही हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है और वह निश्चित रूप से जानती हैं कि अपने सभी प्रशंसकों से कैसे जुड़ना है और उन्हें अपने मौजूदा शूटिंग शेड्यूल से अपडेट रखना है। पेशेवर मोर्चे पर, कपूर ने 2014 में फिल्म रन राजा रन के साथ टॉलीवुड में शुरुआत की और तब से उन्होंने टाइगर, कोलंबस, राजू गरी गढ़ा 2, मां विन्था गढ़ा वीनुमा, कृष्णा और उनकी लीला, और कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया। मारीच से कपूर के बॉलीवुड डेब्यू का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### धमाकेदार डेब्यू परफॉर्मेंस



नवनीत मलिक ने अपनी नवीनतम वेब फिल्म, लव हॉस्टल में अपने सराहनीय पदार्पण के साथ बॉलीवुड में धमाकेदार शुरुआत की है। नवनीत ने एक प्रमुख किरदार निभाया है, जो विक्रांत मैसी के समानांतर मुख्य भूमिका है। यह अभिनेता, जिसे शंकर रमन द्वारा निर्देशित किया गया था, एक रोमांटिक थ्रिलर में सान्या मल्होत्रा, बॉबी देओल और विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर रहा है। अपने दम पर पहचान बनाने वाले अभिनेता को वर्तमान में दर्शकों द्वारा उनके अपार स्क्रीन समय के लिए सराहा जा रहा है।

# दूसरा टेस्ट भी तीन दिन में खत्म, भारत फिर जीता

## ● श्रीलंका का सूपड़ा साफ किया, टेस्ट 238 रन से अपने नाम की

**भाषा।** बेंगलुरू




**भारत ने** श्रीलंका की दूसरी पारी को तीसरे ही दिन समेटकर गुलाबी गेंद से खेला गया दूसरा क्रिकेट टेस्ट 238 रन से जीतकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली।

दो टेस्ट में जीत से भारत को 24 अंक मिले लेकिन रोहित शर्मा की टीम प्रतिशत अंक कम होने के कारण विश्व चैम्पियनशिप तालिका में पांचवें स्थान पर बनी हुई है। भारत के 77 अंक हैं। जीत के लिए 447 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम ने तीसरे दिन के शुरूआती सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन टर्न और असमान उछाल लेती पिच पर भारतीय गेंदबाजों का सामना करना उनके लिए मुश्किल था।अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 28 रन से आगे खेलते हुए श्रीलंकाई टीम के लिए दिमुथ करूणारत्ने ने 107 रन बनाए। श्रीलंका की टीम चाय के बाद दूसरी पारी में 208 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के बल्लेबाज करूणारत्ने ने अपना 14वां टेस्ट शतक जसप्रीत बुमराह को चौका लगाकर पूरा किया। उन्हें क्रीज पर जमने में समय जरूर लगा लेकिन बाद में उन्होंने सहज होकर खेला। बुमराह ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मैच में वह 47 रन देकर आठ विकेट लेने में कामयाब रहे। अपनी धरती पर एक पारी के पांच विकेट उन्होंने पहली बार लिए थे। रविचंद्रन अश्विन ने चार, अक्षर पटेल ने दो और रविंद्र जडेजा ने एक विकेट लिया। भारत इससे पहले अपनी धरती पर गुलाबी गेंद के दोनों टेस्ट जीते थे। बांग्लादेश को कोलकाता में 2019 में और इंग्लैंड को अहमदाबाद में 2021 में भारतीय टीम ने दिन रात के टेस्ट में हराया था। ससे पहले मेंडिस और क-रूणारत्ने ने आत्मविश्वास के साथ खेलना शुरू किया। मेंडिस खास तौर पर काफी सहज नजर आए और उन्होंने जडेजा को एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अश्विन का शिकार हुए और विकेट के पीछे कैच दे बैठे। मेंडिस और करूणारत्ने दोनों ने अपने पैरों का बखूबी इस्तेमाल करके भारतीय स्पिनरों का सामना किया। मेंडिस ने फ्रंट और बैकफुट पर प्रभावी प्रदर्शन किया। उनके आउट होने से दूसरे विकेट की 96 रन की साझेदारी भी टूट गई। जडेजा ने एंजेलो मैथ्यूज (एक) और अश्विन ने धनंजय डिसिल्वा (चार) को पवेलियन भेजा। करूणारत्ने को जडेजा की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया गया लेकिन उन्होंने डीआरएस लिया जिसमें साफ नजर आया कि गेंद उनकी जांघ के पैड से टकराकर पंत के हाथ में गई थी। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** 252 रन, **श्रीलंका पहली पारी :** 109 रन, **भारत दूसरी पारी :** नौ विकेट पर 303 रन (घोषित), **श्रीलंका दूसरी पारी :** तिरिमन्ने पगबाधा बो बुमराह 0, करूणारत्ने बो बुमराह 107, मेंडिस स्ट पंत बो अश्विन 54, मैथ्यूज बो जडेजा 1,डिसिल्वा का विहारी बो अश्विन 4, डिकवेला स्ट पंत बो पटेल 12,असालांका का शर्मा बो पटेल 5, एंबुलदेनिया पगबाधा बो अश्विन 2,लकमल बो बुमराह 1, फर्नांडो का शमी बो अश्विन 2,जयविक्रमा नाबाद 2,**अतिरिक्त** : 20 रन, कुल योग : 59 . 3 ओवर में 208 रन, **विकेट पतन :** 1-0, 2-97, 3 . 98, 4-105, 5-160, 6-180, 7-204, 8-206, 9 -208, **गेंदबाजी :** बुमराह 9-4-23-3, शमी6-0-26-0, अश्विन 19.3-3-55-4, जडेजा 14-2-48 -1, पटेल 11-1-37- 2

## अय्यर फरवरी महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**भाषा।** दुबई



**भारत के तेजी** से उभरते हुए बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सोमवार को फरवरी महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि न्यूजीलैंड की आल राउंडर अमेलिया केर ने महिलाओं में यह सम्मान हासिल किया। पिछले महीने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में सफेद गेंद के शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें यह पुरस्कार मिला। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के वृतिया अरविंद और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में मैच विजई 80 रन की पारी खेली थी और फिर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के अंतिम मैच में 16 गेंद में तेजी से 25 रन बनाए थे। श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में उनका प्रदर्शन इससे भी बेहतर रहा जिसमें उन्होंने तीन मैचों में 204 रन जोड़े और वह तीन पारियों में एक बार भी आउट नहीं हुए जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 174.36 भी शानदार रहा। उन्होंने तीन मैचों में नाबाद 57 (28 गेंद), नाबाद 74 (44 गेंद) और नाबाद 73 (45 गेंद) रन बनाए। इससे उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जिसमें उन्होंने मिलाकर 20 चौके और सात छक्के जमाए।

### वेस्टइंडीज ने दो अंक गंवाए, आठवें स्थान पर खिसका

**दुबई।** वेस्टइंडीज की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एंटीगा में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में धीमी ओवरगति के कारण दो अंक गंवाने पड़े और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में टीम आठवें स्थान पर खिसक गई। क्रेग ब्रेथवेट की अगुवाई वाली टीम निर्धारित समय के भीतर दो ओवर पीछे रह गई थी। वेस्टइंडीज की टीम को मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना भरना पड़ा। अब टीम नौ टीमों की अंकतालिका में आठवें स्थान पर है। इस डब्ल्यूटीसी सत्र में वेस्टइंडीज का धीमी ओवरगति का यह पहला अपराध है। भारत को तीन अंक और नौवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड को अब तक दस मैचों में दस अंक गंवाने पड़े थे। डब्ल्यूटीसी नियमों के तहत किसी भी टीम को धीमी ओवरगति की दशा में हर ओवर पर डब्ल्यूटीसी का एक अंक और मैच फीस का 20 प्रतिशत गंवाना पड़ेगा।

### आडवाणी ने एशियाई स्नूकर में जीत के साथ आगाज किया

**दोहा।** भारत के अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप के पहले दिन दो जीत के साथ शुरूआत की। आडवाणी ग्रुप ए मे कतर के मंसूर अलोबैदली , श्रीलंका के मोहम्मद ताहाहा इरशाद और पाकिस्तान के विश्व स्नूकर चैम्पियन अहसान रमजान के साथ है। दो बार विश्व स्नूकर और बिलियर्डर्स चैम्पियन रह चुके आडवाणी ने इरशाद को पहले मैच में 4-2 से हराया। दूसरे मैच मे उन्होंने मंसूर को मात दी।

### बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच खेलेंगेः स्टिमक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय फुटबॉल टीम कोच इगोर स्टिमक ने सोमवार को कहा कि भारत अगले हफ्ते बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेल रहा है, हालांकि एआईएफएफ यूरोपीय देश के खिलाफ संभावित प्रतिबंधों के बारे में फीफा से लगातार संपर्क में है। बेलारूस ने रूस के यूक्रेन पर हमले का समर्थन किया है।

### निर्धारित समय में मैच खत्म करने की जरूरत, शूट-आउट में नहींः शॉपमैन

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यांके शॉपमैन ने सोमवार को कहा कि टीम को शूट-आउट तक जाने के बजाय मैच निर्धारित समय में ही खत्म करने चाहिए लेकिन वह मौजूदा एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में अपनी खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए गोल करने के मौके से काफी खुश थी। प्रो लीग मे हाल मे भारत के जर्मनी के खिलाफ दोनों मैच शूट-आउट तक पहुंचे जिसमें घरेलू टीम ने पहला मैच गंवा दिया जबकि वापसी करते हुए रविवार को यहां दूसरे मैच मे जीत हासिल की।

### लवलीना और निकहत एशियाई खेलों के लिए मुक्केबाजी टीम में

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन निकहत जरीन ने सोमवार को यहां चयन ट्रायल फाइनल्स जीतकर चीन के हांगजोऊ में इस साल होने वाले एशियाई खेलो के लिए भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम मे अपना स्थान सुनिश्चित किया। जरीन ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हुए ट्रायल्स के बाद 51 किग्रा वजन वर्ग मे जबकि बोरगोहेन ने 69 किग्रा मे स्थान पक्का किया। दोनों ने पिछले हफ्ते विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी टीम मे जगह बनाई थी जिसमे जरीन ने ट्रायल्स मे 52 किग्रा वर्ग के लिए क्वालीफाई किया था जबकि बोरेगोहेन ने 70 किग्रा मे कट हासिल किया।

### मानसी व भगत चमके, भारत ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में 21 पदक जीते

**नई दिल्ली।** मानसी जोशी और नित्या से ने स्वर्ण पदक जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया जिससे भारत ने स्पेन के कार्टाजेना में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 21 पदक हासिल किए। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी मानसी (एसएल3) और से (एसएच6) छह स्वर्ण पदक विजेताओं मे शामिल रही।

## ऋषभ को उसकी स्वाभाविक बल्लेबाजी के साथ स्वीकार करने को तैयार : रोहित

**भाषा।** बेंगलुरू

**अपनी आक्रामक** बल्लेबाजी शैली से कई बार ऋषभ पंत विकेट सस्ते में गंवा देते हैं लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि मिनटों में मैच की तस्वीर बदलने की उनकी काबिलियत के चलते वे उसकी स्वाभाविक शैली को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।

रोहित ने यह भी कहा कि पंत से हालात और पिच के अनुरूप बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया है। पंत को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया। रोहित ने दूसरे टेस्ट के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमें पता है कि वह कैसे बल्लेबाजी करता है और एक टीम के रूप में हम उसे स्वाभाविक खेल दिखाने की स्वतंत्रता देना चाहते हैं। लेकिन उससे कहा गया है कि मैच की स्थिति और पिच को भी ध्यान में रखे। वह बेहतर होता जा रहा है। कई बार ऐसा भी होता है कि आप सिर धुनने लगते हैं कि उसने ऐसा शॉट क्यो खेला लेकिन हमें उसे उसी रूप में स्वीकार करना होगा, जैसे वह खेलता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो आधा घंटे या 40 मिनट में मैच का नक्शा बदल सकता है।उसकी विकेटकीपिंग भी बेहतरीन है और हर मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार आ रहा है। डीआरएस के उसके फैसले भी सटीक हो रहे हैं। टेस्ट कप्तानी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी हैं जो खेल को बखूबी समझते हैं और अपनी राय देते हैं। मेरी अपनी समझ है। कप्तानी के मामले में मेरा फलसफा यही है कि उस समय जो सही लगे, वही फैसला लो। मैं मैदान पर ही हालात का आकलन करता हूं। उन्होंने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने यह भी कहा कि टीम का दीर्घकालिन लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचना है। हम बहुत आगे की नहीं सोच रहे क्योंकि उससे काम नहीं चलेगा। हमें वर्तमान पर नजर रखनी होगी। छोटे छोटे लक्ष्य बनाना जरूरी है।

### अय्यर पर बड़ी जिम्मेदारी थी जो उसने बखूबी निभाई



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की गैर मौजूदगी मे श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे श्रेयस अय्यर पर बड़ी जिम्मेदारी थी जो उसने बखूबी निभाई और अनुभव के साथ उसमे और निखार आएगा। रोहित ने टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा , यह अच्छा प्रदर्शन रहा और मैने निजी तौर पर और एक टीम के रूप मे इसका पूरा मजा लिया। हम एक टीम के रूप मे कुछ चीजें हासिल करना चाहते थे जो हमने की। व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे मे उन्होंने कहा , बतौर बल्लेबाज रविंद्र जडेजा परिपक्व हुए है और वह निखरते जा रहे है। उनसे टीम को मजबूती मिली है और गेंदबाज के तौर पर भी उनमे सुधार आया है। वह चुस्त फील्डर भी है यानी पूरा पैकेज है। श्रेयस ने टी20 श्रृंखला वाला फॉर्म जारी रखा। उसे पता था कि रहाणे और पुजारा जैसे खिलाड़ियों की जगह लेने पर उसके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है लेकिन उसने बखूबी निभाई। ऋषभ हर मैच मे बेहतर कर रहा है। खासकर इन हालात मे। उसके कुछ कैच और स्टम्पिंग से उसके आत्मविश्वास का पता चलता है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मे सौ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन के बारे मे उन्होंने कहा , जब भी हम उसे गेंद देते है, वह मैच जिताने वाला प्रदर्शन करता है। अभी उसका लंबा कैरियर बचा है और हमे यकीन है कि वह ऐसा प्रदर्शन करता रहेगा। हम गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने की आदत डाल रहे है। दर्शको की मौजूदगी से यह और खास हो गया। श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने शतक जमाया लेकिन उनकी टीम हार गई। हम मैच जीतते तो मुझे खुशी होती। मुझे पता है कि हमारी टीम अच्छी है लेकिन हम अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों मे नही बदल सके। गेंदबाजी मे भी हमने काफी ढीली गेंदे डाली।

## मनप्रीत जुनेजा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात के** बल्लेबाज मनप्रीत जुनेजा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। उनके घरेलू राज्य संघ जीसीए ने सोमवार को यह घोषणा की। जीसीए ने कहा कि मनप्रीत जुनेजा को शानदार करियर के लिए बधाई देता है। इस बल्लेबाज ने नौ मार्च को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के ऑफ ब्रेक गेंदबाज जुनेजा भारत ए और भारत अंडर-23 टीम के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने घरेलू सर्किट में जीसीए का प्रतिनिधित्व किया और वह आईपीएल में डेयरडेविल्स और सनराइजर्स के लिए खेले थे। अहमदाबाद में जन्में 31 साल के जुनेजा ने 69 प्रथम श्रेणी मैच में 4265 रन बनाए जिसमें नाबाद 201 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में नौ शतक और 25 अर्धशतक लगाए। अहमदाबाद में 2011 में तमिलनाडु के खिलाफ पदार्पण करने वाले जुनेजा ने गुजरात की 2016-17 सत्र में रणजी ट्राफी खिताबी जीत में अहम भूमिका अदा की थी।

## पंजाब किंग्स ने पावर-हिटिंग कोच रॉस वुड को नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने 26 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपनी पावर-हिटिंग पर ध्यान देने के लिए इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जूलियन रॉस वुड को अपना बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया। वुड को पावर-हिटिंग कोचिंग में विशेषज्ञ समझा जाता है, वह आईपीएल के खिलाड़ियों के अलावा बिग बैश लीग और अन्य टी20 लीग में काम कर चुके हैं। वुड व्यक्तिगत सलाहकार के तौर पर बेन स्टोक्स, पृथ्वी साव, सैम बिलिंग्स और कार्लोस ब्रेथवेट को पावर-हिटिंग के गुर सीखा चुके हैं। वह पंजाब के सहायक कोच जोंटी रोड्स के साथ बल्लेबाजों को क्रीज पर स्थिर बने रहकर गेंद को पार्क के बाहर हिट करने में माहिर करेंगे। टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि जूलियन रॉस वुड इस सत्र के लिए हमारे नए बल्लेबाजी सलाहकार होंगे।

### पंड्या फिटनेस परीक्षण के लिए एनसीए पहुंचे



**नई दिल्ली।** हार्दिक पंड्या बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पहुंचे हैं जहां वह अगले दो दिन में फिटनेस परीक्षण से गुजरेंगे ताकि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स की अगुआई के लिए हरी झंडी मिल जाए। परीक्षण के दौरान सबसे दिलचस्प पहलू होगा कि इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को लुभावनी लीग में अपनी टीम के लिए पूरी तरह से कोहनी मोड़कर गेंदबाजी करने की मंजूरी मिलती है या नहीं। गुजरात टाइटन्स की टीम 28 मार्च को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हार्दिक अगले दो दिन तक एनसीए में होंगे और विभिन्न फिटनेस परीक्षण से गुजरेंगे। वह केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर हैं और उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें फिटनेस परीक्षण पास करना जरूरी होगा क्योंकि अब यह पिछले कुछ समय से अनिवार्य हो गया है। पिछले साल श्रेयस अय्यर भी कंधे की चोट के बाद आईपीएल में खेलने से पहले फिटनेस परीक्षण के लिए उपस्थित हुए थे। राष्ट्रीय टीम और एनसीए चिकित्सा स्टाफ हमेशा अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों पर नजर रखता है और पता चला है कि टाइटन्स के बड़ौदा में पांच दिवसीय ट्रेनिंग शिविर के दौरान हार्दिक ने दो तीन सत्र के दौरान गेंदबाजी की थी।

### आईपीएल की तैयारी में जुटी केकेआर, अभ्यास किया शुरू



**नवी मुंबई।** दो बार की आईपीएल चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। केकेआर के एक अधिकारी ने कहा , हमने डी वाई पाटिल यूनिवर्सिटी मैदान पर अभ्यास शुरू कर दिया है। अधिकांश भारतीय खिलाड़ी पहुंच गए हैं।उमेश यादव और श्रेयस अय्यर भारतीय टीम का हिस्सा होने के कारण नहीं आ सके हैं और वेंकटेश अय्यर एनसीए में है। समझा जाता है कि कुछ खिलाड़ी अभी भी पृथकवास में हैं और वे एक दिन बाद आएंगे। अधिकारी ने बताया कि कोई विदेशी खिलाड़ी अभी टीम से नहीं जुड़ा है। श्रेयस केकेआर के कप्तान होंगे।

### मुंबई इंडियंस के परिवार जैसे माहौल में आप सुरक्षित महसूस करते होः आर्चर

**मुंबई।** इंग्लैंड के स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को मुंबई इंडियंस ने आठ करोड़ रूपए में खरीदा जबकि वह इस साल आईपीएल में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे और इस खिलाड़ी का कहना है कि टीम का परिवार जैसा माहौल उन्हें सुरक्षित महसूस कराता है। दाईं कोहनी के उपचार के लिए दो बार सर्जरी करा चुके 26 साल के आर्चर चोट से उबरने के लिए इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेलेंगे। लेकिन वह भविष्य में फ्रेंचाइजी से जुड़ने की संभावना से काफी उत्साहित हैं। आर्चर ने टीम के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, मुंबई इंडियंस की टीम परिवार की तरह है और परिवार की तरह का माहौल रखने वाली टीमें हमेशा अच्छा करती हैं। इसलिए हैरानी की बात नहीं है कि हमने पांच खिताब अपने नाम किए हैं। पॉली (कीरोन पोलार्ड) इसमें 10 वर्षों से है, (लसिथ) मलंगा वहां लंबे समय से है, ऐसा ही रोहित (शर्मा) के साथ है। जब आप नए खिलाड़ी के तौर पर टीम से जुड़ते हो तो ए चीजें आपको सुरक्षित महसूस कराती हैं।

## झारखंड ने बनाए 880 रन



### रणजी : क्वार्टर फाइनल : नगालैंड के चार विकेट पर 130 रन

**भाषा।** कोलकाता

**झारखंड के** बल्लेबाजों ने नगालैंड के लचर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ जरा भी दया नहीं दिखाई और सोमवार को यहां प्रीक्वार्टरफाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 880 रन का स्कोर खड़ा किया जो रणजी ट्राफी में चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। झारखंड ने नौ विकेट पर 769 रन से आगे खेलना शुरू किया जिसमें शाहबाज नदीम 123 और 11वें नबंर के खिलाड़ी राहुल शुक्ला 29 रन पर थे। टीम ने पारी घोषित करने का कोई इरादा नहीं दिखाया और उसकी अंतिम जोड़ी ने 191 रन (323 गेंद में) जोड़े जिससे टीम 203.4 ओवर में आउट हुई। यह अंतिम विकेट की भागीदारी भी पूरी पारी में सबसे बड़ी साझेदारी रही जिसमें सपाट पिच के साथ प्लेट ग्रुप में शीर्ष पर रही टीम के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की बड़ी भूमिका रही। बाएं हाथ के स्पिनर इम्लिवती लेमतुर (179 रन देकर चार विकेट) ने अंत में इस भागीदारी को तोड़ा जब नदीम ने रिवर्स स्वीप की कोशिश की लेकिन पगबाधा आउट हुए। जवाब में नगालैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट गंवाकर 130 रन बना लिए थे।

## इंग्लैंड को हराकर दक्षिण अफ्रीका ने जीत की हैट्रिक लगाई

### ● महिला विश्व कप

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

दक्षिण अफ्रीका ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत सोमवार को यहां गत चैम्पियन इंग्लैंड को तीन विकेट से हराकर आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में विजई लय जारी रखी और जीत की हैट्रिक लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मरिजाने काप (45 रन देकर पांच विकेट) के सर्वश्रेष्ठ वनडे गेंदबाजी प्रदर्शन से चार बार की चैम्पियन इंग्लैंड को नौ विकेट पर 235 रन ही बनाने दिए। फिर इसके बाद लौरा वोलवार्ट (101 गेंद में 77 रन) की मदद से अंत में मिली चुनौती से उबरते हुए यह लक्ष्य चार गेंद रहते हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान सुने लुस (36), काप (32) और ताजमीन ब्रिट्स (23) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। वोलवार्ट की पारी में आठ चौके जड़े थे। गेंद से शानदार प्रदर्शन के बाद काप ने बल्ले से भी कमाल कर दिया और टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। उन्होंने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का जमाया। टीम लक्ष्य से केवल 10 रन दूर थी, तभी आन्या श्रबसोल (34 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर काप पगबाधा आउट हो गई। इस विकेट के गिरने से इंग्लैंड को थोड़ी उम्मीद बंधी लेकिन तृषा चेट्टी (नाबाद 12 रन) और शबनीम इस्माइल (नाबाद पांच रन) ने दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचाया।


मरिजाने के पांच विकेट

## पांच युवा मुक्केबाजों को स्वर्ण

### ● एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली



**तमन्ना ( 50 किलो )** और निवेदिता कारकी (48 किलो) समेत पांच भारतीय महिला मुक्केबाजों ने जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। शाहीन (60 किलो), रवीना (63 किलो) और मुस्कान (75 किलो) ने भी अपने अपने वर्ग में पीला तमगा हासिल किया। निवेदिता ने उजबेकिस्तान की एस रखमोनोवा को 3 . 2 से हराया। वहीं तमन्ना ने उजबेकिस्तान की रोबियाखोन बखतियोरोवा को हराया। शाहीन ने मुखलिसा तोखिरोवा को और रवीना ने उजबेकिस्तान की सितोरा बाहोदिरोवा को मात दी। मुस्कान ने कजाखस्तान की ऐदासारिबारोव को हराया। रेणु (52 किलो), तनीषा लाम्बा (54 किलो), प्राची (57 किलो), प्रांजल यादव (70 किलो) और स्नेहा (81 किलो) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक पक्का कर लिया था। भारत ने सभी 12 वर्गों में पदक जीते।

## पाकिस्तान 148 पर सिमटा

**भाषा।** कराची

### ● आस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 489 रन

मिशेल स्टार्क के तीन विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन थकी हुई पाकिस्तानी टीम पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया। आस्ट्रेलिया के पहली घोषित पारी नौ विकेट पर 556 रन के जवाब में पाकिस्तानी टीम महज 148 रन के भीतर सिमट गई जो दो दिन से ज्यादा समय तक क्षेत्ररक्षण करने के बाद 53 ओवर ही खेल सकी। वर्ष 1998 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रही आस्ट्रेलियाई टीम ने फॉलो ऑन नहीं दिया और स्टंप तक 17 ओवर में एक विकेट गंवाकर 81 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 489 रन की हो गई। मार्नस लाबुशेन 37 और पहली पारी के शतकवीर उस्मान ख्वाजा 35 रन बनाकर खेल रहे थे। पाकिस्तानी पारी में सबसे बड़ी साझेदारी अंतिम विकेट के लिए नौमान अली (नाबाद 20 रन) और शाहीन अफरीदी (19 रन) के बीच 30 रन की रही। पदार्पण कर रहे मिशेल स्वेपसन ने अफरीदी को पगबाधा आउट कर टीम की पारी खत्म की। स्टार्क रावलपिंडी की निर्जीव पिच पर कोई विकेट नहीं झटक सके थे लेकिन इस बार उन्होंने बेहतरीन रिवर्स स्विंग हासिल की